SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 10 | अंक : 215 | गुवाहाटी | सोमवार, 4 मार्च, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

राणा गोस्वामी को दिया उचित सम्मान : भवेश कलिता पेज 3
पीएम मोदी 11 मार्च को करेंगे द्वारका एक्सप्रेस वे का उद्घाटन पेज 4
जेल में सड़ेंगे युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले : योगी पेज 5
जनता को माथे पर बैठाकर सेवा करती है अच्छी सरकार : मुख्यमंत्री योगी पेज 8

### चुनाव से पहले पीएम का मंत्रियों को संदेश, कहा–

## सोच-समझकर बोलें डीपफेक से बचें



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में रविवार को मंत्रिपरिषद बैठक हुई। यह बैठक करीब 8 घंटे तक चली। सूत्रों के अनुसार बैठक के दौरान पीएम ने मंत्रियों को कहा कि बोलने में परहेज करें और सोच-समझकर बोलें। पीएम ने डीपफेक से बचने यानि आवाज बदलकर आदि से जो कोशिश की जाती है। उससे सतर्क रहने की बात कही। पीएम ने कहा कि मैने राज्यसभा के सांसदों को चुनाव लड़ने को कहा था। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की झलक इस बजट में दिखनी चाहिए, जो इस बार जून में पेश होगा। पीएम ने कहा कि बोलना है तो योजनाओं पर बोले, विवादित बयानों से बचें। पीएम ने मंत्रियों को ये भी कहा कि चुनाव है, किससे मिल रहे हैं। देखकर मिले यानि मिलने-जुलने में सोच समझकर मिले। इसको लेकर शरद पवार और प्रमोद महाजन का एक उदाहरण भी दिया। इस अवसर पर पांच प्रजेंट्शन सचिवों ने दिया। मंत्री अश्विनी वैष्णव, हरदीप पुरी, किरेन रिजीजू, अर्जुन मेघवाल और पीयूष गोयल ने प्रजेंटेशन पर अपने-अपने सुझाव दिए। इसके साथ हीमंत्रिपरिषद ने विकसित भारत 2047 के विजन डॉक्यूमेंट और अगले 5 वर्षों की विस्तृत कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया। इसके साथ ही मई, 2024 में नई सरकार के गठन के बाद त्वरित कार्यान्वयन के लिए तत्काल कदमों के -शेष पृष्ठ दो पर

## एक्शन मोड में पीएम : 10 दिनों में करेंगे 12 प्रदेशों का दौरा



**नई दिल्ली।** केंद्रीय निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनाव 2024 की घोषणा किसी भी समय कर सकता है। चुनाव आयोग की घोषणा के बाद पूरे देश में आचार संहिता लागू हो जाएगी। चुनावी बिगुल बजने से पहले पीएम मोदी अगले 10 दिनों में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का दौरा करेंगे। खबरों के मुताबिक पीएम मोदी 29 कार्यक्रमों में शामिल हो सकते हैं। प्रधानमंत्री के भावी कार्यक्रमों के बारे में अधिकारियों ने बताया कि पीएम मोदी तेलंगाना, तमिलनाडु, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, जम्मू-कश्मीर, असम अरुणचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात और राजस्थान का दौरा करेंगे। पीएम मोदी राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भी एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। खबरों के मुताबिक अप्रैल-मई में होने वाले आम चुनाव-2024 से पहले प्रधानमंत्री मोदी अलग-अलग- राज्यों में लाखों करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण कर रहे हैं। सियासी पंडितों का मानना है कि पीएम मोदी अपने 10 साल के कार्यकाल में हुए विकास और भाजपा नीत सरकार के कल्याणकारी एजेंडे की तरफ जनता का ध्यान खींचने का प्रयास कर रहे हैं। सोमवार को पीएम मोदी तेलंगाना के आदिलाबाद में कई विकास परियोजनाओं का अनावरण करेंगे। अधिकारियों के मुताबिक प्रधानमंत्री आदिलाबाद में जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 5 मार्च को तेलंगाना के संगारेड्डी में भी कई परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। तेलंगाना के बाद प्रधानमंत्री तमिलनाडु के कलपक्कम में भारतीय नाभिकीय विद्युत निगम लिमिटेड (भाविनी) का दौरा करेंगे। पीएम चेन्नई में भी रैली को संबोधित करेंगे। इसके बाद ओडिशा की यात्रा पर -शेष पृष्ठ दो पर

## भाजपा ने असम लोकसभा क्षेत्रों के नाम की सूची में संशोधन किया



**नई दिल्ली (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी ने अपनी सूची में असम से जुड़ी सीटों के नामों में संशोधन जारी किया है। भाजपा ने राज्य की 14 लोकसभा सीटों में से 11 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की थी। इसमें मंगलदै और कलियाबर सीटें भी शामिल थीं। यह दोनों सीटें हाल ही में हुए परिसिमन के बाद अब लोकसभा क्षेत्र नहीं हैं। भाजपा ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर जारी करते हुए कहा कि असम राज्य के -शेष पृष्ठ दो पर

## यदि सिलेबस से बाहर पूछे गए प्रश्न तो मिलेंगे पूरे मार्क्स : शिक्षामंत्री



**गुवाहाटी।** असम के शिक्षा मंत्री डॉ रनोज पेगु ने कक्षा 10वीं के छात्रों को राहत देते हुए एक अच्छी खबर दी है। उन्होंने कहा कक्षा 10वीं की गणित की परीक्षा में अगर प्रश्न सिलेबस से बाहर से पूछे जाते हैं, तो सभी छात्रों को परीक्षा में पूरे अंक दिए जाएंगे। चाहे किसी छात्र ने उस प्रश्न को हल किया हो या नहीं। आपको बता दें, राज्य में बोर्ड परीक्षा चल रही है, ऐसे में राज्य के कुछ हिस्सों में छात्रों ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि गणित के पेपर में कुछ प्रश्न सिलेबस से बाहर से पूछे गए थे और उन्हें अपनी गलती के बिना 100 में से कम से कम 25 अंक गंवाने पड़ सकते हैं। वहीं छात्रों की ओर से लगाया गया ये आरोप सही साबित होता है तो सभी छात्रों को पूरे अंक दिए जाएंगे। इस मुद्दे पर मीडिया को संबोधित करते हुए पेगु ने कहा कि विभागीय जांच शुरू कर दी गई है और रिपोर्ट मिलने के बाद अंतिम निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि माध्यमिक -शेष पृष्ठ दो पर

door graph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## राज्य में नशा विरोधी अभियान के लिए 2023 रहा सबसे सफल वर्ष : मुख्यमंत्री



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि नशीली दवाओं के खिलाफ अभियानों के मामले में 2023 राज्य के लिए सबसे सफल वर्ष था। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अवधि के दौरान 4,700 गिरफ्तारियों में से 718 करोड़ रुपए की दवाएं जब्त की गईं। शर्मा ने एक्स पर लिखा कि मोदी सरकार ड्रग्सफ्रीभारत बनाने के लिए संपूर्ण सरकारी दृष्टिकोण अपना रही है। उन्होंने कहा कि 2023 में, असम पुलिस ने 718 करोड़ रुपए की दवाएं जब्त कीं और 4,700 से अधिक ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया, जिससे यह राज्य में नशीली दवाओं के विरोधी अभियानों के लिए सबसे सफल वर्ष बन गया। शर्मा ने नशीली दवाओं के खिलाफ युद्ध में केंद्र सरकार द्वारा उठाए जा रहे विभिन्न कदमों पर एक वीडियो भी साझा किया। इस बीच, गुवाहाटी में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया -शेष पृष्ठ दो पर

सुप्रभात
सुख का आधार धर्म है।
- आचार्य चाणक्य

## राष्ट्र निर्माण के लिए दान अभियान में पीएम ने दिए 2000 रुपए

### लोगों से भी किया योगदान देने का आग्रह



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी के *राष्ट्र निर्माण के लिए दान* अभियान के तहत पार्टी फंड के रूप में भाजपा को 2,000 रुपए का योगदान दिया। इसी के साथ पीएम मोदी ने सभी से राष्ट्र निर्माण के लिए दान अभियान का हिस्सा बनने का आग्रह किया। बता दें, भाजपा के चंदा अभियान की शुरुआत 1 मार्च को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने की थी। उन्होंने पार्टी को 1,000 रुपए का योगदान दिया था। पीएम मोदी ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर राष्ट्र निर्माण के लिए दिए गए योगदान के रसीद की तस्वीर साझा की। इसके साथ उन्होंने लिखा कि मुझे इसमें योगदान देकर खुशी हो रही है ड्डबीजेपी4इंडिया, और एक विकसित भारत के निर्माण के हमारे प्रयासों को मजबूत करें। उन्होंने आगे लिखा कि मैं सभी से नमो एप के माध्यम से *राष्ट्र निर्माण के लिए दान अभियान* का हिस्सा बनने का भी आग्रह करता हूं! चुनाव आयोग के आंकड़ों से पता चला है कि भाजपा वित्तीय वर्ष 2022-2023 में 719 करोड़ रुपए की फंडिंग इकट्ठा किया था। पिछले वर्ष की तुलना में ये 17 प्रतिशत अधिक था। 2021-2022 में पार्टी को 614 करोड़ रुपए का चंदा मिला था। वहीं विपक्षी पार्टी कांग्रेस की बात करें तो वित्त वर्ष 2022-2023 में कांग्रेस को 95.4 करोड़ रुपए चंदा मिला था, जो वित्त वर्ष 2021-2022 में घटकर 79 करोड़ रुपए रह गया है।

## न्यूज गैलरी

### असम सरकार ने विधवाओं के लिए वित्तीय सहायता की घोषणा की

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने 3 मार्च को राज्य में उन विधवाओं को समर्थन देने के लिए वित्तीय सहायता योजनाओं की घोषणा की जो ओरुनोडोई योजना के दायरे में नहीं आती हैं। विधवाओं के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने की पहल में, सीएम शर्मा ने भारत गांधी राष्ट्रीय विधवा योजना के तहत प्रति -शेष पृष्ठ दो पर

### हथियार लूट : सीबीआई ने सात लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किए

**नई दिल्ली / इंफाल।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मणिपुर जातीय हिंसा के दौरान बिष्णुपुर पुलिस शस्त्रागार से हथियार और गोला-बारूद की लूट के मामले में सात आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। सीबीआई ने हाल में असम के गुवाहाटी में कामरूप (मेट्रोपोलिटन) में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत के समक्ष अपना आरोप पत्र दाखिल -शेष पृष्ठ दो पर

## त्रिपक्षीय समझौते की टिपरा मोथा प्रमुख ने की सराहना



**अगरतला।** त्रिपुरा के आदिवासियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए त्रिपक्षीय समझौते की सराहना करते हुए टिपरा मोथा के प्रमुख प्रद्योत किशोर माणिक्य देबबर्मा ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक घटना है, इससे त्रिपुरा के आदिवासी लोगों का भविष्य सुरक्षित होगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सफलता की कुंजी जमीन पर समझौते के कार्यान्वयन में निहित है। पूर्वोत्तर राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी टिपरा मोथा ने आदिवासी लोगों के समाने आने वाले मुद्दों के समाधान के लिए केंद्र और राज्य सरकार के साथ त्रिपक्षीय -शेष पृष्ठ दो पर

### आंध्र में ट्रेन हादसे पर रेल मंत्री ने किया खुलासा, कहा–

## फोन पर क्रिकेट मैच देख रहा था ड्राइवर



**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को दावा किया कि 29 अक्तूबर 2023 को आंध्र प्रदेश में जब दो यात्री रेलगाड़ियों की टक्कर हुई, तो उस समय एक ट्रेन का लोको पायलट और सहायक लोको पायलट मोबाइल फोन पर क्रिकेट मैच देख रहे थे। नए सुरक्षा उपायों के बारे में बात करते हुए उन्होंने इस दुर्घटना का जिक्र किया। आंध्र प्रदेश के विजयनगरम जिले के कंटाकापल्ली में हावड़ा-चेन्नई मार्ग पर रायगड़ा पैसेजर ट्रेन ने विशाखापत्तनम पलासा ट्रेन को पीछे से टक्कर मार दी थी। इस दुर्घटन जिसमें 14 लोगों की मौत हो गई थी और 50 से अधिक यात्री घायल हुए थे। रेल मंत्री ने बताया कि आंध्र प्रदेश में यह दुर्घटना इस कारण हुई, क्योंकि लोको पायलट और सह-पायलट दोनों का ध्यान क्रिकेट मैच की वजह से भटक गया था। हम ऐसी प्रणाली स्थापित कर रहे हैं जो यह सुनिश्चित कर सकती है कि पायलट और -शेष पृष्ठ दो पर

## दुमका में स्पेनिस टूरिस्ट गैंगरेप मामले में गिरफ्तार तीन आरोपि को जेल

### फरार चार की पकड़ने के लिए छापेमारी



**दुमका (हि.स.)।** स्पेन के विदेशी टूरिस्ट बाइक राइडर दंपति से मारपीट, लूट और महिला से गैंगरेप मामले में हंसडीहा पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपितों में राजन मरांडी, प्रदीप किस्कू एवं सुखलाल हेम्ब्रम शामिल हैं। सभी की गिरफ्तारी एक ही घर से सोए अवस्था में हुई। पुलिस ने मामले में थाना कांड संख्या 18/24 के तहत भादवी की धारा 395 एवं 376 डी के तहत -शेष पृष्ठ दो पर

## अब 6 मार्च को दिल्ली कूच करेंगे किसान, 10 मार्च को देशभर में रोकी जाएंगी रेलगाड़ियां



**चंडीगढ़ (हि.स.)।** शंभू व खनौरी बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे किसानों ने अब 6 मार्च को दिल्ली कूच व 10 मार्च को देशभर में चार घंटे के लिए रेलवे ट्रैक जाम करने का ऐलान किया है। यह जानकारी रविवार को किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने दी। किसान नेता सरवण सिंह पंधेर खनौरी बॉर्डर पर मारे गए किसान शुभकरण की अंतिम अरदास के बाद यहां पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देशभर के किसानों को ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की बजाए रेलगाड़ियों, बसों तथा अन्य साधनों से 6 मार्च तक दिल्ली पहुंचने का आहवान किया गया है। शंभू, खनौरी व अन्य स्थानों पर धरना दे रहे किसान भी 6 मार्च को दिल्ली कूच करेंगे। पंधेर ने कहा कि दिल्ली कूच को लेकर रणनीति बनाई जा रही है। हरियाणा-पंजाब को छोड़कर दूसरे राज्यों के किसान अपने-अपने तरीके से दिल्ली पहुंचे। चाहे वे ट्रेन से आए या फिर पैदल आए। वे सभी दिल्ली के लिए कूच करें। उन्होंने कहा कि इससे सरकार की मंशा साफ हो जाएगी कि क्या वह किसानों को बिना ट्रैक्टर ट्रॉली -शेष पृष्ठ दो पर

## महिलाओं की सुरक्षा एवं अधिकारों को सुनिश्चित करता है यूसीसी : बांसुरी स्वराज



**नई दिल्ली (हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता एवं दिल्ली भाजपा की सचिव बांसुरी स्वराज ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को महिलाओं की सुरक्षा एवं अधिकारों को सुनिश्चित करने वाला बहुप्रतीक्षित कानून बताया है। उन्होंने कहा कि बाबासाहब डॉ. अंबेडकर ने भी पूर्व में इस कानून को लागू करने की अनुशंसा की थी। बांसुरी स्वराज शनिवार रात जेएनयू के पेरियार मेस परिसर में *समान नागरिक संहिता : लैंगिक न्याय, समानता और बंधुत्व की आवश्यकता* विषय पर मेस टॉक को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं। इसका आयोजन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने किया था। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जेएनयू में सेंटर फॉर कोम्प्रेहेंसिव पॉलिटिक्स एंड पोलिटिकल थ्योरी के सहायक प्राध्यापक डॉ. रवि रमेशचंद्र शुक्ला मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जेएनयू के स्पेशल सेंटर फॉर नेशनल सिक्योरिटी स्टडीज की सहायक प्राध्यापक डॉ. आयुषी केतकर ने की। स्वराज ने कहा कि समान नागरिक संहिता -शेष पृष्ठ दो पर

CLASSIFIED

For all kinds of classified advertisements please contact
97070-14771
86382-00107

MURTI AVAILABLE
Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc.
ARTCLE WORLD, S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01,
Ph. : 94350-48866, 94018-06952

# अमेरिका में भाजपा समर्थकों ने लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान शुरू किया




**वाशिंगटन।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आगामी लोकसभा चुनाव के लिए 195 उम्मीदवारों की पहली सूची की घोषणा करने पर अमेरिका में रह रहे उसके समर्थकों ने चुनाव में 400 सीट जीतने के लक्ष्यों की ओर योगदान देने और स्वयंसेवा करने का संकल्प लेते हुए अपना 2024 का प्रचार अभियान शुरू किया है। भाजपा ने शनिवार को 195 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की जिनमें से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वाराणसी समेत 51 सीट उत्तर प्रदेश से हैं। ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (ओएफभाजपा), यूएसए के अध्यक्ष अदापा प्रसाद ने वाशिंगटन डीसी के मैरीलैंड उपनगर में शनिवार को चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करने के बाद कहा कि भारतीय प्रवासी समुदाय भारत में भाजपा को समर्थन देने जा रहा है। इस कार्यक्रम में ओएफबीजेपी के करीब 100 कोर सदस्य शामिल हुए। भारत में लोकसभा के 543 सदस्यों को चुनने के लिए अप्रैल और मई 2024 के बीच आम चुनाव प्रस्तावित हैं। भारतीय-अमेरिकियों ने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, जम्मू-कश्मीर, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना समेत विभिन्न भारतीय राज्यों में मामलों के उनके विश्लेषण पर प्रस्तुतियां दीं। अभी तक 3,000 से अधिक स्वयंसेवियों ने ओएफबीजेपी द्वारा समन्वित विभिन्न चुनाव संबंधी गतिविधियों के लिए हस्ताक्षर किए हैं।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री हर्षवर्धन ने की राजनीति से संन्यास की घोषणा



**नई दिल्ली (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा की है। हाल ही में भाजपा की ओर से जारी उम्मीदवारों की सूची में चांदनी चौक से उनके स्थान पर प्रवीण खंडेलवाल को टिकट दिया गया है। प्रधानमंत्री मोदी की वापसी की शुभकामनाओं के साथ उन्होंने इस बात पर हर्ष व्यक्त किया कि उन्हें उनके साथ काम करने का अवसर मिला। साथ ही उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं, प्रशंसकों और आम नागरिकों के साथ-साथ पार्टी के नेताओं को धन्यवाद दिया। एक सोशल मीडिया पोस्ट में अपने कैरियर का उल्लेख करते हुए उन्होंने अपनी जड़ों से दोबारा जुड़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि कृष्ण नगर में मेरा ईएनटी क्लीनिक भी मेरी वापसी का इंतजार कर रहा है। उन्होंने कहा कि वे तंबाकू और मादक द्रव्यों के सेवन के खिलाफ, जलवायु परिवर्तन और सरल व टिकाऊ जीवन शैली सिखाने के लिए काम करेंगे। अपने तीस साल से अधिक के करियर का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इन तीस सालों में पांच विधानसभा और दो संसदीय चुनाव लड़े और अनुकरणीय अंतर से जीते और पार्टी संगठन तथा राज्य और केंद्र की सरकारों में कई प्रतिष्ठित पदों पर काम किया। उन्होंने कहा कि संघ के कहने पर वे राजनीति में आए थे। वे (संघ) मुझे केवल इसलिए मना सके क्योंकि मेरे लिए राजनीति का मतलब हमारे तीन मुख्य शत्रुओं - गरीबी, बीमारी और अज्ञानता से लड़ने का अवसर था। डॉ हर्षवर्धन ने कहा कि दिल से एक स्वयंसेवक, मैं हमेशा पंक्ति में अंतिम व्यक्ति की सेवा करने के प्रयास के दीन दयाल उपाध्याय के अंत्योदय दर्शन का उत्साही प्रशंसक रहा हूं।

# तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से किशोर की मौत

**लखीमपुर (हिंस)।** जिले के ढकुवाखाना सोनारी चापरी के बांसपरा में एक तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से एक किशोर की मौत हो गई। पुलिस ने आज बताया कि सुबह माजुली की दिशा से आ रहे यामाहा एफजेड बाइक (एएस 29-4587) की सामने से साइकिल पर आ रहे जीतुल दिहिंगिया (12) की टक्कर हो गई। स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और किशोर को ढाकुवाखाना सिविल अस्पताल पहुंचाया लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से सीखें जीने की राहः मुख्यमंत्री डॉ यादव

**भोपाल (हि.स.)।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि भगवान कृष्ण के जीवन से हम सभी को जीवन जीने की राह सीखनी चाहिए। जन्म के पूर्व माता-पिता का जेल में होना, भाई-बहनों की हत्या होना, जन्म के बाद ही उफनती जमुना नदी पार करना, माँ के आंचल से दूर हो जाना जैसी विषम परिस्थितियों में भी भगवान श्री कृष्ण ने विश्व के सामने पूरे सम्मान और गरिमा के साथ जीवन जीने का उदाहरण रखा है। मुख्यमंत्री डॉ यादव रविवार को लखनऊ के गुदौरा मैदान में यादव महाकुंभ को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति में भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण ने मर्यादा के अंदर जीवन जीना सिखाया है। हम सभी को उनके द्वारा स्थापित उच्च आदर्शों का अपने जीवन में पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपने जीवन में आई हर मुसीबत और परीक्षा का निडर होकर सामना किया और सफल हुए। भगवान ने अपने जीवन काल में लगातार संघर्ष करते हुए समाज को धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने यादव समाज के सभी बंधुओं और उत्तर प्रदेश के आमजनों को मध्यप्रदेश आने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्थित भगवान श्री राम और भगवान श्री कृष्ण से संबंधित सभी स्थानों को तीर्थ के रूप में विकसित किया जाएगा। भगवान श्री कृष्ण की शिक्षा स्थली उज्जैन, रुक्मिणी हरण स्थल अमझेरा, भगवान श्रीकृष्ण की बदनावर और श्रीकृष्ण एवं सुदामा का मैत्री स्थल स्वर्णगिरी पर्वत के साथ भगवान श्रीराम की पवित्र नगरी चित्रकूट को तीर्थ के रूप में विकसित किया जाएगा।

# मणिपुर पुलिस ने 217 लोगों को लिया हिरासत में

**इंफाल (हिंस)।** मणिपुर पुलिस ने राज्य के विभिन्न जिलों के संवेदनशील तथा दुर्गम इलाकों में सघन छापामारी तथा तलाशी अभियान चलाया। अभियान में भारतीय न्याय संहिता की अलग-अलग धाराओं के उल्लंघन के सिलसिले में 217 लोगों को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने आज बताया कि आवश्यक वस्तुओं के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 37 पर 344 तथा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 2 पर 266 वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित की गई है।

# छत्तीसगढ़ के कांकेर में मुठभेड़, एक नक्सली ढेर, एक जवान बलिदान



**कांकेर (हि.स.)।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में रविवार सुबह मुठभेड़ में एक वर्दीधारी पुरुष नक्सली मारा गया, जबकि बस्तर फाइटर्स का एक जवान आरक्षक रमेश कुरेठी गोली लगने से बलिदान हो गया। कांकेर के पुलिस अधीक्षक इंदिरा कल्याण एलसेला ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि जिले के थाना छोटेबेठिया क्षेत्र के हिदूर वनक्षेत्र में बड़े नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर बीएसएफ, डीआरजी और बस्तर फाइटर्स का संयुक्त बल नक्सल उन्मूलन अभियान पर सुबह रवाना किया गया था। अभियान के दौरान सुबह 08 बजे हिदूर वनक्षेत्र में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हो गई। लगभग एक घंटे तक चली मुठभेड़ में वर्दीधारी एक पुरुष नक्सली मारा गया। मारे गए नक्सली का शव मौके से बरामद कर लिया गया है, साथ ही एक नग एके-47 रायफल भी बरामद किया गया है। जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली मौके से भाग खड़े हुए। मुठभेड़ स्थल के आसपास सर्चिंग अभियान जारी है। इस मुठभेड़ में बस्तर फाइटर्स का एक जवान आरक्षक रमेश कुरेठी गोली लगने से बलिदान हो गया है।

# नोएडा में छत्त से गिरी ग्रिल दो लोगों की मौके पर मौत



**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के एक मॉल में लोगों के ऊपर मलबा गिरने से बड़ा हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार, ब्लू सफायर मॉल की छत से ग्रिल गिरने से दो लोगों की मौके पर मौत हो गई जबकि कई लोग घायल हैं। पीड़ितों की पहचान हरेंद्र भाटी और शकील के रूप में हुई, जिनकी उम्र 35 वर्ष थी। छत की ग्रिल गिरने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। दोनों गाजियाबाद के रहने वाले थे। इस घटना से मॉल जाने वालों में दहशत फैल गई है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और कर्मी फिलहाल घटनास्थल पर मौजूद हैं। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# उत्तराखंड के हिमालयी क्षेत्रों ने ओढ़ी बर्फ की चादर, बारिश और बर्फबारी जारी

**देहरादून (हि.स.)।** हिमालय की चोटियों पर शुरू हुई बर्फबारी का क्रम रविवार सायं को भी जारी रहा। चारधाम धाम, हेमकुंड,चकराता समेत उच्च हिमालयी क्षेत्रों ने बर्फ की मोटी चादरें ओढ़ ली हैं। देहरादून एवं मसूरी सहित निचले पहाड़ी इलाकों में भी रुक-रुककर बारिश हो रही है। बर्फबारी और बारिश से राज्य में एक बार फिर ठंडक लौट आई है। मौसम विभाग ने पांच जनपदों में आज के लिए भारी बर्फबारी की संभावना जतायी है जबकि सोमवार से मौसम साफ रहने के आसार हैं। प्रदेश में बर्फबारी और बारिश के चलते दो राष्ट्रीय राजमार्ग, दो बॉर्डर एवं दो राज्य मार्ग और 22 ग्रामीण मोटर मार्ग बाधित हैं जिन्हें खोलने कार्य जारी है। देहरादून में रविवार सुबह लेकर देर सायं तक रुक-रुक तेज बारिश की बौछारें गिर रही हैं। रविवार को अवकाश का दिन होने के बावजूद लोग सुबह से घरों से बाहर नहीं निकले। देहरादून के डोईवाला, ऋषिकेश, विकासनगर, कालसी, त्यूणी और उप तहसील मसूरी में हल्की बारिश हो रही है। केदारनाथ धाम में ढाई फीट से अधिक बर्फ जम गई है। धाम जारी में पिछले एक सप्ताह से बर्फबारी का दौर रविवार को भी जारी रहा। केदारनाथ धाम के साथ ही पवालीकांठा, मध्यमेश्वर, तुंगनाथ, चोपता, चंद्रशिला आदि क्षेत्रों में बर्फबारी हुई। चमोली में बद्रीनाथ धाम,उत्तरकाशी में बर्फबारी और बारिश हो रही है। कुमाऊं के बागेश्वर जिले और अल्मोढ़ा में हल्की बारिश और उच्च हिमालयी क्षेत्रों में बर्फबारी हो रही है। ग्रामीण इलाकों में काश्तकार वर्षा होने से खुश हैं। 3,000 हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी जारी रहने की संभावना है। लगातार हो रही बर्फबारी के बाद चमोली के औली, हर्षिल, गौरसों, चोपता, तुंगनाथ आदि स्थलों पर पर्यटकों की आमद बढ़ गई है। मौसम विभाग की ओर से रविवार को जारी पूर्वानुमान में उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, पिथौरागढ़, बागेश्वर जनपदों में 3000 हजार व उससे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में कहीं कहीं भारी बर्फबारी की संभावना है। टिहरी, पौड़ी, देहरादून, अल्मोड़ा, चम्पावत, हरिद्वार, नैनीताल एवं ऊधम सिंह नगर जनपदों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने के साथ ही ओलावृष्टि की संभावना है। इस दौरान तेज वर्षा हो सकती है। इसे देखते हुए जनपदों में आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। राज्य में सोमवार से मौसम साफ होने की उम्मीद है। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के निदेशक बिक्रम सिंह का कहना है कि ढाई हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी जारी रहने की संभावना है। अन्य पहाड़ी जनपदों में भी वर्षा का दौर जारी रहेगी। सोमवार से प्रदेश का मौसम साफ रहने के आसार हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार चमोली जिले में ऋषिकेश-बद्रीनाथ एनएच-58 पागल नाला के पास बोल्डर आने से अवरुद्ध है। अब हनुमान चट्टी तक यातायात सुचारू है। एक जेसीबी से मार्ग को खोले जाने की कार्यवाही की जा रही है। मण्डल-चोपता राष्ट्रीय राजमार्ग 107ए यातायात सुचारू है। तहसील-गैरसैंण में 33 केवी विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त होने से 90 ग्रामों में विद्युत व्यवस्था बाधित है, जिसे वर्तमान में सुचारू कर दिया गया है। बद्रीनाथ और माणा में भी विद्युत आपूर्ति बाधित है। वर्तमान में बारिश और बराबरी के कारण कार्य नहीं हो पा रहा है। जनपद में पेयजल आपूर्ति सुचारु हैं। उत्तरकाशी जिले के ऋषिकेश-गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-108)-झाला सुक्की टाप से गंगोत्री तक बर्फबारी के कारण मार्ग अवरुद्ध है। बीआरओ की ओर से 02 व्हील लोडर, 01 डोजर, 01 जे.सी.बी. तथा (25-30) मजदूरों द्वारा बर्फ हटाने का कार्य गतिमान है। ऋषिकेश-यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-94), चिन्यालीसौड़-सुवाखोली-मसूरी मार्ग, लम्बगांव मुख्य जिला मार्ग-यातायात के लिए सुचारू है। जनपद में 04 ग्रामीण मोटर मार्ग बर्फबारी के कारण यातायात के बाधित है। तहसील-भटवाड़ी अन्तर्गत बर्फबारी के कारण 11 केवी विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त होने से हर्षिल, मुखवा, धराली व गंगोत्री क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित है। टिहरी जिले में सभी राष्ट्रीय राजमार्ग विद्युत

## पृष्ठ एक का शेष

### सोच-समझकर बोलें ...

लिए 100-दिवसीय एजेंडे पर भी काम किया गया। विकसित भारत का रोडमैप 2 साल से अधिक की गहन तैयारी का परिणाम है। इसमें सभी मंत्रालयों और राज्य सरकारों, शिक्षाविदों, उद्योग निकायों, नागरिक समाज, वैज्ञानिक संगठनों के साथ व्यापक परामर्श और युवाओं को उनके विचार, सुझाव और इनपुट प्राप्त करने के लिए संगठित करने के लिए एक संपूर्ण सरकारी दृष्टिकोण शामिल था। बता दें कि विभिन्न स्तरों पर 2700 से अधिक बैठकें, कार्यशालाएं और सेमिनार आयोजित किए गए। 20 लाख से अधिक युवाओं के सुझाव प्राप्त हुए। विकसित भारत के रोडमैप में स्पष्ट रूप से व्यक्त राष्ट्रीय दृष्टि, आकांक्षाएं, लक्ष्य और कार्य बिंदुओं के साथ एक व्यापक खाका है। इसके लक्ष्यों में आर्थिक विकास, एसडीजी, जीवन-यापन में आसानी, व्यापार करने में आसानी, बुनियादी ढांचा, सामाजिक कल्याण आदि जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

### एक्शन मोड में ...

जाने का कार्यक्रम है। हजारों करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की सौगात देने के बाद पीएम मोदी एक कार्यक्रम को भी संबोधित करेंगे। पीएम मोदी ओडिशा के चंडीखोल में भी जनसभा को संबोधित करेंगे। ओडिशा के बाद प्रधानमंत्री पश्चिम बंगाल दौरे पर रवाना हो जाएंगे। छह मार्च को पीएम मोदी कोलकाता में विकास परियोजनाओं का अनावरण करेंगे। बारासात में जनसभा को संबोधित करने की योजना है। अधिकारियों ने बताया कि पश्चिम बंगाल के बाद पीएम मोदी बिहार जाएंगे। पीएम मोदी बेतिया में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे। बिहार के बाद प्रधानमंत्री 7 मार्च को जम्मू-कश्मीर का दौरा करेंगे। इसी दिन शाम को दिल्ली लौटने की योजना है। एक मीडिया कार्यक्रम में भाग लेने के बाद पीएम मोदी राष्ट्रीय राजधानी में पहले राष्ट्रीय रचनाकार पुरस्कार में भाग लेंगे। 8 मार्च की शाम पीएम मोदी असम रवाना होंगे। प्रधानमंत्री मोदी असम के जोरहाट में प्रसिद्ध अहोम सेना कमांडर लाचित बरफुकन की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि पीएम मोदी जोरहाट में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे। असम के बाद पीएम मोदी अरुणाचल प्रदेश के पश्चिम कामेंग में सेला सुरंग का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी राजधानी ईटानगर में कई विकास परियोजनाओं का अनावरण भी करेंगे। इसके बाद पीएम मोदी पश्चिम बंगाल का भी दौरा करेंगे। सिलीगुड़ी में विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करने का भी कार्यक्रम है। अधिकारियों के मुताबिक 10 मार्च को पीएम मोदी उत्तर प्रदेश में होंगे। प्रधानमंत्री आजमगढ़ में विभिन्न परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे। 11 मार्च को पीएम मोदी दिल्ली में *नमो ड्रोन दीदी* और *लखपति दीदी* कार्यक्रम से जुड़े एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद पीएम मोदी द्वारका एक्सप्रेस-वे के हरियाणा खंड का उद्घाटन करेंगे। इसी दिन शाम को प्रधानमंत्री मोदी रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के एक कार्यक्रम में भी भाग लेंगे। 12 मार्च को पीएम मोदी गुजरात के साबरमती और राजस्थान के पोखरण का दौरा करेंगे। 13 मार्च को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए गुजरात और असम में तीन महत्वपूर्ण सेमीकंडक्टर परियोजनाओं की आधारशिला रखने की योजना है। समाज के वंचित वर्गों से संपर्क साधने के लिए पीएम मोदी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से ही एक आउटरीच कार्यक्रम में भी शामिल होंगे।

### भाजपा ने असम ...

उम्मीदवारों की सूची में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र की संख्या और नाम को सही किया गया है। नई संशोधित सूची में लोकसभा क्षेत्र दारंग उदालगुरी से दिलीप सैकिया, डीफू (एसटी) क्षेत्र से अमर सिंह तिस्सो, करीमगंज क्षेत्र से कृपानाथ मल्लाह, काजीरंगा क्षेत्र से कामाख्या प्रसाद तासा, शोणितपुर क्षेत्र से रंजित दत्ता उम्मीदवार होंगे। इसके अलावा गुवाहाटी लोकसभा क्षेत्र से बिजुली कलिता मेधी, लखीमपुर से प्रदान बरुआ, सिलचर (एससी) से परिमल शुक्लाबैद्य, डिब्रूगढ़ से सर्वानंद सोनोवाल, नौगांव से सुरेश बोरा और जोरहाट लोकसभा क्षेत्र से तोपोन कुमार गोगोई उम्मीदवार होंगे।

### यदि सिलेबस से ...

शिक्षा बोर्ड असम (एसईबीए) को मामले की जांच करने का निर्देश दिया गया है। यदि आरोप सही हैं, तो प्रत्येक छात्र को ये 25 अंक मिलेंगे। कक्षा 10वीं की फाइनल परीक्षा है, जिसे हाईस्कूल लीविंग सर्टिफिकेट (एचएसएलसी) के रूप में भी जाना जाता है, असम में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, असम (एसईबीए) द्वारा आयोजित की जाती है। परीक्षा 16 फरवरी से शुरू हुई थी, जिसमें राज्य भर से कुल 4,25,965 छात्र बैठे हैं। आपको बता दें, परीक्षा के पहले दिन कछार जिले से प्रश्नपत्र लीक होने का मामला सामने आया था। परीक्षा शुरू होने के कुछ मिनट बाद *जनरल इंग्लिश* विषय का प्रश्न पत्र व्हाट्सएप पर सर्कुलेट होता पाया गया। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रश्न पत्र कछार के नेनामिया स्कूल से लीक हुआ था। वहीं इस मामले में अभी तक असम पुलिस ने एक शिक्षक समेत चार लोगों को हिरासत में ले लिया है।

### राज्य में नशा विरोधी...

और उनके कब्जे से 500 ग्राम हेरोइन बरामद की गई, शर्मा ने एक्स पर एक अन्य पोस्ट में कहा। इस ऑपरेशन को राज्य पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने अंजाम दिया। शर्मा ने कहा कि गुवाहाटी में कड़ी मशक्कत के बाद दो लोगों को एसटीएफ ने पकड़ लिया। सीएम ने कहा कि उनके परिसरों की तलाशी और जब्ती की गई और 500 ग्राम वजन वाली हेरोइन के 34 साबुन के डिब्बे बरामद किए गए।

### त्रिपक्षीय समझौते की ...

समझौते पर हस्ताक्षर किए। शनिवार को दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में इस पर हस्ताक्षर किए गए। टिपरा मोथा के प्रमुख देबबर्मा ने कहा कि हालांकि पहले त्रिपुरा नेशनल वालंटियर्स (टीएनवी), ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स (एटीटीएफ), नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) और इंडिजिनस पीपुल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (आईपीएफटी) जैसे कई समूहों के साथ कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए थे। वे सभी ठोस नतीजें देने में असफल रहे। उन्होंने समझौते को ईमानदारी, धैर्य और मानवता के साथ लागू करने के महत्व पर जोर दिया। प्रद्योत किशोर माणिक्य देबबर्मा ने कहा कि हम संयुक्त कार्य समिति में शिक्षाविदों, कानून और राज्य के भूमि अधिकारों, इतिहास, संस्कृति और भाषा पर पकड़ वाले लोगों को चाहते हैं। देबबर्मा ने 75 साल पहले की तुलना में भूमि पर आदिवासी लोगों के पकड़ में गिरावट पर प्रकाश डाला और ग्रामीण निवासियों के लिए भूमि अधिकारों, बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं की बहाली का आग्रह किया।

### फोन पर क्रिकेट ...

सहायक पायलट का ध्यान पूरी तरह से ट्रेन चलाने पर रहे। हम हर घटना का मूल कारण जानने का प्रयास करते हैं ताकि इसकी पुनरावृत्ति न हो। रेलवे सुरक्षा आयुक्तों (सीआरएस) की जांच रिपोर्ट अभी तक सार्वजनिक नहीं की गई है। हालांकि, घटना के एक दिन बाद प्रारंभिक रेलवे जांच के हवाले से कहा गया था कि ट्रेन हादसे के लिए रायगड़ा यात्री गाड़ी के लोको पायलट और सहायक लोको पायलट जिम्मेदार हैं तय नियमों का उल्लंघन किया। इस हादसे में चालक दल के दोनों सदस्यों की मौत हो गई थी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत आने वाले वर्षों में नयी पीढ़ी की कम से कम 1,000 अमृत भारत ट्रेन का निर्माण करेगा। 250 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलने वाली ट्रेन बनाने का काम जारी है। वैष्णव ने यह भी कहा कि रेलवे ने पहले ही वंदे भारत ट्रेनों के निर्यात पर काम करना शुरू कर दिया है और आने वाले पांच वर्षों में देश द्वारा पहला निर्यात किये जाने की उम्मीद है। नरेंद्र मोदी नीत सरकार के पिछले 10 वर्षों में रेलवे द्वारा की गई परिवर्तनकारी पहलों पर उन्होंने कहा कि दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल-चिनाब पुल और कोलकाता मेट्रो के लिए नदी के नीचे पहली जल सुरंग रेल क्षेत्र में कुछ महत्वपूर्ण तकनीकी प्रगति है। वैष्णव ने कहा कि हमने अमृत भारत ट्रेन को डिजाइन किया है। इस विश्व स्तरीय ट्रेन के जरिये केवल 454 रुपए के खर्च पर 1,000 किलोमीटर की यात्रा की जा सकती है। वहीं वंदे भारत युवाओं के बीच लोकप्रिय है।

### दुमका में स्पेनिस ...

आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी सार्थक शर्मा के न्यायालय में पेश किया। कोर्ट ने तीनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार के नेतृत्व में न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी सार्थक शर्मा के समक्ष पीड़ित दम्पति का 164 का बयान दर्ज हुआ। इधर, हंसडीहा थाना क्षेत्र के कुरुमाहाट के कांजो गांव घटना स्थल पर स्पेशल ब्रांच, फॉरेंसिक टीम एवं सीआईडी की टीम जांच-पड़ताल कर रही है। न्यायालय में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विश्वनाथ भगत समेत अन्य न्यायाधीश के समक्ष अपराधियों का पहचान परेड हुआ। न्यायिक प्रक्रिया तेजी से पूरी हो रही है। फॉरेंसिक टीम ने सभी रिपोर्ट न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की है। दंपति के पति से न्यायालय परिसर में बने वर्चुअल प्लेटफार्म के माध्यम से ब्राजील एवं स्पेन की एम्बेसी से ऑनलाइन बात कराया गया। हालांकि, पुलिस की पकड़ से अब भी चार अपराधी दूर हैं। सभी आरोपित शादीशुदा हैं। एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार ने बताया कि एसआईटी की दो टीमें गठित की गई हैं। एक टीम अनुसंधान एवं दूसरी टीम गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी कर रही है। फरार आरोपितों को गिरफ्तार करने में पुलिस जल्द सफल होगी। अनुसंधान के दौरान विदेशी दंपति से लूटी गई घड़ी, चांदी के विदेशी सिक्के एवं बांग्लादेश का डॉलर घटनास्थल से बरामद हुए हैं। उल्लेखनीय है कि पीड़ित दम्पति बाइक से विश्व भ्रमण पर निकले हैं। महिला के पास ब्राजील और स्पेन की दोहरी नागरिकता है जबकि पुरुष स्पेनिश है। दोनों स्पेन के पासपोर्ट पर भारत आए हैं। बांग्लादेश से भारत में प्रवेश करने के बाद दुमका के रास्ते नेपाल जा रहे थे। शुक्रवार की शाम हंसडीहा थाना क्षेत्र के कुरमाहाट में टेंट लगाकर रात्रि विश्राम करने लगे। इसी बीच सात बदमाशों ने टेंट में घुसकर पति को बांध दिया और महिला को टेंट से बाहर ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इतना ही नहीं आरोपितों ने दंपति के साथ मारपीट की और विदेशी मुद्रा लूट लिया। शुक्रवार की देर रात गश्त पर निकली हंसडीहा थाना पुलिस ने उन्हें स ?क किनारे देखा और महिला को अस्पताल में भर्ती कराया।

### अब 6 मार्च को ...

के दिल्ली आने देगी। हरियाणा-पंजाब के खनौरी-शंभू बॉर्डर पर ऐसे ही आंदोलन चलेगा। पंधेर ने कहा कि देशभर के किसान संगठनों की मदद से 10 मार्च को भारत में दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक रेलगाड़ियां रोकी जाएंगी। रेलगाड़ियों को कहां-कहां रोका जाएगा, इसका कार्यक्रम बहुत जल्द जारी कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार कहती है कि ट्रेन-बस से किसान दिल्ली पहुंच सकते हैं। दिल्ली जा रहे बिहार-कर्नाटक के किसानों को पुलिस ने ट्रेन से गिरफ्तार किया। अब दोनों संगठन किसान मजदूर मोर्चा और संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) ने फैसला लिया कि 6 मार्च को देशभर के किसान दिल्ली कूच करेंगे। पंजाब सरकार को भी घेरते हुए पंधेर ने कहा कि शुभकरण केस में एफआईआर दर्ज करने के नाम पर खानापूर्ति की गई है। जो किसान घायल हैं और अस्पतालों में इलाज करवा रहे हैं, उनके बयान लेकर अलग से एफआईआर दर्ज की जाए। पंधेर ने कहा कि पंजाब सरकार इसी सत्र के दौरान विधानसभा में किसान आंदोलन का समर्थन करने के लिए भी प्रस्ताव पारित करे।

### महिलाओं की सुरक्षा...

लैंगिक न्याय, समानता और बंधुत्व के लिए आवश्यक है। यह सभी नागरिकों को समान अधिकार और अवसर प्रदान करेगा, चाहे उनका धर्म या समुदाय कुछ भी हो। यह संहिता महिलाओं की सुरक्षा एवं अधिकारों को सुरक्षित एवं सुनिश्चित करने का काम करेगा। यूसीसी में लिव-इन को लेकर फैली भ्रांतियों के संदर्भ में उन्होंने कहा कि संबंध भले ही जायज या नाजायज हो जाए लेकिन संतान कभी नाजायज नहीं होती। लिव-इन संबंध या विवाहेत्तर संबंधों से उत्पन्न संतानों के अधिकार एवं इस प्रकार के संबंधों में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो यह यूसीसी में सुनिश्चित किया गया है। उल्लेखनीय है कि उत्तराखंड विधानसभा ने हाल ही में समान नागरिक संहिता विधेयक ध्वनिमत से पास किया था। स्वराज ने एबीवीपी के विषय में कहा कि मैंने अपने सामाजिक जीवन की शुरुआत एबीवीपी के कार्यकर्ता के रूप में की थी, जहां मेरी ट्रेनिंग हुई है और जब आज पहली बार राजनीतिक कैरियर की शुरुआत कर रही हूं, तो मेरा सौभाग्य देखिए की इस नए कैरियर की शुरुवात आज जेएनयू में अपने परिवार एबीवीपी के बीच आकर करने का मौका मिल रहा है। बांसुरी स्वराज को भाजपा ने नई दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया है। वह भाजपा की कद्दावर नेता एवं पूर्व विदेश मंत्री दिवंगत सुषमा स्वराज की पुत्री हैं।

### असम सरकार ने ...

लाभार्थी 950 रुपए प्रति माह के टॉप अप की घोषणा की। इसके अतिरिक्त, असम की राज्य सरकार राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के माध्यम से केंद्र प्रायोजित योजना के रूप में केंद्र द्वारा प्रदान की गई प्रति लाभार्थी प्रति माह 300 रुपए का टॉप अप प्रदान करेगी। अतिरिक्त सहायता उन लोगों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद होगी जो ओरुनोडोई योजना के तहत कवर नहीं हैं, जो एक राज्य-विशिष्ट कार्यक्रम है।

### हथियार लूट : सीबीआई ...

किया। लैशराम प्रेम सिंह, खुमुकचम धीरेन उर्फ थपकपा, मोइरंगथेम आनंद सिंह, अथोकपम काजीत उर्फ किशोरजीत, लौकराकपम माइकल मंगांगचा उर्फ माइकल, कोंथौजम रोमोजीत मेइती उर्फ रोमोजीत और कीशम जॉनसन उर्फ जॉनसन आरोप पत्र में नामजद आरोपी हैं। भीड़ ने पिछले साल तीन अगस्त को बिष्णुपुर के नारानसीना में द्वितीय इंडिया रिजर्व बटालियन मुख्यालय के दो कमरों से 300 से अधिक हथियार, 19,800 गोलियां और अन्य सामान लूट लिया था। चुराचांदपुर की ओर मार्च करने के लिए लोगों की भीड़ नारानसीना में इकट्ठा हुई थी, जहां आदिवासी, राज्य में तीन मई को भड़की जातीय हिंसा में मारे गए समुदाय के लोगों को सामूहिक रूप से दफनाने की योजना बना रहे थे।

## नगांव में भाजपा का एआईडीयूएफ से सीधा मुकाबला : सुरेश बोरा

**नगांव ( हिंस )।** नगांव लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार सुरेश बोरा ने कहा है कि नगांव सीट पर मुकाबला भाजपा और एआईडीयूएफ के बीच होगा। उन्होंने कहा कि एआईडीयूएफ के साथ हमारी प्रतिद्वंद्विता होगी। कांग्रेस नगांव लोकसभा में तीसरे स्थान पर रहेगी। कांग्रेस में इस समय उथल-पुथल मची हुई है। मैंने आज से गुरु के सामने सिर झुकाकर अपनी यात्रा शुरू की है। जीत हमारे लिए निश्चित है। भाजपा उम्मीदवार बोरा आज महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव के जन्मस्थान बटद्रवा थान पहुंचे। बोरा कीर्तन घर में जाकर भक्त वैष्णवों का आशीर्वाद लिया।

# राणा गोस्वामी को दिया उचित सम्मान : भवेश कलिता

**गुवाहाटी ( हिंस )।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भवेश कलिता ने कहा है कि कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए वरिष्ठ नेता राणा गोस्वामी को भाजपा द्वारा यथोचित सम्मान दिया गया है। उन्होंने कहा कि राणा गोस्वामी एक कर्मठ तथा जुझारू नेता हैं, जिन्हें कांग्रेस में कई महत्वपूर्ण पदों पर रखा गया था। उन्होंने कहा कि राणा गोस्वामी को पार्टी का उपाध्यक्ष बनाना अशोक शर्मा को नीचा दिखाना नहीं है, बल्कि अशोक शर्मा का पार्टी में अपना अलग स्थान है। पार्टी ने उन्हें सरकार में प्लांटेशन बोर्ड के अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद का दायित्व दे रखा है। भाजपा अध्यक्ष कलिता आज यहां पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा में कोई नया पुराना नहीं है। सभी भाजपा के कार्यकर्ता हैं। भाजपा का सिद्धांत है कि वरिष्ठों को सम्मान तथा कनिष्ठों प्रेम दिया जाता है। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि भाजपा राज्य की 12 सीटें कम से कम निश्चित जीतेगी। एक कोकराझाड़ सीट इसके सहयोगी दल यूपीपीएल को दिया गया है। इस सीट को भी जीतने के लिए पार्टी पूरी ताकत लगेगी। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल एक भी सीट नहीं जीत पाएंगे, क्योंकि लोगों ने भाजपा सरकार का काम देखा है। लोगों को रास्ता, पुल, अस्पताल आदि विकास चाहिए, इसलिए लोग भाजपा को वोट दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। नागरिकता संशोधन कानून से संबंधित एक सवाल पर भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि यह कानून लोकसभा और राज्यसभा से पास हो चुका है और इसे राष्ट्रपति का अनुमोदन भी प्राप्त हो चुका है। ऐसे में इसका लागू होना निश्चित है। देश के कानून को लागू होने से कोई भी रोक नहीं सकता है। इस दौरान भाजपा अध्यक्ष ने पत्रकारों के कई अन्य प्रश्नों के भी सीधे-सीधे उत्तर दिए।

## हवाई पुल की स्लैब के गिरने से व्यक्ति की मौत को लेकर मामला दर्ज, आरोपी गिरफ्तार

**रंगिया ( विभास )।** बाईहाटा चाराली में 27 नंबर राष्ट्रीय राजमार्ग पर निर्माणाधीन हवाई पुल से कुछ दिनों पहले एक स्लैब के नीचे गिर जाने के कारण घटनास्थल पर ही एक युवक हो गई। इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों ने तीखी प्रतिक्रिया दिखाई। वहीं घटना के संदर्भ में कामरूप प्रशासन द्वारा मामला दर्ज किया गया। हवाई पुल के निर्माणकारी प्रतिष्ठान निर्मल इंफ्रा के विरुद्ध बाईहाटा चाराली थाने में दर्ज 63/24 नंबर मामले के मद्देनजर बाईहाटा चाराली पुलिस द्वारा धर्मेंद्र, जोनाक डेका, अमल अर्जुन, सुबोध कुमार सुमन और इब्राहिम अली को गिरफ्तार कर कल उन्हें रंगिया महकमा न्यायिक दंडाधिश की अदालत में पेश किया गया। अदालत द्वारा आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## होजाई की इशिका शर्मा ने सीएस परीक्षा की उत्तीर्ण



**होजाई ( निसं )।** होजाई की इशिका शर्मा ने होजाई का नाम रोशन किया है। उन्होंने देश की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षाओं में से एक, कंपनी सेक्रेटरी की परीक्षा 2023 पास कर ली है। जिसका परिणाम हालही में इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया द्वारा घोषित किया गया। वे होजाई के जेके केडिया रोड निवासी मनोज-संतोष शर्मा की बेटी हैं।

## गोसाईगांव रेलवे स्टेशन पर गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**कोकराझाड़ ( हिंस )।** गोसाईगांव में 20 किलोग्राम गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा आज दी गई जानकारी के अनुसार गोसाईगांव रेलवे स्टेशन पर बीती रात गांजा जब्त किया गया। छापामारी दल ने गांजा उस समय जब्त किया, जब तस्कर ब्रह्मपुत्र मेल ट्रेन से दिल्ली गांजा को ले जाने के लिए ट्रेन में सवार हो रहे थे। जब्त गांजे की बाजार में कीमत लाखों रुपये आंकी गई है। इस मामले में दो युवकों को गिरफ्तार भी किया गया है। गिरफ्तार युवकों में से एक की पहचान गोसाईगांव महकमे के सापकाटा निवासी सूरत जमाल और दूसरे की मालागुड़ी की फारूक अब्दुल्ला के रूप में हुई है। जबकि, एक अन्य युवक फरार बताया गया है।

## त्रिपुरा से दो वर्ष बाद स्वदेश भेजे गए नौ बांग्लादेशी नागरिक



**अगरतला ( हिंस )।** त्रिपुरा राज्य में बगैर किसी वीजा-पासपोर्ट के घुसने के आरोप में सजा काटने के बाद रविवार को नौ बांग्लादेशी नागरिकों को स्वदेश वापस भेज दिया गया। करीब दो वर्ष पहले यह नौ लोग काम की तलाश में अवैध रूप से बांग्लादेश से भारत की सीमा में घुसे थे। त्रिपुरा पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार कर लिया था। इन्हें पांच महीने तक त्रिपुरा के एक कारागार में कैदी के रूप में रखा गया। बाद में इन्हें महात्मा गांधी होम नामक एक डिटेंशन कैंप में डेढ़ साल का समय बिताना पड़ा। इस दौरान एक महिला ने एक बच्चे को भी जन्म दिया। दोनों ही देश के उच्चायोगों ने कानूनी अड़चनों के बावजूद प्रत्यर्पण के सिलसिले में प्रक्रिया तेज की। लगभग 18 महीने की अवधि में प्रक्रिया पूरी होने के बाद आखिरकार इन्हें आज बांग्लादेश वापस भेज दिया गया।

## जंगली हाथी के हमले में किसान की मौत

**चिरांग ( हिंस )।** चिरांग जिले के बिजनी में भारत-भूटान सीमा पर जंगली हाथी के हमले में एक किसान की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को बताया कि एक जंगली हाथी पास के रिजर्व मनाह नेशनल पार्क से निकलकर आया। उसी समय अपने खेत को देखने जा रहे 12 नंबर नतुनमाटी के निकटवर्ती सोनापुर निवासी दुर्जो नार्जारी (46) पर हमला कर दिया।

## दुलियाजान में अनेक लोग भाजपा छोड़कर *आप* में शामिल

**गुवाहाटी ( हिंस )।** रविवार को डिब्रूगढ़ जिले के पूर्व भाजपा संगठन सचिव मिलन दास सहित पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता आम आदमी पार्टी (आप) के केंद्रीय नेता जैस्मीन शाह और डिब्रूगढ़ लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार मनोज धनवार की मौजूदगी में *आप* में शामिल हो गए। आम आदमी पार्टी का एक कार्यक्रम आज डिब्रूगढ़ लोकसभा क्षेत्र के दुलियाजान के टेंगाखाट में आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा कि *आप* प्रमुख और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की विकास की राजनीति और पार्टी के सिद्धांतों से आकर्षित होने के कारण वे आप में शामिल हुए हैं। समारोह को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय नेता जैस्मीन शाह ने कहा कि भाजपा ने राज्य में वर्तमान चार पार्टी सांसदों को मैदान में नहीं उतारा है। क्योंकि अतीत में इन सांसदों ने लोगों के हित के लिए काम नहीं किया है।

## मणिपुर में केसीपी (नोयोन) संगठन के दो उग्रवादी गिरफ्तार



**इंफाल ( हिंस )।** मणिपुर में हथियार और गोला-बारूद की बरामदगी के साथ ही उग्रवादियों के पकड़े जाने का सिलसिला भी लगातार जारी है। इसी सिलसिले में सुरक्षा बलों के अभियान में दो कट्टर केसीपी (नोयोन) संगठन के उग्रवादियों को पकड़ा गया। मणिपुर पुलिस ने आज बताया है कि पुलिस ने इंफाल पश्चिम जिले से केसीपी (नोयोन) संगठन के जिन दो सक्रिय कैडरों को गिरफ्तार किया है, उनकी पहचान इंफाल पश्चिम के खोइनाइजम रॉबर्टसन सिंह (23) और इंफाल पूर्व के निकटवर्ती काकचिंग जिले के खैदेम नाओबा मैतेई (20) के रूप में हुई है। दोनों दुकानों और व्यक्तियों से जबरन वसूली में शामिल थे। उनके पास से दो मोबाइल फोन, एक दोपहिया वाहन और कुछ आपत्तिजनक वस्तुएं बरामद की गई। आगे की जांच के लिए मामला दर्ज कर लिया गया है। उग्रवादी गतिविधियों में शामिल लोगों को पकड़ने के लिए सुरक्षा बलों द्वारा पूरे राज्य में छापामारी अभियान चलाया जा रहा है।

## आलोपती डॉ. जाकिर हुसैन हायर सेकेंडरी स्कूल के पूर्व छात्र सम्मेलन समारोह आयोजित

**नगरबेरा ( विभास )।** बरपेटा जिले के बागबर निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत प्रमुख शैक्षणिक संस्थान आलोपती के डॉ. जाकिर हुसैन हायर सेकेंडरी स्कूल के पूर्व छात्र सम्मेलन समारोह और मुख्य तोरण10 मार्च को आयोजन की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। इस अवसर पर स्कूल प्रशासन और स्कूल की पूर्व छात्र सम्मेलन समिति ने आज स्कूल परिसर में प्रेस कांफ्रेंस की। प्रेस कांफ्रेंस में स्कूल की पूर्व छात्र सम्मेलन समिति के सचिव गाजी रहमान ने 10 मार्च को स्कूल के पूर्व छात्रों के सम्मेलन के कार्यक्रम की जानकारी दी। मैंने पूर्व छात्रों की मदद से स्कूल के मुख्य प्रांगण का निर्माण शुरू किया है।स्कूल के प्रभारी प्राचार्य रफीकुल हसन ने कहा कि उन्होंने स्कूल के मुख्य तोरण के निर्माण की जिम्मेदारी लेने के लिए पूर्व छात्र सम्मेलन समिति को धन्यवाद दिया जो पिछले 48 वर्षों से नहीं था और राज्य के विभिन्न हिस्सों में स्कूल के सभी पूर्व छात्रों से आग्रह किया कि वे उस दिन होने वाले पूर्व छात्र सम्मेलन के कार्यक्रम को सफल बनाएं। इसके अलावा, प्रेस कांफ्रेंस में, स्कूल के पूर्व छात्र और सेवानिवृत्त प्रिंसिपल एम. अब्दुल मजिद ने कहा कि इसकी स्थापना 1975 में हुई थी डॉ. जाकिर हुसैन हायर सेकेंडरी स्कूल, अलोपति और निकटवर्ती आलोपति निसानर चर एमई स्कूल1966 में स्थापित, साथ ही 1955 में स्थापित आलोपति प्राइमरी स्कूल के कई हजार पूर्व छात्रों ने सम्मेलन के महत्वपूर्ण समारोह में उपस्थिति और सहयोग मांगा। प्रेस कांफ्रेंस में इस अवसर पर पूर्व छात्र सम्मेलन समिति के उपाध्यक्ष अमजद हुसैन और शिक्षक बिलाल हुसैन फारूकी आदि उपस्थित थे।




## बंगाईगांव स्टेशन पर पुनः फुट ओवरब्रिज का निर्माण होगा

**बंगाईगांव।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे की क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की 96 वीं बैठक 28 फरवरी को पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के महाप्रबंधक चेतन कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में सांसदों के अलावा जन प्रतिनिधि, व्यापारी संस्था,यात्री संस्था, रेलवे के साथ जुड़े विभिन्न लोगों के अलावा सांसदों के नुमाइंदों ने इस बैठक में हिस्सा लिया। बैठक में यात्री सुविधा के ऊपर विस्तृत चर्चा हुई। बंगाईगांव के जनप्रतिनिधि महेश कुमार अग्रवाल ने बंगाईगांव स्टेशन पर तोड़े गए फुट ओवर ब्रिज को पुन: निर्माण करने के लिए जोरदार मांग की जिसे रेलवे प्रशासन ने स्वीकार कर लिया एवं कहा कि रेलवे प्रशासन इसे बनाने के लिए सिद्धांत तौर पर राजी है तथा बहुत जल्दी ही रेलवे की निर्माण शाखा इसका काम शुरू करेगी। इसके निर्माण से उत्तर और दक्षिण में आने जाने वाले यात्रियों, छात्र-छात्राओं एवं जनता को काफी सुविधा होगी। ज्ञात हो कि इस को लेकर बंगाईगांव की कई संस्था जैसे डी वाई एफ आई, सिटू आदि मांग कर रही थी। विभिन्न यात्री सुविधाओं के ऊपर विस्तृत चर्चा की जिसमें कोविड के दौरान बंद हुई स्थानीय सवारी गाड़ियों को पुण: चलाना, बंगाईगांव एवं न्यू-बंगाईगांव रेलवे स्टेशन पर यात्रिय सुविधाओं को बेहतर करना, सवारी गाड़ियों की मर्यादा पुन: बहाल करना, गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर कुलियों द्वारा यात्रियों से मनमानी पैसों की मांग आदि मुद्दों शामिल थे। सभा में उपस्थित रेलवे अधिकारियों ने सब बातों को ध्यान से सुना एवं यथासंभव इस दिशा में सुधार करने का आश्वासन दिया।

## गुवाहाटी में शिक्षाविद लेखिका डॉक्टर एस सुल्तान हजारिका सिद्दीकी को पराग ज्योति प्रकाशन की तरफ से अभिनंदन

**गुवाहाटी।** आजीवन शिक्षाविद विशिष्ट लेखिका असम कृषि विश्वविद्यालय जोरहाट में योगदान करने वाली प्रथम असमिया होम साइंटिस्ट, महिला के शिक्षा प्रसार के लिए आकाशवाणी डिब्रूगढ़ और गुवाहाटी के मार्फत विभिन्न शिक्षा विषयों की कथिका लिखकर पाठ करने वाली डॉक्टर एस सुल्तान हजारिका सिद्दीकी को महानगरी के काहिलीपाड़ा के दक्षिण गांव में अपने निजीवास स्थान में पराग ज्योति प्रकाशन की तरफ से अभिनंदन किया गया। इस उपलक्ष में आयोजित सभा के प्रशासन सचिव संवाददाता दीपक शर्मा द्वारा संचालित इस अनुष्ठान में अंश ग्रहण करते हुए पुरातत्व संचालकालय के अवकाश प्राप्त राज्यिक अभियंता सोनाराम साउद ने कहा समाज को एकांत ईमानदार, आदर्शवान व्यक्ति चला रहे हैं। जीवन की अंतिम बेला में बुजुर्ग लोग चाहते हैं श्रद्धा और प्रेम। इस बात को युवा पीढ़ी को समझना चाहिए। वर्तमान समय में हमारे बीच में बातचीत सौहार्दभाव का अभाव हो गया है। हमें सकारात्मक चिंता से आगे बढ़ने का निरंतर प्रयास करना चाहिए। असम साहित्य सभा के भूतपूर्व सह संपादक साहित्य कोंवर कमल कलिता ने भाग लेते हुए कहा अच्छा व्यवहार एक आदमी को सच्चाई के पथ पर चलना सिखाती है। सकारात्मक चिंता से हमें हर दिन आगे बढ़ते रहना चाहिए। गणेश नगर साहित्य सभा के सभापति कवि अरुण महंत ने कहा डॉक्टर सिद्दीकी बाईदेव की शिक्षा मनन करने लायक है उनकी चिंता बहुत ही सरल है। सभा में रेलवे उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के अवकाश प्राप्त अध्यक्ष तथा विशिष्ट कवि गीता देवी विशिष्ट लेखिका तथा प्रशांत गोगोई रेडियो केंद्र गुवाहाटी के अभियंता आकाश अली अहमद अतिथि के रूप में डॉक्टर सिद्दीकी बाईदेव देव की प्रतिभा का गुणगान किया। उनके दीर्घायु स्वास्थ्य की कामना की तथा कर्म करते रहने के लिए आगे बढ़ने का आह्वान किया। सभा के प्रशासन सचिव दीपक शर्मा ने अपनी टिप्पणी देते हुए कहा मननशील चिंता की अधिकारी डॉक्टर सिद्दीकी बाईदेव अपनी वाग्मिता से लोगों के बीच सद् चिंता, सत्कर्म सदआदर्श के मानवीय प्रतिष्ठा करती रहे। अभिनंदन ग्रहण करते हुए डॉक्टर सिद्दीकी ने पराग प्रकाशन के सार्थक प्रयास के लिए धन्यवाद दिया और उनकी यात्रा नदी की तरह बहती रहेगी ऐसा आशीष दिया।



## कोकराझाड़ : एसएसबी ने सीमावर्ती क्षेत्रों में लगाया पशु चिकित्सा शिविर



**कोकराझाड़ ( विभास )।** छठी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, रानीगुली, कोकराझाड़ (असम) के डॉ. ई. चौबा सिंह, पशु चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में सीमा चौकी नहारानी के अंतर्गत भारत-भूटान सीमावर्ती कार्यक्षेत्र में जन कल्याण योजना के तहत पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सुपर मार्केट नार्थ सरलपाड़ा गांव में आयोजित किया गया था, जिसमें सीमा चौकी नहारानी व सरलपाड़ा के अंतर्गत आने वाले गांवों के पशुधन को चिकित्सा उपचार एवं दवाइयों वितरण की गई। इस नि:शुल्क पशु-चिकित्सा शिविर में कुल 93 मवेशियों का जांच/उपचार तथा दवाईयां वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में सीमा चौकी नहारानी में उपस्थित सशस्त्र सीमा बल के जवानों नें पशु-चिकित्सा शिविर में आये ग्रामीणों को बढ-चढ़कर सहयोग किया तथा कार्यक्रम को देख सीमावर्ती क्षेत्रों के ग्रामीणों ने सशस्त्र सीमा बल के द्वारा आयोजित की गई चिकित्सा शिविर के लिए सराहना की।

## संदीप कलिता समन्वयी कला केंद्र के सौजन्य से बिहू कार्यशाला का आयोजन 15 से



**रंगिया ( विभास )।** रंगिया का अग्रणी सांस्कृतिक संस्थान संदीप कलिता समन्वयी कला केंद्र द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इसबार भी बिहु कार्यशाला का आयोजन किया गया है। आगामी 15 मार्च से 20 मार्च तक 6 दिवसीय कार्यक्रम के साथ इसका आयोजन रंगिया के ऐतिहासिक कृषक शहीद भवन प्रांगण में किया जाएगा। इस कार्यशाला में अभिज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा बिहु नृत्य, जेंग बिहु और बिहू ढोलक वादन का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें मुख्य प्रशिक्षक बिहूरानी निभा बरुवा सहित अतिथि प्रशिक्षक बिहूरानी बिहू साम्राज्ञी ड्रीमली गोगोई और गायत्री कोंवर तथा सह-प्रशिक्षक जितुमनी, रघुमनी, नबो, जीन्तु, अकन, सुष्मिता, विनीता और मिताली द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम के संचालक विजय भराली द्वारा मिली जानकारी के अनुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम रोजाना 3 बजे से प्रारंभ होगा। वहीं आग्रह किया गया है कि इक्षुक प्रशिक्षार्थी शीघ्र ही प्रपत्र संग्रह कर जमा करें। साथ ही इसके बारे में अधिक जानकारी के लिए 9864126135, 8486377837 मोबाईल नंबर पर संपर्क करने को कहा गया है।

## अखिल गोगोई के साथ संबंध खराब नहीं : पीयूष

**गोलाघाट ( हिंस )।** राज्य सरकार के जनसंपर्क और जल संसाधन मंत्री पीयूष हजारिका ने कहा है कि अखिल गोगोई से उनके व्यक्तिगत संबंध खराब नहीं हैं और खराब करना भी नहीं चाहते हैं। पीयूष हजारिका रविवार को काजीरंगा स्थित अखिल गोगोई के ऑर्किड पार्क पहुंचे। यहां दोपहर का भोजन करने के दौरान पत्रकारों के पूछे जाने पर मंत्री हजारिका ने कहा कि हम दोनों राजनीतिक क्षेत्र में विपरीत ध्रुव पर हैं, मैं अखिल गोगोई का बिल्कुल उल्टा हूं। दोनों के बीच व्यक्तिगत संबंध खराब नहीं हैं और खराब करना भी नहीं चाहते हैं। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनावों में काजीरंगा निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार कई लाख वोटों से जीतेंगे। पीयूष हजारिका ने कहा कि विपक्ष ऐक्य मंच नाम का ही है, इसका कोई काम नहीं है।

# हृदय संबंधी उपकरणों वाले रोगियों को मदद करती है ब्लूटूथ रिमोट मॉनिटरिंग

**गुवहाटी।** जबकि रोकथाम महत्वपूर्ण है, एक बार दिल की विफलता जैसी हृदय की स्थिति का पता चलने के बाद, आपके दिल के स्वास्थ्य की नियमित निगरानी महत्वपूर्ण और अभिन्न है, चेन्नई के अपोलो अस्पताल में वरिष्ठ सलाहकार हृदय रोग विशेषज्ञ और इलेक्ट्रोफिजियोलॉजिस्ट डॉ. एएम कार्थिगेसन कहते हैं। यह वह जगह है जहां रिमोट जैसी प्रौद्योगिकियां हैं निरंतर निगरानी के बिना स्थिति की तुलना में निगरानी बहुत पहले ही पता लगाने और उपचार में मदद कर सकती है। उन्होंने आगे कहा कि डॉक्टर बताते हैं स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकी के लगातार विकसित हो रहे परिदृश्य में, रिमोट कार्डियक डिवाइस मॉनिटरिंग का आगमन एक उल्लेखनीय सफलता है। इस नवोन्मेषी दृष्टिकोण में पेसमेकर इम्प्लांटेबल कार्डियोवर्टर-डिफाइब्रिलेटर (आईसीडी) या सीआरटीडी जैसे कार्डियक उपकरणों के प्रदर्शन को दूर से ट्रैक और विश्लेषण करने के लिए ब्लूटूथ जैसी उन्नत संचार प्रौद्योगिकियों का उपयोग शामिल है। उन्होंने आगे कहा कि यह वास्तविक समय डेटा विनिमय सक्रिय प्रबंधन, समय पर हस्तक्षेप और रोगी देखभाल के लिए अधिक व्यक्तिगत दृष्टिकोण की सुविधा प्रदान करता है। डॉक्टर के अनुसार विश्व स्तर पर यह असामान्य दिल की धड़कन और दिल की विफलता वाले रोगियों के हृदय स्वास्थ्य की निगरानी के लिए सबसे प्रभावी और सटीक उपकरण है। इसका उपयोग उन रोगियों के लिए किया जा रहा है जिन्होंने अपने हृदय की स्थिति के प्रबंधन के लिए उपकरण प्रत्यारोपण कराया है। प्रौद्योगिकी में उनके हृदय की गति और लय पर डेटा प्राप्त करने के लिए प्रत्यारोपित डिवाइस के साथ ट्रांसमीटर (मोबाइल फोन) को सिंक करना शामिल है। वह कहते हैं कि सिंकिंग और ट्रांसमिशन 24×7 हो सकता है, यहां तक कि जब कोई सो रहा हो और हृदय रोग विशेषज्ञ को, जिसके पास रोगी का चिकित्सा इतिहास है, दूर से ही सर्वोत्तम चिकित्सा सलाह देने में सक्षम बनाता है, डॉ. कार्थिगेसन कहते हैं। जानकारी उपचार करने वाले हृदय रोग विशेषज्ञ द्वारा प्राप्त की जा सकती है, जो नियमित दौरे पर स्थिति के लिए सर्वोत्तम चिकित्सा प्रदान करने के लिए डिवाइस को प्रोग्राम कर सकता है और दूर से निगरानी कर सकता है। डॉक्टर बताते हैं कि सबसे महत्वपूर्ण लाभ जो दूरस्थ निगरानी प्रदान करता है, वह है रोगी और हृदय रोग विशेषज्ञ दोनों के लिए दिन के किसी भी समय कहीं से भी चिकित्सा परामर्श लेने और प्रदान करने की सुविधा।

# पीएम मोदी 11 मार्च को करेंगे द्वारका एक्सप्रेस वे का उद्घाटन

## -लगभग 9000 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा है बहुआयामी एक्सप्रेसवे




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 11 मार्च को द्वारका एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करेंगे। इस बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट के शुरू होने से गुरुग्राम सेक्शन में वाहनों की आवाजाही शुरू हो जाएगी। इसके लिए सारी तैयारियां हो गई हैं। उपायुक्त निशांत यादव और शहर के पुलिस प्रमुख विकास अरोड़ा के नेतृत्व में टीमों ने 29 फरवरी को एक्सप्रेसवे का दौरा किया था। उद्घाटन से पहले, गुड़गांव प्रशासन और पुलिस की टीमों ने गुरुवार को भी द्वारका एक्सप्रेसवे का दौरा किया ताकि कार्यक्रम के लिए लॉजिस्टिक तैयारियां शुरू की जा सकें और सुरक्षा आवश्यकताओं का आकलन किया जा सके। गुड़गांव पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रशासन, पुलिस और एनएचएआई की टीमों ने उद्घाटन के लिए संभावित स्थलों, अस्थायी हेलीपैड के निर्माण और रैली के लिए पार्किंग स्थल की पहचान करने के लिए एक्सप्रेसवे के आसपास की जगहों का निरीक्षण किया है। अब हम उद्घाटन की तैयारी कर रहे हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उन्होंने एक्सप्रेसवे को साफ करने, खंभों पर तिरंगा लगाने, फुटपाथों को रंगने और साइन लगाने के लिए कर्मचारियों को तैनात किया गया था। हालांकि एक्सप्रेसवे का गुरुग्राम सेक्शन वाहनों के लिए खुल जाएगा, लेकिन मुझे दिल्ली से संभावित कनेक्टिविटी के बारे में जानकारी नहीं है क्योंकि चौमा गांव के पास टोल प्लाजा अभी तैयार नहीं है। उन्होंने बताया कि दिल्ली सेक्शन को खोलने के फैसले के बारे में हमें अभी तक कोई जानकारी नहीं दी गई है क्योंकि यह अभी भी निर्माणाधीन है। लगभग 9000 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा द्वारका एक्सप्रेसवे चार चरणों में बनाया जा रहा है। इनमें से चरण तीन दिल्ली-गुरुग्राम बॉर्डर से बसई आरओबी तक और चार बसई आरओबी से एनएच-48 तक गुरुग्राम में हैं और इनकी लंबाई 19 किलोमीटर है। जबकि चरण एक (महिंद्रपालपुर से द्वारका सेक्टर 21 तक) और दो (द्वारका सेक्टर 21 से दिल्ली-गुरुग्राम बॉर्डर तक) दिल्ली में हैं और इनकी लंबाई लगभग 10 किलोमीटर है। बता दें कि द्वारका एक्सप्रेसवे दिल्ली और गुड़गांव को जोड़ने वाला तीसरा सीधा रास्ता है, जो पहले से मौजूद एनएच-8 और मेहरौली-गुड़गांव रोड के बाद बनाया जा रहा है। यह एक 16 लेन का हाईवे होगा, जिसे हाई-स्पीड गाड़ियों के लिए बनाया जा रहा है और रास्ते में किसी भी तरह का ट्रैफिक सिग्नल नहीं होगा। बताया जा रहा है कि यह दिल्ली में शिव मूर्ति से शुरू होकर गुड़गांव में खेड़की दौला तक जाएगा। इस एक्सप्रेसवे का 18.9 किलोमीटर का हिस्सा गुड़गांव में और शेष 10.1 किलोमीटर दिल्ली में होगा। यह आधुनिक इंजीनियरिंग का एक शानदार उदाहरण साबित होगा। इसमें 8 लेन की हाई-स्पीड सड़क, दोनों तरफ तीन-तीन लेन की सर्विस लेन, प्रमुख चौराहों पर कई अंडरपास और ऊपर से निकलने वाले रास्ते होंगे। साथ ही, द्वारका एक्सप्रेसवे नया गुड़गांव, द्वारका के सेक्टर 25 में बन रहे इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (आईआईसीसी) तक सीधी पहुंच प्रदान करेगा। यह 8 लेन की छोटी सुरंग के माध्यम से आईजीआई हवाई अड्डे के लिए एक वैकल्पिक मार्ग भी उपलब्ध होगा।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा बीच में ही छोड़कर पटना रवाना हुए राहुल गांधी

## -राहुल गांधी ने बेरोजगारी के मुद्दे पर केन्द्र पर बोला हमला



**ग्वालियर, (हि.स.)।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश में अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा को बीच में छोड़ दिया और वे पटना के लिए रवाना हो गए। इससे पहले न्याय यात्रा के दूसरे दिन रविवार को उन्होंने देश में बेरोजगारी और किसानों के मुद्दों पर केन्द्र सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि आज देश में पिछले 40 साल में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है। यह पाकिस्तान की तुलना में दोगुनी है। हमारे पास बांग्लादेश-भूटान से भी अधिक बेरोजगार युवा हैं, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नोटबंदी और जीएसटी लागू कर छोटे व्यवसायों को खत्म कर दिया है। न्याय यात्रा के दौरान रविवार को राहुल गांधी ने ग्वालियर के रिवाज गार्डन में अग्निवीरों और भूतपूर्व सैनिकों से संवाद किया। इस दौरान अग्निवीरों ने समस्या बताते हुए कहा कि अग्निवीर रहने के दौरान शादी करने पर प्रतिबंध है। ऐसे में उनकी शादी नहीं हो पाती। साथ ही महज 21 हजार रुपये ही वेतन मिलता है। साथ ही शहीद होने का दर्जा भी नहीं मिलेगा, जबकि ट्रेनिंग से लेकर सभी चीजें सेना की तरह ही होती है। वहीं भूतपूर्व सैनिकों ने राहुल गांधी से कहा कि उनके लिए पुलिस में 10 फीसदी स्थान है लेकिन उनकी भर्ती नहीं हो रही है। इन सभी पर राहुल गांधी ने कहा कि यदि उनकी सरकार बनती है तो वे अग्निवीरों की समस्या को हल करने के लिए संशोधन करेंगे। साथ ही भूतपूर्व सैनिकों की समस्या को भी हल करेंगे। इसके बाद न्याय यात्रा शिवपुरी जिले के ग्राम मोहना तक गई। यहां जीप पर सवार होकर राहुल गांधी ने रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने किसानों के मुद्दे पर केन्द्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी बड़ी-बड़ी कंपनियों को सही दाम दिलाने के लिए तो प्रतिबद्ध हैं, लेकिन किसानों को उनकी फसल के सही दाम नहीं मिल रहे हैं। पंजाब और हरियाणा के बॉर्डर पर सड़क पर कीलें लगाकर किसानों को रोका जा रहा है। मोहना में पांच मिनट के संबोधन के बाद राहुल गांधी काफिले के साथ वापस ग्वालियर रवाना हुए और यहां से विमान द्वारा पटना के लिए रवाना हो गए। वे पटना में आयोजित आईएनडीआईए गठबंधन के कार्यक्रम में शामिल होंगे। मोहना के बाद राहुल गांधी की न्याय यात्रा का कार्यक्रम बदल दिया गया। राहुल गांधी मोहना में न्याय यात्रा को छोड़कर आईएनडीआईए गठबंधन की पटना में होने वाली बैठक में भाग लेने के लिए रवाना हो गए। गौरतलब है कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा शनिवार को दोपहर बाद केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के गढ़ ग्वालियर पहुंची थी। ग्वालियर में यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने लोगों को एक मास्टर की भांति अनुसूचित वर्ग, पिछड़े वर्ग और आदिवासियों को उनकी कुल आबादी के हिसाब से सरकार, कोर्ट, शासन-प्रशासन में हिस्सेदारी का गणित समझाते नजर आए।

# बदरपुर में भीषण सड़क हादसा, तीन की मौत




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दिल्ली के बदरपुर इलाके में फ्लाईओवर पर शनिवार आधी रात को एक ट्रक और कार में जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग बुरी तरह घायल हो गए। घायलों को एम्स ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। कार में सवार सभी लोग फरीदाबाद में शादी कार्यक्रम में शामिल होकर दिल्ली लौट रहे थे। इसी दौरान बदरपुर फ्लाईओवर पर यह हादसा हुआ, कार अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा गई, जिसमें सात लोग घायल हो गए। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिनमें से तीन की मौत हो गई। वहीं, मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। जबकि घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। डीसीपी राजेश देव ने बताया है कि मृतकों की पहचान 21 वर्षीय राज 38 वर्षीय संजू 22 वर्षीय दिनेश के रूप में हुई है। सभी संजय कॉलोनी ओखला के रहने वाले थे। इस हादसे में चार अन्य लोग घायल हुए हैं। जिनकी पहचान 18 वर्षीय नीरज 28 वर्षीय अजीत 28 वर्षीय विशाल और 18 वर्षीय अंशुल के रूप में हुई है। घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी लोग कार में सवार थे जो शादी कार्यक्रम में शामिल होकर फरीदाबाद से अपने घर हरकेश नगर लौट रहे थे। इस दौरान कार चालक ने गाड़ी पर अपना नियंत्रण खो दिया और डिवाइडर से टकराकर फिर एक दूसरी दिशा से आती ट्रक से टकरा गई। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# तो क्या राजनीति से संन्यास लेंगे शिशिर अधिकारी, कांथी से भाजपा ने सौमेंदु को टिकट देकर क्या दिया मैसेज?

**कोलकाता, (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में अधिकारी परिवार का दबदबा दशकों से हैं। आजादी की लड़ाई से लेकर 1952 का पहला चुनाव हो या अब 2024 में होने जा रहा चुनाव। मेदिनीपुर अधिकारी परिवार का गढ़ रहा है, इसलिए राज्य की राजनीति में बंगाल विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष और वरिष्ठ विधायक शुभेंदु अधिकारी सबसे अधिक सुर्खियों में रहते हैं। उनके पिता शिशिर अधिकारी फिलहाल कांथी से तृणमूल कांग्रेस के सांसद हैं लेकिन इस बार तृणमूल उन्हें टिकट नहीं देगी, क्योंकि शुभेंदु अधिकारी के भाजपा में जाने के बाद तृणमूल ने शिशिर की संसद सदस्यता खत्म करने की मांग की थी। अब भाजपा ने इसी कांथी लोकसभा सीट से सौमेंदु अधिकारी को उम्मीदवार बनाया है। दावा किया जा रहा है कि अधिकारी परिवार से राय मशविरा के बाद ही टिकट देने का फैसला लिया गया था, इसलिए इस बात के दावे किए जा रहे हैं कि शिशिर अधिकारी अब राजनीति से संन्यास ले सकते हैं। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने शनिवार को 195 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची की घोषणा की, जिसमें पश्चिम बंगाल की 42 सीटों के लिए 20 उम्मीदवार शामिल हैं। सौमेंदु अधिकारी कांथी नगर निगम के पूर्व अध्यक्ष हैं। शुभेंदु अधिकारी के एक और छोटे भाई दिब्येंदु अधिकारी तमलुक लोकसभा क्षेत्र से मौजूदा तृणमूल सांसद हैं। अटकलें हैं कि दिब्येंदु अधिकारी इस बार तमलुक से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे, हालांकि पार्टी ने उनकी उम्मीदवारी की घोषणा शनिवार को नहीं की।

# मधु विहार थाने में एसआई ने की आत्महत्या

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** पूर्वी दिल्ली के मधु विहार थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सब इंस्पेक्टर का शव मधु विहार थाना परिसर में स्थित फ्लैट से बरामद किया गया है। मृतक की पहचान गणेश के रूप में हुई है, जो हैदराबाद के निवासी थे और वह मधु विहार पुलिस स्टेशन में तैनात थे। वह 2019 बैच का सब इंस्पेक्टर थे और थाना परिसर में बने फ्लैट में रहते थे। डीसीपी अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि शनिवार देर रात लगभग 2 बजे गणेश के परिजनों से सूचना मिली कि उनका फोन नहीं लग रहा है और उन्हें किसी अनहोनी का संदेह है। इसके तुरंत बाद स्थानीय पुलिस एसआई के फ्लैट पर पहुंची, जो अंदर से बंद था। पुलिसकर्मियों ने खिड़की से फ्लैट के अंदर झांक कर देखा, जहां एसआई गणेश मृत अवस्था में पड़ा था और उनकी गोद में सरकारी पिस्तौल पड़ा है। डीसीपी ने बताया की क्राइम टीम और फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया। साथ ही शव को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमार्टम के लिए रखवा दिया। इसके अलावा घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई। डीसीपी का कहना है कि शुरूआती जांच से प्रतीत हो रहा है कि एसआई गणेश ने अपनी सर्विस रिवॉल्वर से गोली मारकर आत्महत्या की है। उनका कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है, परिजनों के दिल्ली आने का इंतजार है। फिलहाल आत्महत्या की वजह साफ नहीं हो पाई है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। वहीं, गणेश के इस कदम से मधु विहार थाना में तैनात पुलिसकर्मी हैरान है, उन्हें भी समझ में नहीं आ रहा कि आखिर गणेश ने सुसाइड क्यों किया।

# मालदीव से मुकाबले को मिनिकॉय द्वीप समूह में भारत ने बनाया नया नौसेना बेस

**- नौसेना प्रमुख की मौजूदगी में 06 मार्च को शुरू होगा नया नौसैनिक हवाई अड्डा**

**- मिनिकॉय द्वीप में आईएनएस जटायु तैनात कर परिचालन क्षमता बढ़ाएगी नौसेना**




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारत ने एशिया के सबसे छोटे देश मालदीव में चीन की पहल के कारण अपनी पकड़ खो दी है लेकिन हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी नजर बनाए रखने के लिए भारतीय नौसेना ने लक्षद्वीप द्वीप समूह में एक नौसैनिक हवाई अड्डा बनाया है। यह अरब सागर में भारतीय मिनिकॉय द्वीप मालदीव से सिर्फ 507 किलोमीटर दूर है, जहां भारतीय नौसेना 06 मार्च को आईएनएस जटायु को तैनात करेगी। यह रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण लक्षद्वीप समूह में सुरक्षा संबंधी बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के मद्देनजर नौसेना की महत्वपूर्ण उपलब्धि है। भारतीय नौसेना 06 मार्च को नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार की उपस्थिति में नौसेना डिटैचमेंट मिनिकॉय को आईएनएस जटायु के रूप में तैनात करेगी। यह नौसेना बेस रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण लक्षद्वीप समूह में सुरक्षा संबंधी बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के नौसेना के संकल्प में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। नौसेना डिटैचमेंट मिनिकॉय की स्थापना 1980 के दशक की शुरूआत में नौसेना ऑफिसर इन चीफ (लक्षद्वीप) की परिचालन कमान के तहत की गई थी। कमांडर विवेक मधवाल ने बताया कि मिनिकॉय, लक्षद्वीप का सबसे दक्षिणी द्वीप है, जो संचार की महत्वपूर्ण समुद्री लाइनों (एसएलओसी) तक फैला हुआ है। अपेक्षित बुनियादी ढांचे और संसाधनों के साथ एक स्वतंत्र नौसेना इकाई की स्थापना से द्वीपों में भारतीय नौसेना की समग्र परिचालन क्षमता में वृद्धि होगी। यह बेस परिचालन पहुंच को बढ़ाएगा और पश्चिमी अरब सागर में एंटी-पायरेसी एवं एंटी नारकोटिक्स ऑपरेशंस की दिशा में भारतीय नौसेना के परिचालन प्रयासों को सुविधा प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र में पहली कार्रवाई करने वाले के रूप में भारतीय नौसेना की क्षमता बढ़ाने के साथ ही मुख्य भूमि के साथ कनेक्टिविटी बढ़ाएगा। नौसेना बेस की स्थापना द्वीपों के व्यापक विकास की दिशा में भारत सरकार के फोकस के अनुरूप है। कावारत्ती में आईएनएस द्वीप रक्षक के बाद आईएनएस जटायु लक्षद्वीप में दूसरा नौसेना बेस है। आईएनएस जटायु के तैनात किए जाने के साथ भारतीय नौसेना लक्षद्वीप समूह में अपनी पैठ मजबूत करेगी। इससे परिचालन निगरानी के साथ-साथ द्वीप क्षेत्रों के व्यापक विकास के एक नए युग की शुरूआत होगी। नौसेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह बेस अंडमान और निकोबार द्वीप क्षेत्रों में तैनात आईएनएस बाज की तरह ही क्षमता प्रदान करेगा। इससे हमें क्षेत्र में विरोधियों की सैन्य और वाणिज्यिक गतिविधियों पर नजर रखने में मदद मिलेगी। लक्षद्वीप और मिनिकॉय द्वीपों पर नौसैनिक और हवाई सुविधाओं के उन्नयन से न केवल भारतीय समुद्री वाणिज्य सुरक्षित होगा, बल्कि बुनियादी ढांचे का उन्नयन भी होगा। इस कदम से केरल के पश्चिम में 400 किमी दूर स्थित द्वीप शृंखला में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। आईएनएस जटायु रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण लक्षद्वीप द्वीप समूह में सुरक्षा बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के नौसेना के संकल्प में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

# हिमाचल में बारिश-बर्फबारी से तीन मकान ढहे, लाहौल-स्पीति में नेशनल हाईवे-3 पर गिरा हिमखंड



**शिमला, (हि.स.)।** हिमाचल प्रदेश में पिछले दो-तीन दिन से हो रही बेमौसमी बारिश और बर्फबारी ने कोहराम मचा दिया है। बारिश और बर्फबारी से तीन स्थानों पर तीन मकान ढह गए और पांच नेशनल हाईवे सहित 507 सड़कें बंद हैं। लाहौल-स्पीति में शकास नाले के समीप भारी बर्फबारी से एक बड़ा हिमखंड सड़क पर आने से नेशनल हाईवे-3 पूरी तरह बाधित हो गया है। राज्य में यातायात, बिजली और पेजयल जैसी मूलभूत सेवाएं ठप पड़ गई हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की रिपोर्ट के अनुसार बारिश व बर्फबारी से प्रदेश में तीन मकान ढह गए। लाहौल-स्पीति में बर्फबारी का दौर अभी भी जारी है और जिले के उंचे इलाकों में चार से पांच फीट बर्फबारी तो निचले इलाकों में दो से तीन फीट बर्फबारी दर्ज की गई है। जिला में ज्यादातर सड़कों के अवरूद्ध होने से जनजीवन बुरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। लाहौल-स्पीति जिला के उदयपुर उपमंडल के सलपत गांव में भारी बर्फबारी से एक मकान ढह गया। इसी तरह सोलन जिला के अर्की उपमंडल में बखालग में तेज बारिश व अंधड़ ने मकान को जमींदोज कर दिया। सिरमौर जिला के नौहराधार सब तहसील के बोघाधार में आकाशीय बिजली गिरने से मकान क्षतिग्रस्त हुआ है। लाहौल-स्पीति जिला के शकास नाले के समीप भारी बर्फबारी के चलते एक बड़ा हिमखंड का हिस्सा गिरा है। इससे नेशनल हाईवे-3 पूरी तरह बाधित हो गया है। जिला प्रशासन की टीमें हिमखंड को हाईवे से हटाने का प्रयास कर रही है। गनीमत यह रही कि नेशनल हाईवे पर कोई वाहन हिमखंड की चपेट में नहीं आया, अन्यथा बड़ा हादसा पेश आ सकता था। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने रविवार सुबह अपनी रिपोर्ट में कहा है कि लाहौल-स्पीति में सबसे ज्यादा 290 सड़कें बर्फबारी से बंद हैं। किन्नौर में 75, चंबा में 72, शिमला में 35, कुल्लू में 18 और मंडी में 16 सड़कें अवरुद्ध हुई हैं। इसके अलावा कुल्लू और लाहौल-स्पीति में दो-दो व सिरमौर में एक नेशनल हाईवे भी ठप है। अंधड़, बारिश और बर्फबारी से चंबा जिला में 447 ट्रांसफार्मर खराब हो गए हैं। इससे चंबा, डल्हौजी, तीसा, पांगी और भरमौर के इलाकों में ब्लैकआउट है।

# जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग भूस्खलन के कारण दूसरे दिन भी बंद



**जम्मू, (हि.स.)।** जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग भूस्खलन के कारण रविवार को लगातार दूसरे दिन बंद है। यातायात विभाग के अधिकारियों के मुताबिक रामबन जिले में लगातार बारिश के कारण कई जगह पर भूस्खलन हुए हैं। यातायात के लिए राजमार्ग को बहाल करने के प्रयास जारी हैं। राजमार्ग पर यात्रा करने वाले यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे श्रीनगर और जम्मू में हमारे नियंत्रण कक्ष से संपर्क किए बिना यात्रा न करें। इस बीच श्रीनगर-लेह, मुगल रोड, सिंथन-किश्तवाड़ रोड, बांदीपोरा-गुरेज और कुपवाड़ा-तंगधार रोड पर बर्फबारी जारी रही और यातायात के लिए बंद कर दिया गया है।

# नौसेना के जहाज से नाविक साहिल वर्मा लापता, बोर्ड ऑफ इंक्वायरी के आदेश

**- बड़े पैमाने पर खोज अभियान के बावजूद छह दिन से पता नहीं चल पाया**

**- साहिल के पिता ने अपने नाविक बेटे के लापता होने पर दुख व्यक्त किया**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय नौसेना के जहाज से लापता नाविक साहिल वर्मा का छह दिनों बाद भी पता नहीं चल पाया है। उनकी खोज के लिए नौसेना ने तुरंत जहाजों और विमानों के साथ बड़े पैमाने पर खोज अभियान शुरू किया, जो अभी भी जारी है। इस बीच पश्चिमी नौसेना कमान ने बोर्ड ऑफ इंक्वायरी के आदेश दिये हैं। भारतीय नौसेना का एक नाविक 27 फरवरी से नौसेना के एक जहाज से लापता है और उसका पता लगाने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया गया है। मुंबई मुख्यालय वाली पश्चिमी नौसेना कमान ने कहा कि नाविक की पहचान साहिल वर्मा के रूप में की गई है। इस घटना की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए गए हैं। बताया गया कि एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना में साहिल वर्मा सीमैन क्क के 27 फरवरी से तैनाती के दौरान समुद्र में लापता होने की सूचना मिली है। नौसेना ने तुरंत जहाजों और विमानों के साथ बड़े पैमाने पर खोज अभियान शुरू किया, जो अभी भी जारी है। घटना की सटीक परिस्थितियों का तत्काल पता नहीं चल पाया है। इस बीच, साहिल के पिता ने बेटे के लापता होने पर दुख व्यक्त किया और बताया कि उन्हें 29 फरवरी को शिप कैप्टन से संकटपूर्ण कॉल मिलने के बाद साहिल के लापता होने के बारे में पता चला। उन्होंने मुझे बताया कि तलाशी अभियान चल रहा है, क्योंकि उसे जहाज से बाहर कूदते हुए किसी भी कैमरे में कैद नहीं किया गया है।

# स्टीम पास्ट के साथ खत्म हुआ भारत-मलेशिया का द्विपक्षीय अभ्यास 'समुद्र लक्ष्मण'

**- भारत के युद्धपोत किल्टन और रॉयल मलेशियाई नौसेना जहाज केडी लेकिर ने भाग लिया**

**- नौसेनाओं ने विभिन्न अभियानों का संचालन करते हुए कौशल को निखारने का प्रयास किया**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय नौसेना के जहाज किल्टन और रॉयल मलेशियाई नौसेना जहाज केडी लेकिर ने द्विपक्षीय अभ्यास समुद्र लक्ष्मण के समुद्री चरण के दौरान विभिन्न समुद्री अभियान चलाए। भारत-मलेशिया द्विपक्षीय अभ्यास के समुद्री चरण का समापन पारंपरिक स्टीम पास्ट के साथ हुआ। अभ्यास में तोपखाना फायरिंग, नाविक विकास, समुद्री नौकाएं, हेलीकॉप्टर और समुद्री गश्ती विमान संचालन शामिल थे। भारत-मलेशिया द्विपक्षीय अभ्यास समुद्र लक्ष्मण 28 फरवरी को विशाखापत्तनम में शुरू हुआ था, जो 02 मार्च तक चला। भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस किल्टन और रॉयल मलेशियाई नौसेना के जहाज केडी लेकिर ने इस अभ्यास के तीसरे संस्करण में भाग लिया। समुद्र में दोनों नौसेनाओं के बीच परिचालन चरण के बाद पेशेवर बातचीत भी हुई। बंदरगाह चरण में पेशेवर बातचीत, आपसी हित के विषयों पर विषय विशेषज्ञ का आदान-प्रदान, खेल कार्यक्रम और अन्य बातचीत शामिल रही। इन बातचीत का उद्देश्य ज्ञान के आधार को बढ़ाना, सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना और समुद्री पहलुओं पर सहयोग को आगे बढ़ाना था। समुद्री चरण के दौरान भारत और मलेशिया के जहाजों ने संयुक्त रूप से समुद्र में विभिन्न अभियानों का संचालन करते हुए कौशल को निखारने का प्रयास किया। इस अभ्यास का उद्देश्य भारतीय और रॉयल मलेशियाई नौसेना के बीच संबंधों को मजबूत करने के साथ ही अंतर संचालनीयता बढ़ाना रहा। दोनों जहाजों ने समुद्र लक्ष्मण अभ्यास के समुद्री चरण के दौरान विभिन्न समुद्री अभियान चलाए, जिसमें तोपखाना फायरिंग, नाविक विकास, समुद्री नौकाएं, हेलीकॉप्टर और समुद्री गश्ती विमान संचालन शामिल थे। समुद्री चरण का समापन पारंपरिक स्टीम पास्ट के साथ हुआ।

# पीएम मोदी बनेंगे युद्धाभ्यास का हिस्सा, पोखरण में दिखेगी भारत शक्ति

## -12 मार्च को स्वदेशी हथियारों की ताकत का होगा परीक्षण



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** आगामी 12 मार्च को पीएम नरेंद्र मोदी राजस्थान के पोखरण में वॉरगेम भारत शक्ति में शामिल होंगे। इसमें केवल स्वदेशी तरीके से तैयार किए गए वेपन प्लेटफॉर्म और सिस्टम के जरिए हिस्सा लिया जाएगा। पोखरण में होने वाले युद्धाभ्यास में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान सहित तीनों सेनाओं के टॉप अधिकारी हिस्सा लेने वाले हैं। इस युद्धभ्यास में आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा देखने को मिलने वाली है। एक रिपोर्ट के मुताबिक पीएम मोदी सैन्य नेतृत्व को सैन्य मामलों की रणनीति-आधारित क्रांति विकसित करने को कह सकते हैं, जिसके केंद्र में भारत, भारतीय भूगोल एवं इसके सुरक्षा खतरों से निपटने की रणनीति शामिल हो। बता दें कि कि भारत शक्ति नाम से हो रहे युद्धाभ्यास में भारत में तैयार डिफेंस प्लेटफॉर्म और नेटवर्क आधारित सिस्टम का टेस्ट होने वाला है। इससे स्वदेशी हथियारों की ताकत का अंदाजा भी स्वतः ही लगाया जा सकेगा। गौरतलब है कि भारतीय सेना 100 फीसदी स्वदेशी हो चुकी है। यही वजह है कि अब भारतीय नौसेना और वायुसेना को स्वदेशी बनाने पर जोर दिया जा रहा है। केन्द्र सरकार चाहती है कि पनडुब्बी निर्माण और एयरक्राफ्ट इंजन मैन्युफेक्चरिंग में स्वदेशी टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाएगा। वर्तमान में सरकार को एयरक्राफ्ट इंजन या फिर कुछ सबसे बेहतरीन लड़ाकू विमानों के लिए विदेशी मुल्कों पर निर्भर होना पड़ता है। अब लेकिन भारत चाहता है कि आने वाले सालों में इस दिशा को पूरी तरह से बदल दिया जाएगा। पोखरण में हो रहा युद्धाभ्यास स्वदेशी कम्युनिकेशन और नेटवर्क की क्षमता का भी टेस्ट लेगा, ताकि ये पता लगाया जा सके कि क्या दुश्मन देश युद्ध के हालात में उन्हें हैक कर सकता है या नहीं। भारत शक्ति युद्धाभ्यास की एक खास बात ये है कि इसमें तीनों सेनाओं को एक साथ युद्धाभ्यास करने का मौका मिलेगा।

# भाजपा ने पहली सूची में ही अपनी हार मान ली : अखिलेश यादव

**-बीजेपी द्वारा लोकसभा प्रत्याशियों के ऐलान पर सपा प्रमुख ने दी प्रतिक्रिया**



**लखनऊ (ईएमएस)।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव के लिए सत्तारूढ़ दल के उम्मीदवारों की घोषणा पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पहली सूची में ही अपनी हार मान ली है। गौरतलब है कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को पीएम नरेन्द्र मोदी समेत देश के 195 उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी जिसमें उत्तर प्रदेश के 51 उम्मीदवार शामिल हैं। मिली जानकारी के मुताबिक सपा प्रमुख यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी एक पोस्ट में कहा कि भाजपा की लोकसभा उम्मीदवारों की पहली सूची बता रही है कि प्रथम दृष्टया जिन सीटों पर भाजपा के जीतने की थोड़ी सी भी संभावना है केवल उन 195 सीटों पर ही ये सूची आई है। यादव ने दावा किया कि इसका मतलब साफ है बाकी पर भाजपा साफ है। पूर्व सीएम ने कहा कि पहली सूची में ही भाजपा ने अपनी हार मान ली है क्योंकि वो बगावत के डर से उन लोगों को भी दुबारा उम्मीदवार बना रही है जो अपने-अपने संसदीय क्षेत्रों में कोई काम नहीं करवाने या फिर भ्रष्टाचार में संलिप्तता के कारण खुद ही चूनाव से दूर हैं। अखिलेश यादव ने इसी पोस्ट में सवाल उठाते हुए कहा कि जो बोरिया-बिस्तर बांध कर निकलना चाहते थे उन्हें दुबारा दबाव बनाकर लड़ने के लिए कहा जा रहा है। ये अनमने लोग क्या विपक्ष का सामना करेंगे। सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा के कार्यकताओं के बीच भी इस सूची के आने से गहरी हताशा आ गई है क्योंकि वो जनता के बीच अपने अधिकांश सांसदों के खिलाफ चल रही हवा से परिचित हैं। उन्होंने कहा कि जो युवा भाजपाई टिकट की उम्मीद में भाजपा के हर गलत काम में साथ दे रहे थे, वो भी निराश होकर, आगे निष्क्रिय हो जाएंगे। सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा की उम्मीदवारों की सूची भाजपा की नाउम्मीदगी की घोषणा भर है।

# भाजपा उम्मीदवार राजनाथ सिंह की जीत के लिए जुटे चुनावी विस्तारक



**लखनऊ, (हि.स.)।** लोकसभा चुनाव में भाजपा के चुनावी विस्तारकों ने मंडल स्तर पर कार्य योजना बनाकर सम्पर्क तेज कर दिया है। भाजपा उम्मीदवार राजनाथ सिंह की जीत के लिए सभी विधानसभाओं में चुनावी विस्तारक दिन रात एक कर रहे हैं। विस्तारकों को पार्टी से मिले मार्गदर्शन के अनुसार नये व पुराने पदाधिकारियों, व्यापारी नेताओं, अधिवक्ता, किसान समूहों से विस्तारक निरंतर सम्पर्क कर रहे है। लखनऊ पूर्वी विधानसभा में सक्रिय कार्यकर्ता के आवास पर पहुचें लोकसभा चुनाव के विस्तारक श्रीप्रकाश उपाध्याय ने छोटी बैठक कर बूथ के कार्यकताओं को चुनाव में अपनी ताकत लगाने को कहा। सक्रिय कार्यकताओं की ओर से राजनाथ सिंह के पुनः उम्मीदवार बनाये जाने पर प्रसन्नता जाहिर कर फिर से जीतेगें का संकल्प लिया। लोकसभा चुनाव में कैंट विधानसभा के विस्तारक विभोर ने कण्टोमेंट क्षेत्र में पुराने कार्यकताओं से मुलाकात की और पार्टी उम्मीदवार राजनाथ सिंह के चुनाव में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने को कहा।

कैंट विधानसभा के सक्रिय कार्यकर्ता संजय ने विस्तारक से कहा कि भाजपा के हमारे नेतृत्व राजनाथ सिंह आज फिर से हमारे उम्मीदवार है और उनकी जीत सुनिश्चित है। इस बार मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर पूरा जोर है।

**महापौर, एमएलसी, अध्यक्ष करेंगे बैठक** - भाजपा की ओर से लखनऊ में अपना उम्मीदवार राजनाथ सिंह को घोषित करते ही महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी, महापौर सुषमा खर्कवाल, एमएलसी मुकेश शर्मा ने बैठक की। तीनों ही पदाधिकारियों ने सूचीबद्ध कार्यकताओं से वार्ता शुरू कर दी है। लोकसभा चुनाव में चुनावी बैठकें करते हुए महापौर, एमएलसी, महानगर अध्यक्ष दिखायी देगें।

# केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा खूंटी में 1100 करोड़ की योजनाओं का करेंगे शिलान्यास




**खूंटी, (हि.स.)।** लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले ही खूंटी संसदीय क्षेत्र में 1100 करोड़ रुपये की योजना का शिलान्यास कार्यक्रम पांच मार्च को प्रस्तावित है। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा खूंटी समेत रांची को लोहरदगा से जोड़ने वाली मुख्य सड़क, रांची से बंदगांव को जोड़ने वाली सड़क और दुमका में करोड़ों की लागत से बनने वाली सड़क का शिलान्यास करेंगे। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार ने कहा कि पांच मार्च को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की भी पांच मार्च को खूंटी आने की संभावना है।

लेकिन फिलहाल उनके दौरे को लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। झारखंड के रघुवर दास के कार्यकाल में खूंटी बाइपास सड़क के निर्माण को मंजूरी दी गयी थी, लेकिन राजनीतिक साजिश और उदासीन रवैये के कारण अधिकारियों ने सड़क निर्माण पर रोक लगा दी। अर्जुन मुंडा के सांसद बनने के बाद बाइपास निर्माण की मांग तेज हो गयी और अर्जुन मुंडा ने खूंटीवासियों को बाइपास देने का वादा किया। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की पहल के बाद नया डीपीआर तैयार हुआ और एनएचआई ने इसे मंजूरी दे दी। राष्ट्रीय राजमार्ग 75ई पर तुपुदाना से बंदगांव फुलझड़ी पुल तक करीब 50 किलोमीटर सड़क का निर्माण 1100 करोड़ रुपये की लागत से एनएचएआई द्वारा किया जायेगा। रांची के तुपुदाना को जैतगढ़ से जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 75ई पर खूंटी और मुरहू में दो अलग-अलग बाईपास सड़कें और कई अंडरपास भी बनाए जाएंगे। राष्ट्रीय राजमार्ग 75ई पर तुपुदाना से बंदगांव फुलझड़ी पुल तक भी सड़क निर्माण होना है।

# लोकसभा चुनाव में 400 के पार जाएगा एनडीए गठबंधन : नीतीश कुमार



**बेगूसराय (ईएमएस)।** बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) आगामी लोकसभा चुनाव में भारी बहुमत से जीत हासिल करेगा और भारतीय जनता पार्टी नीत गठबंधन 400 से अधिक सीटें जीतेगा। पीएम नरेन्द्र मोदी ने बिहार के बेगूसराय जिले में शनिवार को देश भर में लगभग 1.62 लाख करोड़ रुपए की तेल एवं गैस क्षेत्र की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इन परियोजनाओं में 30 हजार करोड रुपए की कई विकास परियोजनाएं बिहार के लिए भी हैं। इस दौरान नीतीश कुमार ने बेगुसराय में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, ह्यबीच में हम इधर-उधर हो गए थे लेकिन हम फिर आ गए हैं (राजग में वापस)। स्थायी तौर पर रहने के लिए आ गए हैं। चिंता मत करिए। उन्होंने कहा, ह्यमैं एक बार फिर दोहरा रहा हूं कि राजग गठबंधन आगामी लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीटें जीतेगा। गौरतलब है कि बिहार के सीएम नीतीश कुमार पिछले महीने राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेतृत्व वाले महागठबंधन को छोड़ अपने पुराने सहयोगी भाजपा नीत राजग में लौट आए थे। नीतीश ने कहा कि हम बिहार में आपका स्वागत करते हैं। बिहार में खूब विकास हो रहा है। मुझे विश्वास है कि अब चीजें तेजी से आगे बढ़ेंगी और राज्य विकास की नयी ऊंचाइयों पर पहुंचेगा। नीतीश कुमार ने कहा कि पीएम मोदी ने आज कई परियोजनाओं का अनावरण किया, अब वह लगातार बिहार आते रहेंगे। इससे पहले औरंगाबाद में मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया था कि मैं मोदी को भरोसा दिलाता हूं कि अब मैं हमेशा राजग में तत्पर रहूंगा, और प्रदेश के विकास में एनडीए के साथ भागीदारी निभऊंगा।

# जेल में सड़ेंगे युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले : योगी

**- साढ़े चार हजार विद्यार्थियों को मिला स्मार्टफोन व टैबलेट का उपहार**
**- प्रोजेक्ट अलंकार के कार्यों और प्रीमियम स्मार्ट क्लास का सीएम ने किया शिलान्यास**



**गोरखपुर, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश भर के युवाओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि कोई भी युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता। यदि किसी ने ऐसा किया तो वह जिंदगी भर के लिए जेल में सड़ेगा। सरकार, उसके बाप-दादा की प्रॉपर्टी भी जब्त कर लेगी। मुख्यमंत्री योगी रविवार को राजकीय जुबली इंटर कॉलेज के मैदान में विद्यार्थियों को स्मार्टफोन व टैबलेट वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में 1500 विद्यार्थियों को टैबलेट और 3000 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन वितरित किए गए। मुख्यमंत्री ने 15 विद्यार्थियों को टैबलेट और 10 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन अपने हाथों से प्रदान किया। इस इस दौरान मुख्यमंत्री योगी ने 26 माध्यमिक विद्यालयों में 17.35 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट अलंकार के कार्यों तथा 141 माध्यमिक विद्यालयों में 7.58 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 330 प्रीमियम स्मार्ट क्लास रूम का शिलान्यास भी किया। चार इंटर कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को उन्होंने स्मार्ट क्लास का प्रमाण पत्र सौंपा।

**यूपी के युवा बनेंगे स्मार्ट : योगी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में सिर्फ स्मार्ट सिटी ही नहीं होगी बल्कि स्मार्टफोन और स्मार्ट क्लास से जुड़कर यूपी के युवा पूरी दुनिया के सामने स्मार्ट युवा बनेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवंबर 2021 में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना लांच कर स्मार्टफोन और टैबलेट वितरण का कार्यक्रम शुरू किया गया। इसका उद्देश्य युवा शक्ति को डिजिटली सक्षम बनाना है ताकि भविष्य में कोरोना जैसी कोई महामारी पठन पाठन को बाधित न कर आए। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जब भौतिक रूप से पठन पाठन ठप हो गया था तब पीएम मोदी ने तकनीक से जुड़ने का विजन दिया। आज इसी का अनुसरण करते हुए प्रदेश में 20 लाख युवाओं को बिना भेदभाव स्मार्टफोन और टैबलेट उपलब्ध करा दिए गए हैं। प्रदेश में 2 करोड़ युवाओं को स्मार्टफोन और टैबलेट उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इन स्मार्टफोन और टैबलेट में केंद्र और राज्य सरकार की उन योजनाओं को भी जोड़ा गया है जो युवाओं के भविष्य और उनकी आत्मनिर्भरता के लिए आवश्यक हैं। तकनीकी रूप से सक्षम होकर युवा आगे बढ़ेंगे और विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में अपना योगदान देंगे। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे यूपी को डिजिटल इंडिया का अग्रणी बनाने का संकल्प लेकर आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी स्मार्टफोन का उपयोग पाठ्यक्रम और सरकार की लाभकारी योजनाओं को जानने के लिए करें।

**जर्जर नहीं रहेंगे माध्यमिक विद्यालय** - मुख्यमंत्री ने कहा कि जर्जर माध्यमिक विद्यालयों को इंफ्रास्ट्रक्चर से मजबूत करने के लिए प्रोजेक्ट अलंकार की शुरूआत की गई है। सरकार पैसा दे रही है, कोई भी विद्यालय जर्जर नहीं होना चाहिए। प्रोजेक्ट अलंकार में राजकीय विद्यालय के लिए सरकार शत प्रतिशत अनुदान देती है जबकि सहायता प्राप्त अशासकीय विद्यालय को 75 प्रतिशत अनुदान सरकार देती है और 25 प्रतिशत हिस्सा विद्यालय प्रबंधन को देना होता है। संस्कृत विद्यालयों को इसमें 90 प्रतिशत अनुदान मिलता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय को जर्जर हालत से मुक्ति दिलाने के साथ नियमित सफाई पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। सीएम ने बताया कि आज प्रदेश भर के लिए प्रोजेक्ट अलंकार के कार्यों का शुभारंभ हो रहा है। गोरखपुर मंडल में 69 विद्यालयों में इसके तहत कार्य होंगे।

**प्रीमियम स्मार्ट क्लास के लिए सीएसआर फंड से दे रहे पैसा** - मुख्यमंत्री योगी ने माध्यमिक विद्यालयों के लिए प्रीमियम स्मार्ट क्लास की चर्चा करते हुए कहा कि इसके लिए सीएसआर फंड से पैसा दिलाया जा रहा है। स्मार्ट क्लास को डिजिटल लाइब्रेरी से जोड़कर इसे और उपयोगी बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक और विद्यार्थी स्मार्ट क्लास का उपयोग जरूर करें, पूरी दुनिया इससे जुड़ रही है। इसे लगाने वाली कंपनी कुछ समय तक फ्री सर्विस देगी। उन्होंने कहा कि जब आप सीखना प्रारम्भ करेंगे तो कहीं भी मात नहीं खानी पड़ेगी।

**नए यूपी में शिक्षा व्यवस्था हो रही नई** - मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि नए भारत के नए उत्तर प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप नई हो रही है। सरकार इसी हिसाब से इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर रही है। सरकार का संकल्प है कि यूपी का युवा दुनिया में किसी से पीछे नहीं रहेगा। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए सरकार ने हर जिले में अभ्युदय कोचिंग की व्यवस्था की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश बदल चुका है। यहां सुरक्षा है तो समृद्धि भी है। आजीविका है तो आस्था का सम्मान भी है। जबकि पहले युवा, आस्था, समृद्धि और सुरक्षा की चर्चा नहीं होती थी। 2014 के पहले यही हालात थे। आज देश, दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

**फिर एक बार मोदी सरकार का दिया नारा** - मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फिर एक बार मोदी सरकार का नारा दिया। उन्होंने कहा कि तीसरी बार मोदी सरकार बनने का मतलब देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना है। हर व्यक्ति और भारत को विकसित बनाना है। मोदी सरकार में कोई दुश्मन आंखें नहीं दिखा सकता। अगर दिखाएगा तो उसे सबक भी सिखाया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर मुख्यमंत्री ने सबसे पहले स्मार्ट क्लास के सिस्टम को डेमो प्रेजेंटेशन से समझा।

## यादव महाकुंभ में मुख्यमंत्री यादव बोले- यादव समाज किसी एक परिवार का ठेकेदार नहीं

**लखनऊ, (हि.स.)।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को यादव महाकुंभ में समाजवादी पार्टी और उसके मुखिया अखिलेश यादव पर जमकर हमला बोला। उन्होंने अखिलेश का जिक्र किए बिना कहा कि यादव समाज किसी एक परिवार का ठेकेदार नहीं है। उत्तर प्रदेश में चार-चार बार मुख्यमंत्री का पद जिनके घर में था उनसे पूछना चाहिए था कि उन्होंने यादव समाज के लिए क्या किया। डॉ. यादव ने लखनऊ जिले के गुड़ौरा में आयोजित यादव महाकुंभ में कहा, मैं एक किसान परिवार का बेटा अभाव एवं कठिनाइयों में पला-बढ़ा हूं। मेरे पिता राजनीति में भी नहीं हैं। मुख्यमंत्री नहीं थे। इन व्यवस्थाओं को वह जानते भी नहीं हैं लेकिन भाजपा ने हमें आगे बढ़ाने का काम किया। यादव महाकुंभ के दौरान सामने से कुछ लोगों ने पोस्टर लहराते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में यादवों के साथ अत्याचार हो रहा है। इस पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह जाकर उनसे बताओ जिनके घर में चार-चार बार मुख्यमंत्री का पद रहा। डॉ. यादव ने कहा कि भगवान कृष्ण की जहां बात होगी और वहां उल्टा- पुल्टा नहीं होगा तो मजा नहीं होगा। यह हमारे वंश में तो सामान्य बात है। कुश्ती नहीं हुई तो काहे का यादव। लाठी में दम नहीं तो काहे का यादव।

## टाटानगर से अयोध्या के लिए चार को रवाना होगी तीसरी आस्था स्पेशल ट्रेन



**रांची, (हि.स.)।** टाटानगर से अयोध्या के लिए सोमवार को आस्था स्पेशल ट्रेन का परिचालन होगा। ट्रेन तीसरी आस्था स्पेशल ट्रेन है। यात्रियों की भीड़ व लंबी वेटिंग को देखते हुए रेल प्रशासन ने यह अस्थायी व्यवस्था की है। रेलवे ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। 22 कोच वाली यह ट्रेन सुबह 11 बजकर 50 मिनट पर टाटानगर से रवाना होगी, जो चांडिल, पुरुलिया, बोकारो स्टील सिटी, राजाबेड़ा, गोमो, कोडरमा, गया, डेहरी ओन सोन, साहसाराम, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, वाराणसी, जौनपुर होते हुए अगली सुबह तीन बज कर 20 मिनट पर अयोध्या धाम पहुंचेगी। वापसी के लिए डाउन ट्रेन छह मार्च की सुबह आठ बजे अयोध्या से रवाना होगी। यह ट्रेन रात 11 बजे टाटानगर पहुंचेगी। दक्षिण पूर्व रेलवे ने ट्रेन संख्या 18109 टाटानगर एनएससीबी इतवारी एक्सप्रेस पांच मार्च और ट्रेन संख्या 18110 एनएससीबी इतवारी टाटानगर एक्सप्रेस का परिचालन सात मार्च को रद्द किया है। रेलवे के इस फैसले से इन ट्रेनों से सफर करनेवाले गरीब रेल यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इसकी जानकारी देते हुए दक्षिण पूर्व रेलवे ने बताया कि नागपुर मंडल में विकास कार्यों के कारण इन ट्रेनों का परिचालन रद्द किया गया है। इसके साथ रेलवे ने टाटानगर से चलकर यशवंतपुर को जाने वाली ट्रेन संख्या 18111 यशवंतपुर साप्ताहिक में अतिरिक्त कोच लगाने की जानकारी दी है।

## जन विश्वास रैली में खेसारी लाल ने राजद कार्यकर्ताओं का किया मनोरंजन



**पटना, (हि.स.)।** राजधानी के ऐतिहासिक गांधी मैदान में रविवार को राजद की जन विश्वास महारैली में भोजपुरी गायक खेसारी लाल यादव ने मंच पर 'तेजस्वी के बिना सुधार न होई' गाना से कार्यकताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। रैली में शामिल होने वाले लोगों के मनोरंजन के लिए पटना में भोजपुरी सिंगर खेसारी लाल यादव को बुलाया गया है। खेसारी यादव ने जब 'तेजस्वी के बिना सुधार ना होई और लालू बिना चालू ई बिहार ना होई' गाया तो राजद समर्थक थिरकने को विवश हो गये। रैली को लेकर महागठबंधन के कार्यकताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। खेसारी यादव ने मंच से कहा कि पटना के गांधी मैदान में जन विश्वास महारैली नहीं महोत्सव होने जा रहा है। इस मौके पर राजद नेताओं ने खेसारी लाल यादव को सम्मानित किया। राजद का झंडा हाथों में लेकर भारी संख्या में लोग खेसारी लाल का प्रोग्राम देखने पहुंचे थे। मौके पर खेसारी ने कहा कि आज ऐसा नहीं होता तो हम एकजुट नहीं होते। मैं आज आप सबके बीच गा रहा हूं यह भी संयोग है। तेजस्वी यादव को बड़ा करने में आप सबका बहुत बड़ा योगदान है। जिस दिन आपका आशीर्वाद पड़ जाता है तो एक भैंस चराने वाला भी खेसरिया हो जाता है।

# भाजपा ने परखकर एक-एक प्रत्याशी मैदान में उतारा है : चौधरी भूपेंद्र सिंह

**मुरादाबाद, (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने परखकर चरखकर एक-एक उम्मीदवार को चुनाव मैदान में उतारा है। आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन 400 से अधिक सीटों पर विजय श्री प्राप्त करेगा और तीसरी बार देश की कमान यशस्वी प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी संभालेंगे। यह बातें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने रविवार को मुरादाबाद के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कही। उन्होंने बिहार में हो रही महागठबंधन की रैली पर कहा कि यह महागठबंधन की नहीं बल्कि परिवारवाद की रैली है। बिहार की जनता हो या पूरे देश की जनता वह आईएनडीआईए नामक गठबंधन की सच्चाई से वाकिफ है। प्रदेश अध्यक्ष ने आगे कहा कि भाजपा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की नीति पर कार्य करती है। देश की जनता प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों से अति उत्साहित हैं। इसी कारण देश की 140 करोड़ जनता तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटों पर भाजपा गठबंधन की ऐतिहासिक जीत होगी।

## लोकसभा चुनावः झारखंड के खूंटी संसदीय क्षेत्र में एक बार फिर भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर



**खूंटी (झारखंड), (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी ने खूंटी (सुरक्षित) संसदीय सीट से जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को एक बार फिर उम्मीदवार बनाया है। इसके साथ यह साफ हो गया कि इस बार भी चुनाव में मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच ही होगा। अन्य सभी राजनीतिक दल सिर्फ वोटकटवा साबित होंगे। मुंडा जनजातीय बहुल खूंटी को वैसे तो भाजपा की परंपरागत सीट माना जाता है, जहां से पद्मभूषण कड़िया मुंडा आठ बार सांसद रह चुके हैं। वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में अर्जुन मुंडा कड़े मुकाबले में झामुमो समर्थित कांग्रेस उम्मीदवार काली चरण मुंडा को महज 1445 वोटों के अंतर पराजित कर संसद पहुंचे थे। वर्ष 1962 और 1967 के लोकसभा चुनाव में में झारखंड पार्टी के जयपाल सिंह मुंडा और 1971 में इसी पार्टी के निरल एनेम होरो (एनई होरो) ने यहां से जीत हासिल की थी। वर्ष 1977 में हुए संसदीय चुनाव में जनता पार्टी के कड़िया मुंडा ने जीत हासिल की थी लेकिन 1980 के लोकसभा चुनाव में झारखंड पार्टी के एनई होरो ने उन्हें परास्त कर दिया। वर्ष 1984 में कांग्रेस के साइमन तिग्गा ने जीत हासिल की थी। वर्ष 1989, 1991, 1996, 1998, में 1999 में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा के कड़िया मुंडा ने लगातार पांच बार जीत हासिल की। वर्ष 2004 और 2009 में भी कड़िया मुंडा यहां से सांसद चुने गये थे। वर्ष 2019 यहां से चुन गये और एक बार फिर वे चुनावी मैदान में हैं।

**दयामनी बारला को लेकर अटकलों का बाजार गर्म** - एक ओर जहां भाजपा ने खूंटी से अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दी है, वहीं कांग्रेस ने अपना पत्ता नहीं खोला है। कुछ दिन पहले तक माना जा रहा था कि इस बार भी काली चरण मुंडा पर ही कांग्रेस अपना दांव खेलेगी। वर्ष 2019 के चुनाव में काली चरण मुंडा अर्जुन मुंडा से महज 1445 वोटों से हार गय थे। दो बार के विधायक रह चुके काली चरण मुंडा खूंटी के भाजपा विधायक और राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा के सगे भाई हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की उम्मीदवार रही दयामनी बारला ने कुछ दिन पहले कांग्रेस का दामन थामा है। खूंटी सहित अन्य क्षेत्रों में विस्थापन विरोधी नेता के रूप में पहचान बनाने वाली दयामनी बारला 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में अपनी जमानत नहीं बचा पाई थी।

**क्यों मिला दावेदारी को बल** - दयामनी बारला को खूंटी संसदीय सीट से कांग्रेस का टिकट मिलने की अटकलों को उस समय बल मिला जब राहुल गांधी ने अपने खूंटी दौरे के क्रम में कांग्रेस के किसी स्थानीय नेता से न मिलकर गुमला जाने के दौरान रास्ते में सुदूर गांव भालूटोली में रुककर दयमनी बारला से आधे घंटे तक बातचीत की थी। खूंटी के कांग्रेस नेताओं ने राहुल गांधी के स्वागत की पुरजोर तैयारी की थी लेकिन राहुल से न काली चरण मुंडा मिल पाये और न ही कोई अन्य नेता। राजनीति के जानकार बताते हैं दयामनी बारला ईसाई समुदाय से आती हैं और आदिवासियों के बीच उनकी पकड़ अच्छी है। इसलिए टिकट को लेकर दयामनी की उम्मीदवारी को कम नहीं आंका सकता।

# नागरिक संघर्ष समिति ने ट्रेन के लोको पायलट और गार्ड का किया स्वागत



**अररिया, (हि.स.)।** पन्द्रह साल के बाद सहरसा फारबिसगंज रेलखंड पर ट्रेन का परिचालन शुरू होने पर फारबिसगंज में नागरिक संघर्ष समिति की ओर से रविवार की रात ट्रेन के स्टेशन पर पहुंचने पर लोको पायलट और गार्ड का स्वागत किया गया। लोको पायलट और गार्ड को माला पहनाकर एवं मुंह मीठा कराकर स्वागत किया गया इस दौरान नागरिक संघर्ष समिति के सदस्यों ने जमकर नारेबाजी की।बेगूसराय से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हरी झंडी दिखाकर सहरसा से जोगबनी चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था।इसके अलावे दानापुर जोगबनी एक्सप्रेस ट्रेन के साथ जोगबनी से सिलीगुड़ी वाली ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था।सहरसा से जोगबनी जाने वाली ट्रेन जहां रात के साढ़े नौ बजे स्टेशन पर पहुंची। दानापुर जोगबनी एक्सप्रेस उद्घाटित ट्रेन रात के एक बजे के करीब फारबिसगंज स्टेशन पर पहुंची तो नागरिक संघर्ष समिति के सदस्यों ने सबों का स्वागत किया।मौके पर समिति के रमेश सिंह,पवन मिश्रा,विनोद सरावगी,शेख मुमताज, राहिल खान,पार्षद इरशाद सिद्दीकी, करण कुमार पप्पू,राशिद जुनैद,ब्रजेश राय,शाहबाज खान,गोपाल कुमार सोनू,बेलाल अली, अनामुल खान,मुमताज अंसारी,मरकू अंसारी आदि मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि 18 अगस्त 2008 को हुए कुसहा त्रासदी के बाद से फारबिसगंज सहरसा रेलखंड पर ट्रेन का परिचालन बंद था।15 साल बाद जहां सहरसा से ट्रेन चली वहीं 90 साल बाद फारबिसगंज का जुड़ाव दरभंगा रेलखंड से भी हो गया।

संपादकीय

# संदेशखाली पर घिरी ममता सरकार

एक बार फिर ममता बनर्जी की सरकार को न्यायालय ने आईना दिखाया है। संदेशखाली के मामले में न्यायालय ने ममता बनर्जी की सरकार को आड़े हाथ लिया है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि महिलाओं की अस्मिता से जुड़े मामले में महिला होकर भी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उदासीनता दिखायी है। आरोपी शाहजहाँ शेख को गिरफ्तार करना तो दूर, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अब तक उसके खिलाफ एक शब्द नहीं कहा है। जबकि संदेशखाली की पीड़ित महिलाएं अब तो खुलकर सामने भी आ गईं। अपना सबकुछ दांव पर लगाकर ये महिलाएं लड़ाई लड़ रही हैं लेकिन उनकी मुख्यमंत्री न जाने कहाँ चुप्पी साधकर बैठ गई हैं। भले ही न्यायालय ने ममता सरकार को फटकार लगाते हुए शाहजहाँ शेख को गिरफ्तार करने का आदेश दिया है परंतु ममता सरकार कार्रवाई करेगी, इसकी संभावना दिख नहीं रही है। परंतु इतना तय है कि संदेशखाली से आ रहा हिंदू महिलाओं का पीड़ित स्वर ममता सरकार के पतन का कारण बनेगा। याद रखें कि महाभारत में जब द्रोपदी की अस्मिता पर कौरवों के हाथ उठे तो शक्तिशाली साम्राज्य ध्वस्त हो गया। तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के अपराधों का घड़ा भी अब भरने को है। तथाकथित सेकुलर ताकतों की चुप्पी भी उनके पाखंड को उजागर कर रही है। वे इसलिए चुप है कि ममता सरकार के खिलाफ बोलेंगे तो उसका लाभ लोकसभा चुनाव में भाजपा को न मिल जाए। तुच्छ राजनीतिक स्वार्थ के कारण कई नेताओं की जुबान पर ताला लग गया है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाल रहे कांग्रेस के नेता राहुल गांधी भी इस मामले में मुखर नहीं हो रहे। क्या संदेशखाली की हिंदू महिलाओं की चीख–पुकार राहुल गांधी के कानों तक नहीं पहुंच रही है? बहरहाल, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को यह समझ लेना चाहिए कि संदेशखाली में उनका निरंकुश व्यवहार, उनकी राजनीति पर बहुत भारी पड़ेगा। राजनीतिक विश्लेषक स्पष्ट तौर पर कह रहे हैं कि लोकसभा चुनावों से पहले पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के लिए संदेशखाली हिंसा का प्रकरण बड़ी मुसीबत बनेगा। जिस तरह से राज्य सरकार भाजपा सहित नागरिक समुदाय को संदेशखाली जाने से रोक रही है, उससे जाहिर होता है कि ममता सरकार शाहजहां शेख को संरक्षण दे रही है। सरकार यहां तक लोकतंत्र का गला दबा रही है कि भाजपा को कोलकाता में भी प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी गई। यह अच्छी बात है कि भाजपा ने इस मुद्दे को जबरदस्त ढंग से उठाया है। इसी कारण संदेशखाली का सच समाज के सामने आ सका है। न्यायालय के सख्ती दिखाने के साथ ही राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने भी कह दिया है कि यदि सरकार कार्रवाई नहीं करेगी तो उन्हें हस्तक्षेप करना पड़ेगा। निःसंदेह, राज्यपाल का काम यह देखना है कि सरकार नियमों के तहत कब कार्रवाई करती है। अगर ऐसा नहीं किया गया तो राज्यपाल को हस्तक्षेप करना ही चाहिए। संविधान, कानून और मौलिक अधिकारों को सुरक्षा करना आवश्यक है। संदेशखाली मामले में अब न्याय की उम्मीद न्यायालय से ही है। केंद्र सरकार को भी हस्तक्षेप करने में अधिक विलंब नहीं करना चाहिए।

संदेशखाली के मामले में न्यायालय ने ममता बनर्जी की सरकार को आड़े हाथ लिया है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि महिलाओं की अस्मिता से जुड़े मामले में महिला होकर भी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उदासीनता दिखायी है। आरोपी शाहजहाँ शेख को गिरफ्तार करना तो दूर, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अब तक उसके खिलाफ एक शब्द नहीं कहा है। जबकि संदेशखाली की पीड़ित महिलाएं अब तो खुलकर सामने भी आ गईं। अपना सबकुछ दांव पर लगाकर ये महिलाएं लड़ाई लड़ रही हैं लेकिन उनकी मुख्यमंत्री न जाने कहाँ चुप्पी साधकर बैठ गई हैं। भले ही न्यायालय ने ममता सरकार को फटकार लगाते हुए शाहजहाँ शेख को गिरफ्तार करने का आदेश दिया है परंतु ममता सरकार कार्रवाई करेगी, इसकी संभावना दिख नहीं रही है। परंतु इतना तय है कि संदेशखाली से आ रहा हिंदू महिलाओं का पीड़ित स्वर ममता सरकार के पतन का कारण बनेगा। याद रखें कि महाभारत में जब द्रोपदी की अस्मिता पर कौरवों के हाथ उठे तो शक्तिशाली साम्राज्य ध्वस्त हो गया। तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के अपराधों का घड़ा भी अब भरने को है। तथाकथित सेकुलर ताकतों की चुप्पी भी उनके पाखंड को उजागर कर रही है। वे इसलिए चुप है कि ममता सरकार के खिलाफ बोलेंगे तो उसका लाभ लोकसभा चुनाव में भाजपा को न मिल जाए। तुच्छ राजनीतिक स्वार्थ के कारण कई नेताओं की जुबान पर ताला लग गया है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाल रहे कांग्रेस के नेता राहुल गांधी भी इस मामले में मुखर नहीं हो रहे। क्या संदेशखाली की हिंदू महिलाओं की चीख–पुकार राहुल गांधी के कानों तक नहीं पहुंच रही है? बहरहाल, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को यह समझ लेना चाहिए कि संदेशखाली में उनका निरंकुश व्यवहार, उनकी राजनीति पर बहुत भारी पड़ेगा।

## भारत में हों या दुनिया के किसी भी देश में हों, बात जब माटी की होगी तब भारत का ही नाम लेते हैं

# खराब न होने दें अपनी माटी का स्वास्थ्य

अरुण कुमार दीक्षित

हमारे लोकजीवन में बार–बार माटी की बात होती है। कथित आधुनिक सोच ने मिट्टी को डस्ट और एलर्जी वाली वस्तु बताना काफी पहले शुरू किया। इससे माटी के प्रति हमारी अवधारणा भी बहुत हद तक प्रभावित हुई है। पहले घर भी माटी के होते थे। आज भी गांवों में माटी के बहुत सारे घर हैं। यह और बात है कि आर्थिक–सामाजिक परिवर्तन के कारण अब पक्के घर अधिक दिखाई देते हैं। माटी के घरों की पुताई माटी से ही होती थी। नीचे माटी, ऊपर माटी, सब तरफ माटी ही प्रयोग होती रही है। पहले घर में गृहस्थी के नाम पर सबसे अधिक माटी के बर्तन होते थे, जिन्हें हम गगरी, घड़ा, कलश, मटका, सुराही आदि नाम से जानते हैं।

हम सबके जीवन में माटी का बड़ा महत्व है। चाहे हम भारत में हों या दुनिया के किसी भी देश में हों, बात जब माटी की होगी तब भारत का ही नाम लेते हैं। अपनी माटी अपनी ही है। हमारे लोकजीवन में बार-बार माटी की बात होती है। कथित आधुनिक सोच ने मिट्टी को डस्ट और एलर्जी वाली वस्तु बताना काफी पहले शुरू किया। इससे माटी के प्रति हमारी अवधारणा भी बहुत हद तक प्रभावित हुई है। पहले घर भी माटी के होते थे। आज भी गांवों में माटी के बहुत सारे घर हैं। यह और बात है कि आर्थिक-सामाजिक परिवर्तन के कारण अब पक्के घर अधिक दिखाई देते हैं। माटी के घरों की पुताई माटी से ही होती थी। नीचे माटी, ऊपर माटी, सब तरफ माटी ही प्रयोग होती रही है। घर में गृहस्थी के नाम पर सबसे अधिक माटी के बर्तन होते थे, जिन्हें हम गगरी, घड़ा ,कलश, मटका,सुराही आदि नाम से जानते हैं। अब गांव और नगर दोनों में सुराही के पानी पर चर्चा होती है। अपने गांव में कुम्हार परिवार माटी के खिलौने, गगरी, कलश, सुराही, मटका, मटकी, दीया, दियाली के अलावा विभिन्न प्रकार माटी के उत्पादों को बनाते थे। अब परम्परा टूट गई। कुम्हार परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट है। वे उपेक्षा का शिकार हैं। गांव में भी प्लास्टिक की टोंटी वाली बाल्टी पहुंच गई है, जिसे वाटर बैग कहते हैं। माटी के सोंधेपन से हम गांववासी सीधे जुड़े हैं। कोई एक गिलास सुराही, घड़े का पानी पिला दे तो लगता है कि हम अपना बचपन वाला पानी पी रहे हैं। जिन लोगों को माटी के कुएं ,ईंट से बने कुओं का पानी पीने का सौभाग्य मिला, वही उसकी तासीर को आत्मसात कर सकते हैं । मांगलिक कार्यक्रमों विवाह, तिलकोत्सव, (फलदान) मुंडन ,छेदन, उपनयन संस्कार में माटी के बर्तन ही प्रयुक्त प्रयोग होते थे। मांड़ौ (मंडप) के नीचे कलश माटी का ही जल भरकर रखा जाता है। रंग-बिरंगे अक्षत लगाए जाते हैं । उसकी सतरंगी छटा हम सबने देखी है । हमें याद है, अस्सी के दशक तक मांगलिक कार्यक्रम में रसगुल्ला, जलेबी, बर्फी और कुल्फी माटी की ही तश्तरियों में ही अतिथियों को परोसी जाती थीं। पानी पीने के लिए दिए जाने वाले पात्र को लोग हुंडा कहते हैं । लोकभाषा में इसे कुज्जा भी कहा जाता है। तब की स्थिति में उसे हम सब तालाब से आई माटी ही जानते थे। कुम्हार तालाब से माटी लाते। माटी को कूटते। पीसते। पानी डालकर चाक पर



बर्तन बनाते। आवां में बर्तन पकाकर प्रयोग के लिए तैयार करते। यही बर्तन लोगों को प्रयोग के लिए देते थे। माटी के बर्तन प्रयोग के बाद फिर वापस माटी में मिल जाते। यह प्राकृतिक समन्वय था । इस पर मीटिंग और बैठकों के प्रस्ताव नहीं होते थे। हमारे कवि मनीषियों ने बताया है कि हमारा शरीर भी माटी है । कुछ भी कर लो। लगा लो और महका लो चमेली से, जूही से, गुलाब से, पारिजात से, मगर माटी को माटी ही होना है । इसे कबीर दास ने कागद कहा। यहु संसार कागद की पुड़िया बूंद परे घुलि जाना है। अब हम अति शहरी जीवन की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं । कुम्हारों का भारी नुकसान हुआ है । उन्हें प्रजापति भी कहा जाता है। हो सकता है वह प्रजापति। दक्ष प्रजापति के वंशज हों। माटी के बर्तनों का काम आदिकाल से करते हैं । पूरी दुनिया के वैज्ञानिक मृद्भांडों से सभ्यताओं और संस्कृतियों के निष्कर्ष निकालते हैं। सिंधु घाटी और मोहनजोदड़ो में यही जांचा । राखीगढ़ी और धोलावीरा को जांचा। खुदाई से प्राप्त रथों को भी जांचा। मतलब साफ है, माटी हमारे आदि-अनादि के प्रमाण दे रही है। मगर आधुनिक वैज्ञानिकों ने प्लॉस्टिक की बोतल बनाई । पहले बड़ी और अब छोटी भी उपलब्ध है। एक बड़ा हिस्सा हमारे जीवन में प्लॉस्टिक का है। वह हमें प्रतिपल प्रभावित कर रही है। हम जिस पेन से लिख रहे हैं, इसका का भी 98 प्रतिशत भाग प्लॉस्टिक का ही है। प्लॉस्टिक ने हमें माटी से दूर किया। परंपरा को प्लास्टिक ने नष्ट किया। कुम्हारों का व्यवसाय तहस-नहस किया । सामग्री रखने के लिए आधुनिक डिब्बे हैं। कुछ डिब्बे खुलने के और बंद होने की मशीनों से युक्त हैं। मगर माटी से तो पृथक ही किया प्लॉस्टिक ने । आज हमारे कुम्हार परिवार अपनी महान परंपरा से बाहर हैं। अन्य व्यवसाय करने के लिए विवश हैं। सरकारों ने मिट्टी के लिए कुछ कुम्हारों को भूमि का पट्टा भी दिया है। मगर कुम्हारों का मिट्टी के बर्तन बनाने से पलायन नहीं रोक पाए। इससे रासायनिक कचरे को बढ़ने का संबल मिला। हालात यह है कि रासायनिक कचरे नदियों और समुद्र के जल में घुल रहे हैं । जब तक हम प्लास्टिक प्रदूषण और स्टील के बर्तनों के प्रदूषण को शरीर में पहुंचाते रहेंगे, शरीर रुग्ण रहेंगे। बीमारियां बढ़ती रहेंगी। लाखों रुपये इलाज पर खर्च होते रहेंगे। हालात यह है कि माटी का स्वास्थ्य खराब हो रहा है। जिस तरह से हमारे अंदर प्राण है, उसी तरह से धरती में प्राणवायु है। पृथ्वी में एक विशेष गंध है। उसे सगंधा कहा गया है। वह गंध अनेक जहरीले रसायनों से खराब हुई है। खेती करने की परंपरा को काफी पहले खाद से हटाकर वैज्ञानिकों ने किसानों को उर्वरकों की ओर ध्यान आकर्षित कराया था। फिर फसलों को कीट-पतंगों से बचाने के लिए रसायनों के छिड़काव के परामर्श आकाशवाणी और अन्य समाचार माध्यमों से प्रसारित किए गए। अब कृषि वैज्ञानिक ही कह रहे हैं कि रसायनों के प्रयोग से बचें। हम कह सकते हैं कि भारत की आदिकालीन कृषि परंपरा में रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों की दखल कराकर क्षेत्र को भारी नुकसान पहुंचाया गया है । इसकी भरपाई हाल-फिलहाल होती नहीं दिख रही है। प्राचीन साहित्य में खेती की विशद चर्चा है। हमारे ऋषियों ने कहा कि जरा भी असावधानी कृषि और पशुओं को नष्ट कर देती है। जीवन का आधारभूत तत्व पृथ्वी है। इसी पर सारे प्राणी जन्म लेते हैं। पृथ्वी ही सबको धारण करती है। इसी से उसका नाम धरा है। पृथ्वी ही सभी प्राणियों वनस्पतियों का मधु है। सभी प्राणी इस पृथ्वी के सारतत्व हैं। भूमि पर ही ऐश्वर्य है। भूमि पर ही सारे भोग हैं। यही हमारी संस्कृति है। पृथ्वी ही हमारी सीता है। पृथ्वी के अपने विविध रंग हैं। कहीं वह काली है, कहीं भूरी है तो कहीं लाल। कहीं कंकड़ीली है। भारत की संस्कृति में प्रातः काल धरती को प्रणाम करने की ऋषि परम्परा है,जिसे हम प्रणाम करते हैं। उसके प्रति श्रद्धाभाव और आदर होता है। इसलिए आइए, हम सब अपनी मातृभूमि माटी की रक्षा और उसके स्व के लिए मिलकर काम करें। जिम्मेदारी हमारी-आपकी भी है। अपनी माटी के लिए एक कदम चलें।

दृष्टि कोण

# गोवा को देश की आध्यात्मिक राजधानी बनाने की तैयारी

अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि पर श्री रामलला के दर्शनपूजन करके खुद को धन्य महसूस कर रहा हूं। अंत में यह सवाल है कि क्या गोवा भारत की धरमिक और आध्यात्मिक राजधानी बन सकती है? निःसंदेह, यह हो सकता है। जिस प्रकार से गोवा अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आगे बढ़ रहा है, मुमकिन है कि जल्द ही यह भारत की आध्यात्मिक राजधानी बन जाएगी। कितने भारतीयों को पता है कि पुर्तगाली राज, खूबसूरत समुद्री तटों, नाइट लाइफ और प्रवृतिक सुंदरता से इतर गोवा का सनातन संस्वृति और ऐतिहासिक मंदिरों का समृद्ध इतिहास रहा है? गोवा अपने इसी गौरवशाली अतीत को एक बार फिर से स्थापित करने की ओर बढ़ रहा है। पुर्तगाली शासकों ने अपने 450 वर्षों से अधिक के शासनकाल के दौरान राज्य में मंदिरों को नुकसान पहुंचाया। 1961 तक देश के इस सबसे छोटे राज्य पर शासन के दौरान पुर्तगाली शासकों ने मुस्लिम शासकों की तरह ही हिदू मंदिरों को नष्ट किया था। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत का दावा है कि पुर्तगालियों ने अपने शासनकाल के दौरान मंदिरों को नष्ट करना शुरू कर दिया था। मराठा राजाओं की चेतावनी और शांति समझौते पर हुए हस्ताक्षर के बाद उन्होंने मंदिरों को नुकसान पहुंचाना बंद किया। 17वीं सदी में मराठा साम्राज्य की स्थापना करने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक की 350वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित एक समारोह में उन्होंने कहा कि राज्य को उसके समृद्ध सनातन संस्वृति लौटाने के लिए भारतीय जनता पाटा (भाजपा) की सरकार योजना बना रही है। समारोह में उन्होंने कहा कि कम से कम गोवा की आजादी के 60 साल बाद हमें पुर्तगालियों के निशान मिटा देने चाहिए। गौरतलब है कि मराठा शासक ने ही सबसे पहले देश में स्वराज या स्वशासन का विचार रखा। उन्होंने गोवा आकर सप्तकोटेश्वर मंदिर का पुर्ननिर्माण कराया और पुर्तगालियों को मंदिरों को नष्ट करने के खिलाफ चेतावनी दी। राज्य के मुख्यमंत्री ने कहा कि 'यही कारण है कि हम कहते हैं कि हिदू संस्वृति को बचाने का प्रमुख श्रेय शिवाजी और उनके बेटे संभाजी को जाता है।' इस बीच, गोवा पर्यटन विभाग ने एकादश तीर्थ की शुरुआत कर आध्यात्मिकता, स्वदेशी, सयतागत और सांस्वृतिक राष्ट्रवाद पर जोर देना शुरू कर दिया है। इस योजना के एक हिस्से के रूप में राज्य भर में 11 मंदिरों के आसपास समुदाय- आधारित पर्यटन वेंद्र विकसित करने की तैयारी जोरों पर है। ये सभी 11 मंदिर राज्य के उन सात पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्रों से होंगे, जहां विकास एवं निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता। एकादश तीर्थ परियोजना आध्यात्मिकता, स्वदेशी, सयतागत और सांस्वृतिक राष्ट्रवाद व जागरूक पर्यटन के चार मुख्य स्तंभों पर आधारित है। इस परियोजना का उद्देश्य देश के पर्यटकों को थाईलैंड और इंडोनेशिया जैसे देशों की जगह गोवा की ओर आर्कषित करना है। एकादश तीर्थ परियोजना में पर्यटन विभाग मंदिरों के आसपास स्थानीय समुदायों और खास कर महिलाओं के नेतृत्व वाले समूहों की भागीदारी सुनित करेगा। यहां आने वाले पर्यटकों को मंदिरों में पूजापाठ करने के साथ यहां के स्थानीय समुदायों के साथ समय बिताने और उनकी जीवनशैली को समझने का मौका मिलेगा। इस बीच, गोवा पर्यटन विकास निगम (जीटीडीसी) ने क्यूपेम, सत्तारी, वैनाकोना और सवोर्डेम में स्थित मंदिरों को नया और भव्य रूप देने की दिशा में कदम बढ़ाना शुरू कर दिया है। राज्य पर्यटन विभाग गोवा को दक्षिण का काशी के रूप में पहचान दिलाने के लिए लगातार पहल कर रहा है। इसी पहल के तहत गोवा के धरमिक पक्ष, विशेष रूप से मंदिरों को पर्यटकों के लिए खोला जा रहा है। जीटीडीसी ने सत्तारी स्थित महत्वपूर्ण मंदिरों में पर्यटन के लिहाज से सुविधाएं बढ़ानी शुरू कर दी हैं। यहां के मंदिरों के सौंदयाकरण के साथ इसके आसपास के ढाचें को पर्यटन के लिहाज से विकसित करने के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए एक सलाहकार भी नियुत्त कर लिया गया है। सत्तारी में मंदिरों के साथ-साथ शांतादुर्ग मंदिर, श्री बेताल नागनाथ मंदिर और वैनाकोना में अगोंदेश्वर मंदिर के सौंदयाकरण का कार्य तेजी से आगे बढ़ेगा। गोवा पर्यटन बोर्ड की अधिकार प्राप्त समिति जल्द ही आध्यात्मिक पर्यटन स्रकिट को अंतिम रूप देगी। साथ ही संवोर्डेम के ढाडे में श्री बेताल नागनाथ मंदिर में चार करोड़ रुपये की लागत से शौचालय, प्रवेश द्वार, लाइटिग की व्यवस्था और अन्य सुविधाएं मिलेंगी। सूत्रों के मुताबिक, र्आकिटेक्चरल फर्म फोर्थ डायमेंशन र्आकिटेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड इस काम के लिए सलाहकार है। यही फर्म फतोरपा में शांतादुर्गा मंदिर की सुविधाओं के विकास और सौंदयाकरण की भी देखरेख करेगी। इस परियोजना के लिए भी चार करोड़ रुपये की राशि का अनुमान लगाया गया है।

कुछ अलग

# सुरक्षा हो प्राथमिकता

देश का राजनीतिक परिदृश्य आम चुनाव के रंग में रंगता नजर आ रहा है। लगातार नई योजनाओं के शिलान्यास, घोषणाएं और उद्घाटन उसकी बानगी है। निस्संदेह, विकास में तेजी देश की जरूरतों और रोजगार के लिये अपरिहार्य है। सोमवार को प्रधानमंत्री द्वारा दो हजार रेलवे ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास सुखद ही कहा जाना चाहिए। उन्होंने देश में वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये इकतालीस हजार करोड़ रुपये से अधिक की करीब दो हजार परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसमें 'प्रधानमंत्री अमृत भारत स्टेशन योजना' के अंतर्गत 553 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का शिलान्यास भी शामिल था। देश के 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के इन स्टेशनों पर करीब उन्नीस हजार करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकास किया जाना है। निस्संदेह, देश की बढ़ती आबादी की जरूरतों तथा स्टेशनों के आधुनिकीकरण की आवश्यकता के चलते यह आवश्यक हो गया है कि रेलवे स्टेशनों को सुविधाजनक बनाया जाए। इसमे दो राय नहीं कि रेल विभाग की खस्ता हालत के लिये सस्ती राजनीति भी जिम्मेदार रही है,जिसकी तरफ प्रधानमंत्री ने इशारा भी किया है। विगत में देखा गया कि गठबंधन सरकारों के दौर में रेल मंत्री का पद हासिल करने के लिए दबाव की राजनीति की जाती थी। जिसका मकसद नेताओं का अपने संसदीय क्षेत्र की जनता के लिए विशेष ट्रेन चलाना और अपने इलाके के अपने समर्थक बेरोजगारों को नियम-कानून ताक पर रखकर रेलवे में भर्ती करना होता था। यह एक हकीकत है कि दुनिया के सबसे बड़े रेलवे नेटवर्क्स में शुमार होने के बावजूद न तो रेल सेवा की गुणवत्ता बन पायी और न ही आर्थिक रूप से रेलवे मजबूत बन पाया। निस्संदेह, आम लोगों की सुविधा के मद्देनजर रेल के किराये काफी कम हैं। जब भी गुणवत्ता को बनाये रखने के मकसद से रेल के किराये में वृद्धि का प्रस्ताव आता था तो राजनेताओं द्वारा उसे चुनावी मुद्दा बना लिया जाता था। निस्संदेह, गुणवत्ता की रेल सेवा बनाने के लिये यात्रियों के योगदान की भी जरूरत है। बहरहाल, इसके बावजूद आज देश में सामान्य रेल यात्रा को पूरी तरह सुविधाजनक व सुरक्षित नहीं कहा जा सकता है। आये दिन रेल दुर्घटनाएं और मानवीय चूक की खबरें सामने आती रहती हैं। हाल ही में खबर आई थी कि गत पच्चीस फरवरी को जम्मू के कठुआ रेलवे स्टेशन पर एक मालगाड़ी बिना ड्राइवर के चल पड़ी थी। यह ट्रेन बिना ड्राइवर व गार्ड के साठ किलोमीटर की रफ्तार से चल पड़ी थी। इसे तब रोका जा सका जब यह करीब डेढ़ घंटे का सफर तय करके एक छोटे स्टेशन पर पहुंच चुकी थी। गनीमत यह रही कि इसके रास्ते में कोई दूसरी ट्रेन नहीं आई और एक बड़ा हादसा टल गया। बताते हैं कि कठुआ स्टेशन पर ड्राइवर व गार्ड को बदला जाना था, लेकिन ड्यूटी खत्म कर रहा ड्राइवर मालगाड़ी में हैंड ब्रेक लगाना भूल गया। यद्यपि इस आपराधिक लापरवाही के चलते स्टेशन मास्टर समेत छह अधिकारियों व कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया लेकिन यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि भविष्य में ऐसी कोताही न बरती जाए। निस्संदेह, यह घटना बताती है कि रेलवे की कार्यशैली में बदलाव की आवश्यकता है वहीं चालक और स्टाफ को अधिक सतर्क व जवाबदेह बनाने की जरूरत है। निस्संदेह, रेलवे के ढांचे का विस्तार व आधुनिकीकरण समय की मांग है, लेकिन पहले पुराने रेलवे के ढांचे को सुरक्षित व फुलप्रूफ बनाने की जरूरत है। वहीं रेलवे की पटरियों के रखरखाव के साथ ही रेलवे स्टाफ को इसके परिचालन में अतिरिक्त सावधानी की दरकार है। निस्संदेह, रेल परिचालन में एक छोटी चूक सैकड़ों लोगों के जीवन पर संकट उत्पन्न कर सकती है।

देश दुनीया से

# मानव जीवन में विज्ञान की बढ़ती महत्ता



युवाओं के साथ–साथ समाज के प्रत्येक वर्ग के दिलोदिमाग में विज्ञान के प्रति अधिकाधिक रूचि जागृत करने के लिए ही प्रतिवर्ष 28 फरवरी को 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' मनाया जाता है। दरअसल इस दिवस के जरिये बच्चों को विज्ञान को बतौर वैरियर चुनने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ताकि देश की आने वाली पीढ़ी विज्ञान के क्षेत्र में अपना उल्लेखनीय योगदान दे सके और देश प्रगति के मार्ग पर निरन्तर अग्रसर रहे। विज्ञान एवं प्रौदृोगिकी संचार के लिए राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौदृोगिकी परिषद द्वारा भारत में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में नामित करने के लिए वर्ष 1986 में भारत सरकार को कहा गया था और सरकार द्वारा इसे स्वीवृति प्रदान किए जाने के बाद से 28 फरवरी 1987 से प्रतिवर्ष इसी दिन भारतीय विज्ञान के क्षेत्र में एक महान कार्यांम के रूप में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता रहा है।

विज्ञान ने आज मानव जीवन को बेहद आसान और सुविधाजनक बना दिया है। आज के समय में विज्ञान के प्रति युवाओं की कितनी रूचि है, इसी पर देश का भविष्य निर्भर करता है। युवाओं के साथ-साथ समाज के प्रत्येक वर्ग के दिलोदिमाग में विज्ञान के प्रति अधिकाधिक रूचि जागृत करने के लिए ही प्रतिवर्ष 28 फरवरी को 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' मनाया जाता है। दरअसल इस दिवस के जरिये बच्चों को विज्ञान को बतौर वैरियर चुनने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ताकि देश की आने वाली पीढ़ी विज्ञान के क्षेत्र में अपना उल्लेखनीय योगदान दे सके और देश प्रगति के मार्ग पर निरन्तर अग्रसर रहे। विज्ञान एवं प्रौदृोगिकी संचार के लिए राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौदृोगिकी परिषद द्वारा भारत में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में नामित करने के लिए वर्ष 1986 में भारत सरकार को कहा गया था और सरकार द्वारा इसे स्वीवृति प्रदान किए जाने के बाद से 28 फरवरी 1987 से प्रतिवर्ष इसी दिन भारतीय विज्ञान के क्षेत्र में एक महान कार्यांम के रूप में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता रहा है। यह दिवस भारत के महान वैज्ञानिक भौतिक शास्त्री सर सी. वी. रमन की खोज 'रमन प्रभाव' को सदैव याद रखने और विश्व पटल पर विज्ञान के क्षेत्र में भारत का नाम रोशन करने वाले इस वैज्ञानिक को सम्मान देने के लिए उनकी स्मृति में मनाया जाता है। दरअसल सर सी वी रमन भौतिकी विज्ञान के क्षेत्र में पहले ऐसे भारतीय थे, जिन्होंने भारत में ऐसे आविष्कार पर शोध किया था। कोलकाता में इंडियन एसोसिएशन फॉर द कल्टीवेशन ऑफ साइंस में 1907 से 1933 तक सर चन्द्रशेखर वेंकट रमन ने कार्य किया था। उस दौरान उन्होंने भौतिकी के कई बिन्दुओं पर शोध किया था, जिसमें से 'रमन प्रभाव' (प्रकाश के पैलने पर प्रभाव, जब विभिन्न वस्तुओं के द्वारा उसे गुजारा जाता है) उनकी महान सफलता और खोज बनी, जो न केवल विज्ञान जगत में लोकप्रिय हुआ बल्कि पूरी दुनिया ने उनकी इस खोज को सराहा। सर सी वी रमन की यह खोज 28 फरवरी 1928 को दुनिया के सामने आई थी, जिसके बाद पूरी दुनिया में उनकी इस खोज ने तहलका मचा दिया था। उनके इसी बड़े आविष्कार के लिए वर्ष 1930 में उन्हें भौतिकी के क्षेत्र में दुनिया का सबसे बड़ा माना जाने वाला 'नोबेल पुरस्कार' दिया गया था। वे एशिया के ऐसे पहले व्यत्ति थे, जिन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित होने का गौरव हासिल हुआ था। 'रमन प्रभाव' खोज के लिए उन्हें नोबेल पुरस्कार के अलावा भी अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने के पात भारत लौटने पर उन्होंने कहा था कि मेरे जैसे न जाने कितने ही रमन सुविधाओं और अवसरों के अभाव में यूं ही अपनी प्रतिभा गंवा देते हैं, जिससे केवल उनका ही नहीं बल्कि पूरे भारतवर्ष का नुकसान है, जिसे हमें रोकना होगा।''वर्ष 2013 से अमेरिकन केमिकल सोसायटी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय ऐतिहासिक केमिकल लैंडमार्व के रूप में 'रमन प्रभाव' को नामित किया गया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस प्रतिवर्ष एक निर्धारित थीम के तहत मनाया जाता है। 2024 की विज्ञान दिवस की थीम है 'विकसित भारत के लिए स्वदेशी तकनीक', जिसका उद्देश्य घरेलू प्रौदृोगिकियों के महत्व, और भारतीय वैज्ञानिकों के प्रयासों को प्रकाश में लाना है। वर्ष 2022 की थीम थी 'सतत भविष्य के लिए विज्ञान और प्रौदृोगिकी में एकीवृत दृष्टिकोण' और वर्ष 2021 की थीम थी 'एसटीआईं का भविष्य : शिक्षा कौशल और कार्य का प्रभाव'। एसटीअईं का अर्थ है साइंस, टैक्नोलॉजी एंड इनोवेशन। यह विषय शिक्षा कौशल और कार्य पर विज्ञान, प्रौदृोगिकी और नवाचार (एसटीअईं) के भविष्य में पड़ने वाले प्रभाव पर प्रकाश डालता है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की वर्ष 1999 से लेकर अब तक की थीम पर नजर डालें तो वर्ष 1999 का विषय था 'हमारी बदलती धरती'। वर्ष 2000 का विषय था 'मूल विज्ञान में रूचि उत्पन्न करना, 2001 का 'विज्ञान शिक्षा के लिए सूचना तकनीक', 2002 का 'पामि से धन', 2003 का 'जीवन की रूपरेखा : 50 साल का डीएनए और 25 वर्ष का आईंवीएफ', 2004 का 'समुदाय में वैज्ञानिक जागरूकता को बढ़ावा देना', 2005 का 'भौतिकी को मानना', 2006 का 'हमारे भविष्य के लिए प्रवृति की परवरिश करें', 2007 का 'प्रति द्रव्य पर ज्यादा फसल', 2008 का 'पृथ्वी ग्रह को समझना', 2009 का 'विज्ञान की सीमा को बढ़ाना', 2010 का 'दीर्घकालिक विकास के लिए लैंगिक समानता, विज्ञान और तकनीक, 2011 का 'दैनिक जीवन में रसायन', 2012 का 'स्वच्छ ऊर्जा विकल्प और परमाणु सुरक्षा', 2013 का 'अनुवांशिक संशोधित फसल और खादृा सुरक्षा', 2014 का 'वैज्ञानिक मनोवृत्ति को प्रोत्साहित करना', 2015 का 'राष्ट्र निर्माण के लिए विज्ञान', 2016 का 'देश के विकास के लिए वैज्ञानिक मुद्दों पर सार्वजनिक प्रशंसा बढ़ाने के लक्ष्य', 2017 का 'विज्ञान और प्रौदृोगिकी विकलांग व्यत्तियों के लिए', 2018 का 'एक सतत भविष्य के लिए विज्ञान और प्रौदृोगिकी' तथा वर्ष 2019 का राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का विषय 'लोगों के लिए विज्ञान और विज्ञान के लिए लोग' था।

आप का नजरीया

# सेंधमारी का खेल

सेंधमारी का खेल राजनीति में नैतिकता पर बल देने की बात न कोईं करता है और न सुनना चाहता है कितु वास्तविकता तो यह है कि सारे टंटे की जड़ यही है कि जब खुद पर पड़ती है तो नैतिकता याद आती है और जब अपना हित सध रहा हो तो कहा जाता है कि नैतिकता गईं भाड़ में। राज्यों में राज्य सभा चुनाव हुए। दिलचस्प बात यह है जीतने के लिए पर्याप्त विधायकों की संख्या से ज्यादा प्रत्याशी खड़ा करके जब यह संकेत दे दिया जाता है कि जितना वह अपनी संख्या बल पर जीत जाते हैं उतना तो ठीक है, अतिरिक्त प्रत्याशी को इधर-उधर से व्रास वोटिंग कराकर जिता देंगे। इस काम में भारतीय जनता पार्टी की भूमिका आज कल देखी जा सकती है। पहले यही काम कांग्रेस करती थी। आज भी स्मरण है कि 1980 के दशक में भाजपा ने कांग्रेस से अनुरोध किया था कि यदि वह जरा-सी नरमी दिखा दें तो राजस्थान में राज्यसभा की एक सीट उन्हें मिल जाती और उनके अधिवृत उम्मीदवार सतीश चन्द्र अग्रवाल भी राज्यसभा में पहुंच जाते। कांग्रेस ने भाजपा के अनुरोध पर ध्यान नहीं दिया था। कितु पंडित जवाहर लाल नेहरू ने सदाशयता दिखाते हुए उत्तर प्रदेश से तत्कालीन भारतीय जनसंघ के प्रत्याशी अटल बिहारी वाजपेयी को अपने अतिरिक्त विधायकों की संख्या बल पर राज्यसभा में भेज दिया था। राजनीतिक विद्वेष का अब जो दौर चल रहा है, उसमे एक पार्टी दूसरे के घर के अंदर कलह का फायदा उठाती हैं। समाजवादी के विधायकों की संख्या के मुताबिक उसे राज्य सभा की तीन सीट मिल सकती थी और भाजपा को आठ सीटें आसानी से मिलने की उम्मीद थी। कितु भाजपा ने एक नौवां प्रत्याशी इस उम्मीद में खड़ा कर दिया कि दूसरी पार्टियों के विधायकों द्वारा मिलने वाले वोटों से वह अपने अतिरिक्त उम्मीदवार को भी जिता लेंगे। परिस्थिति ऐसी बनी कि सपा के सात विधायकों ने भाजपा प्रत्याशी को वोट डाल दिया। अब सपा का जो तीसरा प्रत्याशी आसानी से जीत सकता था, उसकी उम्मीदों पर पानी फिरना स्वाभाविक था। सच तो यह है कि आजकल भाजपा वही कर रही है जो पहले सर्वशक्तिमान कांग्रेस किया करती थी। मतलब यह कि जितना उसके पास है, उतना तो उसका है ही जो दूसरे का है, उसमें से भी उसे चाहिए। इसी को कहते हैं राजनीति में नैतिकता को भूलना और पर उपदेश वुशल बहुतेरे। मामला अकेले उत्तर प्रदेश का ही नहीं है, हिमाचल प्रदेश में जहां कांग्रेस बहुमत में है, वह राज्यसभा में अपने प्रत्याशी को नहीं जिता पाईं, जबकि भाजपा अपने प्रत्याशी हर्ष महाजन को जिताने में सफल रही। इसी तरह बिहार में भी आरजेडी के तीन विधायकों ने भी भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट दिए। इस सेंधमारी के खेल में अकेले भाजपा ही शामिल नहीं है। कोशिश सभी करते हैं, और इसीलिए सपा ओम प्रकाश राजभर की पार्टी के एक विधायक को अपने प्रत्याशी के पक्ष में वोट कराने में सफल हुईं। यह दूसरी बात है कि इस खेल में भाजपा चैम्पियन साबित हो रही है।



# इस्राइल हमास के साथ छह हफ्ते के युद्धविराम पर सहमत

**यरूशलम।**
अमेरिका के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को कहा कि प्रस्तावित गाजा संघर्ष विराम और बंधकों के रिहाई समझौते के लिए इस्राइल सहमत है, लेकिन अब इस पर फैसला हमास को करना है। अधिकारी ने कहा कि इस्राइल ने संघर्ष विराम प्रस्ताव को लगभग स्वीकार कर लिया है।

प्रस्ताव के अनुसार गाजा में छह सप्ताह के संघर्ष विराम के साथ-साथ हमास बंधक बनाए गए बीमार, घायल, बुजुर्ग और महिलाओं को रिहा भी करेगा। फिलहाल, गेंद हमास के पाले में है। हम जितना संभव हो सकेगा युद्धविराम के लिए प्रयास करेंगे। भुखमरी का शिकार गाजा के लोग दाने दाने को मोहताज है। वहां भोजन और पानी जैसी जरुरतों की भी पूर्ति नहीं हो पा रही है। मानवीय सहायता की उम्मीद लिए बैठे गाजा के लोगों को अमेरिका ने पहली बार विमान से मदद पहुंचाई। तीन सी-130 विमानों ने क्षेत्र में पैराशूट के माध्यम से 35,000 से अधिक खाने के पैकट गिराए। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, यहां एक चौथाई आबादी अकाल से बस एक कदम दूर है।

फलस्तीनियों ने इंटरनेट मीडिया पर सहायता के लिए गिराए गए पैकेट का वीडियो साझा किया। व्हाइट हाउस ने कहा कि इजरायल इस ऑपरेशन का समर्थन करता है। वहीं, घरेलू और विदेशी दबाव के बीच बाइडन प्रशासन साइप्रस से समुद्र द्वारा जहाज के माध्यम से भी सहायता भेजने पर विचार कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि गाजा में इजरायली बलों द्वारा अनुमानित 9,000 महिलाओं की हत्या की गई है। यहां भुखमरी की स्थित भयावह है। पांच में से चार महिलाओं (84 प्रतिशत) ने संकेत दिया है कि उनके परिवार के कम से कम एक सदस्य को पिछले सप्ताह के दौरान भोजन छोड़ना पड़ा। इनमें से 95 प्रतिशत मामलों में माताएं भोजन के बिना रहती हैं। अपने बच्चों को खिलाने के लिए कम से कम एक समय का भोजन नहीं करती हैं।

### रफा सिटी में इस्राइल के हमले में 11 की मौत

गाजा में इस्राइल-हमास के बीच करीब पांच महीने से संघर्ष जारी है। सात अक्तूबर को दक्षिण इस्राइल पर हमास के हमले के बाद शुरू हुए युद्ध में तीस हजार से ज्यादा लोगों की जानें जा चुकी हैं। इस्राइली सेना ने शनिवार को रफा सिटी में एक अस्पताल के पास बने शरणार्थी शिविर पर बमबारी की, जिसमें 11 फलस्तीनी नागरिक मारे गए और 50 अन्य घायल हुए हैं। गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इस्राइली सेना ने दीर अल-बलाह और जबालिया में तीन घरों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए। इन हमलों में 17 फलस्तीनी मारे गए और दर्जनों घायल हुए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### नहीं बुझ पाई सबसे बड़ी जंगल की आग, दो की मौत सैकड़ों घर तबाह



टेक्सास। अमेरिका के टेक्सास राज्य के जंगल में लगी आग को बुझाने में दमकलकर्मियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि अग्निशामकों को राज्य के इतिहास की सबसे बड़ी जंगल की आग को पैनहैंडल शहर के बड़े हिस्से में फैलने से रोकने के लिए बढ़ते तापमान और तेज हवाओं जैसी कठिन मौसमी परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। 'स्मोकहाउस क्रीक आग' को टेक्सास के इतिहास की सबसे बड़ी जंगल की आग बताया है। जंगल में आग सोमवार को लगी लेकिन अभी इसके कारणों का पता नहीं चला है। बाद में यह आब टेक्सास के कैनेडियन शहर के आसपास भी फैल गई। बुधवार तक आग पैनहैंडल में बड़े पैमाने पर खेतों तक फैल गई थी और बृहस्पतिवार तक यह राज्य की सबसे भीषण आग में तब्दील हो गई। हालांकि आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है। टीम के प्रवक्ता जेसन नेडलो ने बताया कि दमकलकर्मियों का लक्ष्य उत्तरी और पूर्वी सीमा पर आग पर काबू पाना है क्योंकि दक्षिण-पश्चिम से चल रही तेज हवाओं से आग की लपटों के कई एकड़ जमीन में फैलने का खतरा है। आग लगने से 2 लोगों की मौत हुई है। भीषण आग से टेक्सास के पैनहैंडल में मैदान तबाह हो गए है, मवेशी मारे गए हैं, घर जल गए हैं और इस प्रकार से कुल 500 निर्माणस्थल नष्ट हुए हैं। आग लगने के बाद देखते ही देखते आग की लपटें ओक्लाहोमा सीमा को पार कर गई है। इस आग से 4,400 वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र जल गया है। मौसम की स्थिति से अभी यह अनुमान लगाना संभव नहीं है कि आग की लपटों पर पूरी तरह से कब तक काबू पा लिया जाएगा।

### मिसौरी के रिपब्लिकन प्रेसिडेंशियल कॉकस में फिर कामयाब हुए ट्रंप



**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार चुनाव जीत रहे हैं। उनकी जीत के बढ़ते कदम उन्हे राष्ट्रपति की कुर्सी की तरफ ले जा रहे हैं। बीते रोज उन्होंने एक और शानदार जीत हासिल की है। ट्रंप ने मिसौरी के रिपब्लिकन प्रेसिडेंशियल कॉकस में जीत हासिल की है। मध्य-पश्चिमी राज्य में संयुक्त राष्ट्र में पूर्व अमेरिकी राजदूत निक्की हेली पर ट्रम्प की जीत पूर्व राष्ट्रपति के लिए एक और अच्छी खबर है, जिन्होंने पहले आयोवा, न्यू हैम्पशायर, नेवादा और दक्षिण कैरोलिना में जीत हासिल की थी। रिपोर्ट के अनुसार, एक प्रमुख राज्य मिशिगन में, ट्रम्प ने मंगलवार को रिपब्लिकन प्राइमरी में 68 प्रतिशत से अधिक वोट हासिल कर जीत हासिल की थी। शनिवार को, रिपब्लिकन सम्मेलन के दौरान उन्हें अधिक प्रतिनिधियों का समर्थन मिला, इससे उत्तरी राज्य में उनकी जीत पक्की हो गई। ट्रम्प ने अब तक 100 से अधिक प्रतिनिधियों को एकत्र किया है। रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद का नामांकन हासिल करने के लिए कम से कम 1,215 प्रतिनिधियों का समर्थन हासिल करने की आवश्यकता होगी।

### पाकिस्तान में सुरक्षाबलों ने तीन आतंकी मार गिराए



वॉशिंगटन । पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को सुरक्षाबलों ने तीन वॉन्टेड आतंकियों को मार गिराया। पाकिस्तानी सेना की ओर से जारी बयान के मुताबिक, कोहत संभाग के करक जिले में चलाए गए अभियान में चार आतंकी घायल भी हुए हैं। इस अभियान के बाद आतंकियों के ठिकाने से भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया गया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अमेरिका में रह रहे उसके समर्थकों ने चुनाव में 400 सीट जीतने के लक्ष्यों की ओर योगदान देने के लिए प्रचार अभियान शुरू कर दिया। ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (ओएफबीजेपी), यूएसए के अध्यक्ष अदापा प्रसाद ने वॉशिंगटन डीसी के मैरीलैंड उपनगर में शनिवार को चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करने के बाद कहा, ''भारतीय प्रवासी समुदाय भारत में भाजपा को समर्थन देने जा रहा है।'' इस कार्यक्रम में ओएफबीजेपी के करीब 100 कोर सदस्य शामिल हुए।

### कुर्सी पर बैठते ही अलापा कश्मीर राग भारत के साथ संबंधों पर साध ली चुप्पी

# शहबाज शरीफ दूसरी बार चुने गए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री

**इस्लामाबाद ।**
एक बार फिर उमर अयूब को हराकर शहबाज शरीफ पाकिस्तान के पीएम बन गए हैं। उन्होंने पीएम बनते ही कश्मीर राग अलापना शुरु कर दिया है। हालांकि भारत से संबंधों के मामले में उन्होंने चुप्पी साध ली है। ताजा जानकारी के अनुसार पाकिस्तान मुस्लिम लीग (एन) के वरिष्ठ नेता शहबाज शरीफ एक बार फिर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बन गए हैं। रविवार 3 मार्च 2024 को उन्हें वोटिंग के बाद पीएम चुन लिया गया। शहबाज शरीफ ने शनिवार 2 मार्च को प्रधानमंत्री पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया था। वोटिंग से पहले ही आंकड़े पीएमएल-एन के हक में थे और माना जा रहा था कि शहबाज शरीफ के हाथों में एक बार फिर से देश की कमान आएगी। उनके खिलाफ इमरान खान की पार्टी पीटीआई के नेता उमर अयूब खान ने पीएम पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया था। पाकिस्तानी संसद में रविवार को पीएम के चुनाव के लिए वोटिंग के दौरान शहबाज ने अपने प्रतिद्वंद्वी पर 100 वोटों से अधिक की बढ़त हासिल की। शहबाज शरीफ को कुल 201 वोट मिले, जबकि पीटीआई के उमर अयूब खान को 92 वोट मिले। इसके बाद शहबाज शरीफ के नाम की पाकिस्तान के नए प्रधानमंत्री के रूप में घोषणा कर दी गई। शहबाज शरीफ सोमवार को पद की शपथ लेंगे।

पाकिस्तान में पिछले दिनों हुए चुनाव में किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला था। इसके बाद नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल-एन ने पीपीपी और एमक्यूएम के साथ गठबंधन करके सरकार बनाने का फैसला किया था। बता दें कि शहबाज शरीफ पाकिस्तान के पूर्व पीएम नवाज शरीफ के छोटे भाई हैं। उन्होंने पार्टी की तरफ से पीएम के लिए नामांकन किया था। शहबाज शरीफ इससे पहले अप्रैल 2022 से अगस्त 2023 तक पाकिस्तान के पीएम रह चुके हैं। उस वक्त भी उन्होंने पीपीपी के साथ मिलकर सरकार बनाई थी। शहबाज शरीफ पाकिस्तान के 24वें प्रधानमंत्री बने हैं। पाकिस्तान नेशनल असेंबली के स्पीकर अयाज सादिक ने शहबाज शरीफ के प्रधानमंत्री चुने जाने का ऐलान करने के बाद उन्हें सदन को संबोधित करने के लिए कहा। शहबाज ने गाजा, कब्जे वाले कश्मीर की स्थिति पर दुनिया से चुप्पी तोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने जोर देकर कहा, आइए हम सब एक साथ आएं और नेशनल असेंबली को कश्मीरियों और फिलिस्तीनियों की आजादी के लिए एक प्रस्ताव पारित करना चाहिए। हालांकि शहबाज शरीफ ने भारत, अफगानिस्तान के साथ संबंधों का कोई जिक्र नहीं किया, जबकि उन्होंने कश्मीर का जमकर जिक्र किया। वहीं चीन के साथ संबंधों, सीपीईसी की भूमिका, अमेरिका, यूरोप, सऊदी, यूएई आदि के साथ संबंधों पर खुलकर बोले। मौजूदा दौर में पाकिस्तान एक नाजुक अर्थव्यवस्था और आतंकवाद के बढ़ते खतरे की खतरनाक चुनौतियों का सामना कर रहा है। शहबाज पीएम बनते हैं तो ये उनके सामने पहली चुनौती रहेगी। उनकी सरकार को जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी की ताकत का भी सामना करना पड़ेगा। पीटीआई चुनावों में कथित धांधली के खिलाफ सड़कों पर विरोध प्रदर्शन कर रही है। पीएम के रूप में शहबाज शरीफ का चुना जाना लगभग तय है क्योंकि नेशनल असेंबली के स्पीकर और डिप्टी स्पीकर के लिए पीएमएल-एन और पीपीपी के उम्मीदवार भारी बहुमत के साथ चुने गए।



### सोमवार को होगा शपथ ग्रहण समारोह.

पीएमएल-एन ने पीपीपी और एमक्यूएम के साथ गठबंधन में सरकार बनाई है। शहबाज शरीफ, पाकिस्तान के पूर्व पीएम नवाज शरीफ के छोटे भाई हैं। शहबाज शरीफ अप्रैल 2022 से अगस्त 2023 तक भी पाकिस्तान के पीएम रह चुके हैं। उस वक्त भी उन्होंने पीपीपी के साथ गठबंधन में सरकार चलाई थी। शहबाज शरीफ को पीएम चुने जाने के लिए 336 सदस्यों वाली सीनेट में 169 वोट चाहिए थे, जिन्हें शहबाज शरीफ ने आसानी से जुटा लिया। पीएमएल-एन और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के संयुक्त उम्मीदवार शहबाज (72) को 336 सदस्यीय सदन में 201 वोट मिले। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के उम्मीदवार प्रतिद्वंद्वी उमर अयूब खान को 92 वोट मिले। इस दौरान पीटीआई समर्थित सांसदों ने नारेबाजी की। शहबाज शरीफ का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को राष्ट्रपति भवन में होगा।

# अबू धाबी का मंदिर आमजनों के लिए खुला, अंग प्रदर्शन वाले कपड़ों में नहीं मिलेगी अनुमति



**दुबई।**
मुस्लिम देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबू धाबी में बने भव्य हिंदू मंदिर में टोपी पहनकर जाने वालों को प्रवेश नहीं मिलेगा। इसके अलावा पारदर्शी और टाइट कपड़े पहनने वालों को भी अनुमति नहीं मिलेगी। गाइडलाइंस में कहा गया है कि श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश से पहले गर्दन, कोहनी और टखनों के बीच के शरीर के क्षेत्र को ढककर रखना होगा। गाइडलाइंस में कहा गया है, टोपी, टी-शर्ट और आपत्तिजनक डिजाइन वाले अन्य कपड़ों की अनुमति नहीं है। जालीदार या आर-पार दिखने वाले और टाइट-फिटिंग कपड़े न पहनें। गाइडलाइंस में मंदिर प्रांगण में पालतु पशुओं को भी प्रवेश नहीं देने की बात कही गई है। इसके अलावा मंदिर परिसर में बाहरी भोजन और पेय की अनुमति नहीं होगी। साथ ही, मंदिर परिसर के भीतर ड्रोन कैमरे या ड्रोन सख्त वर्जित हैं। गाइडलाइंस के मुताबिक मंगलवार से रविवार तक मंदिर सुबह 9 बजे से शाम 8 बजे तक खुले रहेंगे। हरेक सोमवार को मंदिर आगंतुकों के लिए बंद रहेगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 14 फरवरी को पत्थर से निर्मित अबू धाबी के इस पहले हिंदू मंदिर का उद्घाटन किया था। मंदिर प्रबंधन ने अपनी वेबसाइट पर मंदिर में आने वाले भक्तों और श्रद्धालुओं के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसमें ड्रेस कोड से लेकर फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी के नियम बताए गए हैं। मंदिर की वेबसाइट पर बताए गए दिशा-निर्देशों के मुताबिक, टी-शर्ट, टोपी और टाइट फिटिंग ड्रेस पहनकर आने वालों को मंदिर में एंट्री नहीं दी जाएगी। यह मंदिर दुबई-अबू धाबी शेख जायद राजमार्ग पर अल राहबा के पास 27 एकड़ क्षेत्र में लगभग 700 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। मंदिर के लिए जमीन यूएई सरकार ने दान में दी है। इस मंदिर का निर्माण नागर शैली में किया गया है। इसी तरह अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण किया गया है। मंदिर में स्वंयसेवक उमेश राजा के अनुसार, 20 हजार टन से अधिक चूना पत्थर के टुकड़ों को राजस्थान में तराशा गया और 700 कंटेनर में अबू धाबी लाया गया। बोचासनवासी श्री अक्षर पुरूषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) ने 'एक्स' पर कहा, प्रतीक्षा समाप्त हुई! अबू धाबी मंदिर को अब सभी आगंतुकों और श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया है। इसमें यह भी उल्लेख किया गया है कि मंदिर सोमवार को छोड़कर सभी दिन सुबह नौ बजे से रात आठ बजे तक खुला रहेगा।



सिंगापुर में स्विफ्ट इरा टूर कंटेस्ट में नाचती गाती हुई टेलर स्विफ्ट की प्रशंसक।

# हूती विद्रोहियों के हमले का बाद लाल सागर में डूबा जहाज, समुद्री जीवों पर मंडराया खतरा



**लेबनान।**
इजरायल और हमास के बीच पिछले साल अक्टूबर में शुरू हुए युद्ध के बाद लाल सागत से गुजरने वाले व्यावसायिक जहाजों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है. इन जहाजों पर यमन के हूती विद्रोही लगातार हमला कर रहे है। जानकारी के मुताबिक, हूती विद्रोहियों ने अब तक ऐसे ही करीब दो दर्जन जहाजों को अपना निशाना बनाया है। हाल ही में हूती विद्रोहियों ने एक व्यावसायिक जहाज पर हमला किया था। इसके बाद इस जहाज में आग लग गई थी।

हमले के बाद चालक दल के सदस्यों ने जहाज को छोड़कर अपनी जान बचाई। अब बताया जा रहा है कि ये जहाज समंदर में डूब गया है। ये पहला बार है जब हमले के बाद कोई व्यावसायिक जहाज पानी में डूबा हो। जहाज के डूबने से समुद्री जीवों पर भी खतरा मंडराने लगा है। क्योंकि इस जहाज पर खतरनाक कैमिकल लदे हुए थे। लाल सागर में जिस जहाज पर हमला किया गया था उसका नाम रूबीमार था। जो अब लाल सागर में पूरी तरह से डूब गया है। यमन सरकार के मुताबिक, हमले के बाद रूबीमार लाल सागर में बह रहा था। इसके बाद इसमें धीरे-धीरे पानी भरने लगा और अब ये डूब गया। बताया जा रहा है कि विद्रोहियों के हमले से पूरी तरह से नष्ट होने वाला ये पहला जहाज है। लेबनान में जीएमजेड शिप मैनेजमेंट कंपनी के एक अधिकारी के मुताबिक, हूती विद्रोहियों ने जहाज के इंजन रूम और सामने वाले हिस्से पर हमला किया था। जिससे जहाज को बड़ा नुकसान पहुंचा था। जहाज पर सवार क्रू मेंबर्स को घायल होने की कोई जानकारी नहीं मिली थी। जिन्हें बाद में जिबूरी ले जाया गया था। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, हूती विद्रोहियों ने 18 फरवरी को जहाज पर दो एंटी शिप बैलिस्टिक मिसाइलें दागी। जिससे बेलीज के झंडे वाला रूबिमार जहाज क्षतिग्रस्त हो गया था। जहाज के चालक दल ने तुरंत एक इमरजेंसी कॉल की।

# पाकिस्तान में भारी बारिश से 29 की मौत, 50 घायल



इस्लामाबाद।
पाकिस्तान में पिछले 48 घंटे के दौरान हुई भारी बारिश के कारण कम से कम 29 लोगों की मौत हो गई और 50 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने रविवार को मीडिया को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने कहा कि बारिश के कारण कई घर ढह गए और भूस्खलन से सड़कें अवरुद्ध हो गईं, खासकर उत्तर पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत में। इसमें कहा गया है कि गुरुवार रात से केपी में बारिश से संबंधित घटनाओं में 23 लोग मारे गए हैं, जबकि दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में बाढ़ के कारण पांच लोगों की मौत हो गई है। दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में तटीय शहर ग्वादर में बाढ़ आने से पांच लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने लगभग 10 हजार लोगों को नावों से निकाला। अल जज़ीरा की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को आपातकालीन राहत प्रदान की जा रही है और राजमार्गों को अवरुद्ध करने वाले मलबे को हटाने के लिए भारी मशीनें तैनात की गई हैं। उत्तरी गिलगित बाल्टिस्तान क्षेत्र के प्रवक्ता फैजुल्लाह फराक के अनुसार, भूस्खलन के कारण पाकिस्तान को चीन से जोड़ने वाला काराकोरम राजमार्ग अवरुद्ध हो गया है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, वैश्विक कार्बन उत्सर्जन में दक्षिण एशियाई देश का लगभग शून्य योगदान होने के बावजूद पाकिस्तान जलवायु परिवर्तन के प्रति 10 सबसे संवेदनशील देशों में से एक है।

# कंगाली से जूझ रहे मिस्र ने 35 अरब डॉलर में बेचा धरती का स्वर्ग

इजिप्ट। म्रिस इस समय आर्थिक कंगाली से जूझ रहा है, इसके लिए वह अपने शहरों तक को बेच रहा है। मिली जानकारी के अनुसार पैसे जुटाने के लिए मिस्र की सरकार को एक-एक कर अपने प्रमुख शहरों को बेचना पड़ रहा है। इसी कड़ी में मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल सीसी ने धरती पर स्वर्ग कहे जाने वाले अपने प्रमुख शहर रास अल हिकमा को भी बेच दिया है। मिस्र के इस ऐतिहासिक शहर को एक मुस्लिम देश यूएई ने ही खरीद लिया है। बताया जा रहा है कि यूएई ने 35 अरब डॉलर की रकम खर्च करते हुए रास अल हिकमा को खरीदा है। मिस्र के शहर रास अल हिकमा की बात करें तो यह समुद्र के किनारे बसा एक बेहद ही खूबसूरत शहर है। हालांकि, इस शहर को मजबूरी में मिस्र को बेचना पड़ा है। रास अल हिकमा पर्यटकों के पसंदीदा स्थान के रूप में भी मशहूर है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार मिस्र द्वारा इस शहर को खरीदने के बाद यूएई यहां कई प्रॉजेक्ट पर जल्द ही काम शुरू करने वाला है। यूएई द्वारा यहां करीब 150 अरब डॉलर के निवेश का प्लान बनाया गया है। इस मेगा प्रॉजेक्ट में मिस्र की भी 35 फीसदी साझेदारी है। अगर यह प्लान कामयाब रहा तो मिस्र के इतिहास में यह सबसे बड़ा कोई विदेशी निवेश होगा। यूएई के अलावा सऊदी अरब और कतर ने भी मिस्र के कई शहरों को खरीदने में दिलचस्पी दिखाई है। मिस्र की मौजूदा आर्थिक स्थिति बेहद दयनीय है। यही वजह है कि वह अपने प्रमुख शहरों को बेचने पर मजबूर हो रहा है। रही बात मौजूदा सरकार को अन्य देशों से कर्ज भी नहीं मिल रहे हैं। हाल ही में सऊदी अरब और यूएई जैसे देशों से कर्ज मांगा था, लेकिन दोनों देशों से हा खड़े कर दिए थे। मजबरू में शहर ही बेचना पड़ गया।



# तेल के बिना भी दोनों देशों का व्यापार 100 अरब डॉलर पहुंचाने का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच 2030 तक 100 अरब अमेरिकी डॉलर के गैर-तेल व्यापार का लक्ष्य महत्वाकांक्षी है, लेकिन इसे हासिल किया जा सकता है। ये कहना है भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के अध्यक्ष आर दिनेश का। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच कपड़ा, आभूषण और फार्मा जैसे क्षेत्रों में व्यापार बढ़ाने की अपार संभावनाएं हैं। आर दिनेश ने कहा कि दोनों देशों के बीच मई 2022 में लागू हुए मुक्त व्यापार समझौते के चलते द्विपक्षीय व्यापार और निवेश में बढ़ोतरी हुई है। आर दिनेश वैश्विक निवेशकों के कार्यक्रम



इन्वेस्टोपिया और विश्व व्यापार संगठन के मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में शामिल होने के लिए आबु धाबी पहुंचे थे। आबु धाबी में मीडिया से बात करते हुए आर दिनेश ने कहा कि भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच गैर-तेल द्विपक्षीय व्यापार को साल 2030 तक 100 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य महत्वकांक्षी है, लेकिन इस हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह समझौता, जिसे आधिकारिक तौर पर व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता कहा गया है, रत्न और आभूषण, कपड़ा और परिधान, चमड़ा, फार्मास्युटिकल्स, चिकित्सा उपकरण और कई इंजीनियरिंग उत्पादों जैसे सभी श्रम-गहन क्षेत्रों तक शुल्क मुक्त पहुंच उपलब्ध कराता है।

### इन सेक्टर्स में बढ़ सकता है सहयोग

आर दिनेश ने कहा, भारत का विशाल उपभोक्ता आधार और बढ़ती विनिर्माण क्षमता संयुक्त अरब अमीरात के उत्पादों के लिए इसे एक आकर्षक बाजार बनाती है। जबकि वैश्विक व्यापार केंद्र के रूप में यूएई की स्थिति भारतीय निर्यात को अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच की सुविधा प्रदान करती है। यूएई, भारत को कच्चे तेल का प्रमुख आपूर्तिकर्ता है। दोनों देशों के बीच व्यापार में एक बड़ा हिस्सा कच्चे तेल का है। उन्होंने कहा कि यह समझौता पासा पलटने वाला है, जो दूरसंचार, निर्माण और विकास, शिक्षा, पर्यावरण, वित्तीय क्षेत्र, स्वास्थ्य सेवाओं, पर्यटन और फिल्म, आतिथ्य और समुद्री और हवाई परिवहन सेवाओं सहित अन्य सेवाओं में व्यवसायों के लिए अवसर प्रदान करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### विदेशी निवेशकों ने फरवरी में बाजार में 1,539 करोड़ का निवेश किया



**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के रुख में एक बड़ा बदलाव देखा गया है। एफपीआई ने फरवरी में भारतीय शेयर बाजारों में 1,500 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। इससे पिछले महीने जनवरी में उन्होंने शेयरों से जमकर निकासी की थी। कंपनियों के बेहतर तिमाही नतीजों तथा सकारात्मक आर्थिक वृद्धि के बीच एफपीआई एक बार फिर भारतीय शेयर बाजार में निवेश कर रहे हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार इसके अलावा एफपीआई ने फरवरी में ऋण या बांड बाजार में 22,419 करोड़ रुपये डाले हैं। बाजार के जानकारों ने कहा कि मार्च के लिए भी एफपीआई का परिदृश्य सकारात्मक नजर आ रहा है। अर्थव्यवस्था में मजबूती तथा कॉरपोरेट जगत के बेहतर प्रदर्शन की वजह से भारतीय शेयरों के प्रति एफपीआई का आकर्षण कायम रह सकता है। आंकड़ों के मुताबिक एफपीआई ने फरवरी में भारतीय शेयर बाजार में 1,539 करोड़ रुपये का निवेश किया है। जनवरी में उन्होंने शेयरों से 25,743 करोड़ निकाले थे। बाजार के जानकारों का कहना है कि वैश्विक आर्थिक माहौल में सुधार ने एफपीआई को भारत जैसे उच्च वृद्धि वाले बाजारों में निवेश के लिए प्रेरित किया है। घरेलू मोर्चे पर जीडीपी के तीसरी तिमाही के आंकड़े मजबूत रहे हैं, जिससे विदेशी निवेशकों का आकर्षण बढ़ा है। अमेरिका में बॉन्ड पर प्रतिफल काफी ऊंचा है। फिर भी एफपीआई ने भारतीय शेयरों में शुद्ध निवेश किया है। एफपीआई पिछले कुछ महीनों से जेपी मॉर्गन सूचकांक में भारत सरकार के बांड को शामिल करने की घोषणा से प्रभावित होकर ऋण बाजार में निवेश कर रहे हैं। उन्होंने बांड बाजार में फरवरी में 22,419 करोड़ रुपये, जनवरी में 19,836 करोड़ रुपये, दिसंबर में 18,302 करोड़ रुपये, नवंबर में 14,860 करोड़ रुपये और अक्टूबर में 6,381 करोड़ रुपये का निवेश किया है। कुल मिलाकर इस साल अब तक एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार से 24,205 करोड़ रुपये निकाले हैं।

### पिछले साल चीन के सभी प्रांतों के राजस्व में बढ़ोतरी



**बीजिंग।** हाल में चीन के विभिन्न क्षेत्रों के वित्तीय विभागों ने क्रमशः पिछले साल बजट के कार्यान्वयन और इस साल बजट की रिपोर्ट जारी की वर्ष 2023 में चीन के 31 प्रांतों और क्षेत्रों के राजस्व में बढ़ोतरी हुई। तिब्बत स्वायत्त प्रदेश में सार्वजनिक बजट राजस्व वर्ष 2022 की तुलना में 31.7 प्रतिशत अधिक रहा, जो एक नया रिकॉर्ड है. क्षेत्रीय उत्पादन मूल्य की वृद्धि दर 9.5 फीसदी रही, जो चीन में पहले स्थान पर रही। आंकड़ों के अनुसार चीन के पूर्वी, मध्य, पश्चिमी और उत्तरपूर्वी क्षेत्रों के राजस्व में क्रमशः 6.7 प्रतिशत, 6.9 प्रतिशत, 10.7 प्रतिशत और 12 प्रतिशत का इजाफा हुआ। वहीं, वर्ष 2023 में क्षेत्रीय आम सार्वजनिक बजट व्यय 236 खरब 35 अरब 50 करोड़ युआन रहा, जो पूरे देश का 86 फीसदी था. विश्लेषकों का मानना है कि पिछले साल उच्च गुणवत्ता वाले विकास और नागरिक जीवन की गारंटी में क्षेत्रीय वित्त ने काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस साल में चीन के 20 से अधिक प्रांतों ने आम सार्वजनिक बजट राजस्व का लक्ष्य तीन से छह प्रतिशत तक बनाया। इसके साथ ही विभिन्न क्षेत्र उद्यमों और नागरिकों के लिए बेहतर व्यावसायिक वातावरण और उपभोग वातावरण तैयार करेंगे।

### अगले सप्ताह तीन कंपनियों के आईपीओ खुलेंगे

**नई दिल्ली।** अगले सप्ताह गोपाल स्नैक्स सहित तीन कंपनियां के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) खुल रहे हैं। इनसे सामूहिक रूप से 1,325 करोड़ की राशि जुटने की उम्मीद है। सप्ताह के दौरान दो और कंपनियों आरके स्वामी और जेजी केमिकल्स के भी आईपीओ आएंगे। मर्चेंट बैंकिंग सूत्रों ने बताया कि मार्च के महीने में बेंगलुरु के लक्जरी फर्नीचर ब्रांड स्टेनली लाइफस्टाइल्स और क्रिस्टल इंटिग्रेटेड सर्विसेज का भी निर्गम आने की उम्मीद है। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि मजबूत वृहद आर्थिक परिस्थितियों तथा हाल में सूचीबद्ध हुए शेयरों से मिले बेहतर रिटर्न की वजह से आईपीओ गतिविधियों में तेजी देखने को मिल रही है। इस साल अब तक 16 कंपनियों ने आईपीओ के जरिये 13,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। वहीं मुक्का प्रोटींस का 224 करोड़ रुपये आईपीओ चार मार्च को बंद होगा। बीते साल 2023 में 58 कंपनियों ने आईपीओ से 52,637 करोड़ रुपये जुटाए थे। राजकोट की कंपनी गोपाल स्नैक्स का 650 करोड़ रुपये का आईपीओ बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित होगा।

### डिजिटल लेनदेन के लिए एफकेएक्सिस हैंडल के साथ यूपीआई के लिए पंजीकरण कर सकते

# भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए फ्लिपकार्ट ने किया यूपीआई हैंडल को लॉन्च




**बेंगलुरु।** ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने रविवार को अपने 500 मिलियन से अधिक ग्राहकों सहित सभी ग्राहकों के लिए डिजिटल भुगतान को और बेहतर बनाने के लिए अपना यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) हैंडल लॉन्च किया। फ्लिपकार्ट यूपीआई के साथ, ग्राहक अब फ्लिपकार्ट मार्केटप्लेस के भीतर और बाहर ऑनलाइन और ऑफलाइन लेनदेन के लिए अपना स्वयं का यूपीआई हैंडल बना सकते हैं। एक शानदार ग्राहक अनुभव के लिए, यूपीआई लॉन्च के बाद सुपरकॉइन्स, कैशबैक, ब्रांड वाउचर, माइलस्टोन के अलावा बहुत सारे लाभों को को प्रदान किया जाएगा। कंपनी ने एक बयान में कहा, फ्लिपकार्ट ऐप पर, फ्लिपकार्ट यूपीआई का उपयोग किसी भी प्रोडक्ट या सर्विस के भुगतान के लिए किया जा सकता है, जिसमें ई-कॉमर्स लेनदेन, यूपीआई आईडी को स्कैन, भुगतान, रिचार्ज और बिल भुगतान शामिल है। अपने पहले चरण में, फ्लिपकार्ट ने एक्सिस बैंक के साथ साझेदारी की है, जिसमें ग्राहक फ्लिपकार्ट ऐप का उपयोग कर अपने डिजिटल लेनदेन के लिए एफकेएक्सिस हैंडल के साथ यूपीआई के लिए पंजीकरण कर सकते हैं। फ्लिपकार्ट में फिनटेक और पेमेंट्स ग्रुप के वरिष्ठ उपाध्यक्ष धीरज अनेजा ने कहा, गतिशील डिजिटल परिदृश्य को देखते हुए फ्लिपकार्ट यूपीआई की सुविधा और लागत-प्रभावशीलता को सहजता से जोड़ता है, जिसकी उम्मीद हमारे ग्राहक करते हैं। फ्लिपकार्ट में, हम सुपरकॉइन्स, ब्रांड वाउचर और अन्य लाभों की एक विस्तृत श्रृंखला के साथ सुरक्षित और सुविधाजनक भुगतान विकल्पों की पेशकश कर ग्राहकों को सर्वोत्तम श्रेणी का अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

अनेजा के अनुसार, फ्लिपकार्ट यूपीआई डिजिटल रूप से सशक्त समाज को आकार देने का हमारा समर्पण दिखाता है और भारत के डिजिटल विकास में उत्प्रेरक के रूप में हमारी अग्रणी भूमिका की पुष्टि करता है। यह रिचार्ज और बिल भुगतान के लिए एक-क्लिक और त्वरित कार्यक्षमता भी पेश करता है, जिससे ग्राहकों के लिए समग्र भुगतान दक्षता बढ़ती है। कंपनी के अनुसार, टैगलाइन, इंडियाज मोस्ट रिवार्डिंग यूपीआई के साथ, इस पेशकश का मकसद ग्राहकों को अपने एकीकृत चेकआउट फनल के माध्यम से एक सहज, सुरक्षित और सुविधाजनक डिजिटल भुगतान अनुभव और तत्काल रिफंड के लाभ सहित कई अच्छे प्रोत्साहन प्रदान करना है। 2023 में, यूपीआई ने 182.84 ट्रिलियन रुपए के 117 बिलियन से अधिक लेनदेन किए, जो बैंकों, भुगतान सेवा प्रदाताओं और फिनटेक कंपनियों की भागीदारी के साथ एक गतिशील परिदृश्य को दिखाता है। एक्सिस बैंक के अध्यक्ष और प्रमुख - कार्ड और भुगतान, संजीव मोघे ने कहा, हमने साझेदारी और नवाचारों के साथ यूपीआई में अपनी वृद्धि जारी रखी है। फ्लिपकार्ट के साथ हमारी साझेदारी ने भारत के सबसे सफल को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्डों में से एक को लॉन्च करने से लेकर अब फ्लिपकार्ट यूपीआई सेवा लॉन्च करने तक एक लंबा सफर तय किया है। उन्होंने कहा, ग्राहक अब एफकेएक्सिस हैंडल से यूपीआई के लिए पंजीकरण कर सकते हैं और फ्लिपकार्ट ऐप का उपयोग कर सभी फंड ट्रांसफर और चेकआउट भुगतान कर सकते हैं। यह समाधान क्लाउड होस्ट किया गया है और इसलिए ग्राहकों के लिए सबसे स्थिर और स्केलेबल यूपीआई प्लेटफार्मों में से एक प्रदान करता है।

### भारत-नेपाल में जल्द शुरू होगी डिजिटल भुगतान सेवा

भारत में नेपाल के राजदूत शंकर प्रसाद शर्मा ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक के नए दिशा निर्देशों की सराहना करते हुए कहा कि नए निर्देशों से भारत-नेपाल के बीच डिजिटल वित्तीय सेवाओं का विस्तार होगा। नए निर्देशों के तहत अब नेपाल के नागरिक प्रति डिजिटल लेनदेन के जरिये 2 लाख रुपये भारत से नेपाल भेज सकते हैं। इसके अलावा वॉक-इन ग्राहक प्रति लेनदेन 50,000 रुपये भेज सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि नेपाल में यूपीआई की सुविधा के लिए यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस-नेपाल क्लियरिंग हाउस लिमिटेड का जल्द उद्घाटन किया जाएगा। इसके बाद भारत-नेपाल के बीच नकदी ले जाने असुविधा खत्म हो जाएगी। आरबीआई के नए निर्देशों के मुताबिक, नेपाली खाताधारकों को प्रति लेनदेन 2 लाख रुपये भेजने की अनुमति दी गई है।

### वनप्लस 12आर का नया अवतार लॉन्च

# 19 मार्च से होगी सेल, मिलेगा रुपए 3000 सस्ते दाम पर




**नई दिल्ली।** भारत में वनप्लस 12आर का नया अवतार लॉन्च हो चुका है। इसकी सेल 19 मार्च से होगी। यह 3000 रुपए सस्ते दाम पर मिलेगा। ये फोन स्नैपड्रैगन 8 जेन 2 एसओसी प्रोसेसर है, और इसमें ट्रिपल रियर कैमरा सेटअप है।

लेटेस्ट वनप्लस 12आर जेनशिन इम्पैक्ट एडिशन की कीमत 16जीबी रैम/256जीबी स्टोरेज वेरिएंट के लिए 49,999 रुपये है। ये वनप्लस फोन एलेक्ट्रो वायलट कलर ऑप्शन में उपलब्ध कराया जा रहा है। बता दें वनप्लस के इस फोन के 8 जीबी रैम+128जीबी को 39,999 रुपये की कीमत में लॉन्च किया गया था।लेटेस्ट वनप्लस स्मार्टफोन 19 मार्च से बिक्री के लिए उपलब्ध करा दिया जाएगा और 19 मार्च से इसे अमेज़न, वनप्लस। इन और चुनिंदा वनप्लस एक्सपीरियंस स्टोर्स से खरीदा जा सकेगा।

वनप्लस 12क्र जेनशिन इम्पैक्ट एडिशन को वन कार्ड का इस्तेमाल करके 1,000 रुपये की छूट पर खरीदा जा सकता है। नए स्मार्टफोन की खरीद पर 3,000 रुपये का एक्सचेंज बोनस भी उपलब्ध है। वनप्लस 12आर गेनशिन इम्पैक्ट एडिशन में कैमरे के तौर पर ट्रिपल रियर कैमरा यूनिट मिलता है, और इसमें 50 मेगापिक्सल का सोनी आईएमएक्स 890 सेंसर मिलता है, वहीं दूसरे इसमें 8 मेगापिक्सल का अल्ट्रा-वाइड एंगल कैमरा यूनिट और 2 मेगापिक्सल मैक्रो कैमरा है। सेल्फी के लिए इस फोन में 16 मेगापिक्सल का फ्रंट कैमरा दिया गया है। इस फोन में 256जीबी की इंटरनल स्टोरेज के साथ आता है।वनप्लस 12आर 16जीबी तक एलपीडीडीआर 5एक्स रैम और 256 जीबी स्टोरेज के साथ आता है। ये दमदार फोन क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 8 जेन 2 चिपसेट से लैस है जिसे सभी ग्राफिक्स टास्क के लिए एड्रेनो 740 जीपीयू के साथ जोड़ा गया है।

कनेक्टिविटी के लिए इस वनप्लस 12आर फोन में एनएफसी, वाई-फाई 7, ब्लूटूथ 5.3, जीपीएस और एक डुअल नैनो-सिम सेटअप दिया गया है। पावर के लिए वनप्लस 12आर में 5,500एमएएच की बैटरी दी गई है, जिसे 100डब्ल्यू सुपरवोक चार्जर के जरिए तेजी से चार्ज किया जा सकता है। इस नए अवतार को जेनशिन इंपैक्टर एडिशन बताया गया है और इसका डिज़ाइन काफी यूनीक है। ये नया एडिशनल इलेक्ट्रिक थीम फिनिश के साथ आता है।

# ईवी के विकास के साथ कई प्रमुख खनिजों की मांग बढ़ेगी

**सोल।** इलेक्ट्रिक कार और पवन ऊर्जा उद्योगों में विस्तार के चलते दक्षिण कोरिया में प्रमुख खनिजों की मांग 2021 से 2040 तक 19 गुना बढ़ने की उम्मीद है। रविवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। कोरिया एनर्जी इकोनॉमिक्स इंस्टीट्यूट (केईईआई) की रिपोर्ट के अनुसार, इलेक्ट्रिक कार बैटरी के लिए आवश्यक लिथियम, निकेल, मैंगनीज और कोबाल्ट की मांग 2040 तक क्रमशः 15 गुना, 12 गुना, 19 गुना और 4 गुना बढ़ जाएगी। इलेक्ट्रिक कार मोटरों के लिए आवश्यक नियोडिमियम, प्रेसियोडिमियम, डिस्प्रोसियम और टेरबियम की मांग 10 गुना बढ़ जाएगी। इसी अवधि में दक्षिण कोरिया में इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री 11 गुना बढ़ने की उम्मीद है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पवन ऊर्जा सुविधाएं 2022 से 2040 तक आठ गुना बढ़ जाएंगी, जिससे इन सामग्रियों की मांग बढ़ेगी, जैसे कि नियोडिमियम, प्रेजोडायमियम, डिस्प्रोसियम और टेरबियम की मांग क्रमशः 2.6 गुना, 3.1 गुना, 21.6 गुना और 2.7 गुना बढ़ने की संभावना है। केईईआई ने कहा कि दक्षिण कोरिया को इलेक्ट्रिक वाहन और सेकेंड्री बैटरी उद्योगों को मजबूत करने के प्रयासों के तहत चीन पर निर्भरता कम करने के लिए अपनी प्रमुख खनिज आपूर्ति श्रृंखला में बदलाव लाने के लिए काम करना चाहिए।



# कोयला खदानों से उत्पादन और प्रेषण क्रमशः 12.68 करोड़ टन और 12.888 करोड़ टन हो गया

**नई दिल्ली।** मौजूदा वित्त वर्ष में 1 अप्रैल 2023 से 29 फरवरी 2024 तक देश में कैप्टिव और वाणिज्यिक कोयला खदानों से कुल कोयला उत्पादन और प्रेषण क्रमशः 12.68 करोड़ टन और 12.888 करोड़ टन हो गया। कोयला मंत्रालय द्वारा शनिवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में इनमें क्रमशः 27.06 प्रतिशत और 29.14 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।कोयला उत्पादन में वृद्धि बढ़ी हुई दक्षता और एक मजबूत लॉजिस्टिक्स नेटवर्क को दर्शाती है जो देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने और आयातित कोयले पर देश की निर्भरता कम करने में मदद कर रही है। मंत्रालय ने कहा कि ये प्रयास आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और %मेक इन इंडिया% अभियान का समर्थन करने की सरकार की पहल के अनुरूप हैं। उत्पादन में वृद्धि सरकार द्वारा नीतिगत सुधारों के सफल कार्यान्वयन के कारण हुई है जिसमें वाणिज्यिक खानों की पारदर्शी ई-नीलामी जैसे उपाय शामिल हैं। उत्पादक खदानों की कुल संख्या 29 फरवरी तक 54 थी, जिनमें से 35 बिजली क्षेत्र को, 11 गैर-विनियमित क्षेत्र को और आठ खुले बाजार में कोयले की बिक्री के लिए आवंटित की गई है। वाणिज्यिक कोयला नीलामी के तहत 91 खदानों की सफलतापूर्वक नीलामी की गई है, जिनमें से सात खदानों ने पहले ही कोयला उत्पादन शुरू कर दिया है। फरवरी 2024 के महीने में कुल कोयला उत्पादन और प्रेषण क्रमशः 1.485 करोड़ टन और 1.295 करोड़ टन था, जो फरवरी 2023 में क्रमशः 1.085 करोड़ टन और 97.2 लाख टन की तुलना में क्रमशः 37 प्रतिशत और 33 प्रतिशत अधिक है। औसत दैनिक कोयला उत्पादन और प्रेषण दर क्रमशः 5.12 लाख टन और 4.46 लाख टन प्रति दिन थी। कोयला मंत्रालय ने कहा कि देश की बढ़ती ऊर्जा मांग पूरी करने के लिए परिचालन को और अधिक सुव्यवस्थित करने और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के प्रयास किए जा रहे हैं।



# किसान अब आसानी से अच्छे दाम पर बेच पाएंगे अपनी उपज

### इस प्लेटफार्म पर मिलेंगे 5 हजार रजिस्टर्ड आईपीओ



**नई दिल्ली।** किसान के लिए सबसे बड़ी चुनौती तब पैदा होती है, जब वह कड़ी मेहनत के बाद अपनी फसल की पैदावार निकालकर लाता है तो बेहदर बाजार उपलब्ध नहीं होता है और अपनी उपज की सही कीमत नहीं मिल पाती है। ऐसे में बीते कुछ सालों में कृषि पैदावार को ऑनलाइन प्लेटफार्म के जरिए आसानी से बेहतर बाजार तक पहुंचाने का काम तेजी से फैला है। इसी कड़ी में 8000 पंजीकृत किसान उत्पादक संगठनों को 5000 से अधिक ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स पोर्टल से जोड़ दिया गया है। इस कदम से देश के किसी भी हिस्से में खरीदारों तक पहुंचना आसान हो गया है और किसानों को अपने उत्पाद बेचने में भी दिक्कत नहीं आएगी।

किसान भाई अच्छी कीमत पर अपनी उपज बेच सकते हैं। दरअसल एफपीओ का गठन कृषि क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने के लिए किया गया है। इस व्यवस्था में एक तरफ जहां लागत में कमी आएगी। वहीं किसानों को अपने उत्पाद का सही दाम मिलने पर उनकी आय में भी बढ़ोतरी होगी। इस व्यवस्था से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ गांवों में ही रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। ओएनडीसी से एफपीओ को जोड़ने से डिजिटल मार्केटिंग, ऑनलाइन भुगतान, बिजनेस-टू-बिजनेस और बिजनेस-टू-कंज्यूमर लेनदेन कारोबार मजबूत हो रहा है। गौरतलब है कि मोदी सरकार ने 6,865 करोड़ रुपए के बजट प्रावधान के साथ साल 2020 में इस काम की शुरुआत की थी।

इस व्यवस्था के तहत 10000 FPO बनाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से 8000 एफपीओ तैयार हो चुके हैं। सीमांत और भूमिहीन किसानों का बाजार से संपर्क तेजी से बढ़ा है। आपको बता दें कि हर FPO को 3 साल के लिए 18 लाख रुपए तक की सहायता दी जाती है। संस्थागत ऋण को आसान बनाने के लिए FPO के हर सदस्य को 2-2 हजार रुपए तक मैचिंग इक्विटी अनुदान देने और ऋण देने वाली संस्थाओं से प्रति FPO 2 करोड़ के परियोजना ऋण की क्रेडिट गारंटी सुविधा का प्रावधान किया गया है। अभी तक 1,101 एफपीओ को 246 करोड़ की क्रेडिट गारंटी दी गई है। इसके अलावा 145.1 करोड़ की मैचिंग इक्विटी उनके बैंक खाते में सीधे जमा की जा चुकी है। इससे 10.2 लाख से अधिक किसानों को फायदा मिला है, जो इससे सीधे जुड़े हैं।

### यूपी सरकार ने 53.7 लाख टन धान खरीदा

उत्तर प्रदेश सरकार ने खरीफ विपणन सीजन 2023-24 में करीब 53.79 लाख टन धान खरीदा है। इसके लिए किसानों को 11,745 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। हालांकि, सरकार का लक्ष्य 70 लाख धान खरीदने का था। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 1 अक्टूबर 2023 को धान की खरीद शुरू हुई। इसके लिए सरकार ने सामान्य धान के लिए 2,183 रुपये प्रति क्विंटल और ग्रेड-ए धान के लिए 2,203 रुपये प्रति क्विंटल का न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया था। हालांकि, राज्य सरकार 70 लाख टन खरीद के अपने लक्ष्य को पूरा करने में विफल रही, क्योंकि कथित तौर पर किसानों ने सीधे खुले बाजार में धान बेचा। एक आधिकारिक प्रवक्ता के अनुसार, पश्चिमी यूपी से खरीद 1 अक्टूबर को शुरू हुई। जबकि लखनऊ और अयोध्या मंडलों के लिए 20 अक्टूबर को और पूर्वी मंडलों के लिए 1 नवंबर को धान की खरीददारी शुरू हुई। 5,207 केंद्रों पर 8,01,624 किसानों से धान खरीदा गया।लखनऊ मंडल ने 7.52 लाख टन से अधिक के साथ सबसे अधिक खरीद की सूचना दी। वहीं बरेली मंडल 6.49 लाख टन के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि वाराणसी मंडल 6.18 लाख टन से अधिक के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

# श्वेता ने एथनिक लुक की एक झलक की शेयर



**मुंबई (ईएमएस)।** अपने फैंस के लिए एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपने एथनिक लुक की एक झलक शेयर की। कसौटी जिंदगी की फेम एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं। श्वेता अक्सर अपनी प्रोफेशनल और निजी लाइफ के बारे में चीजें शेयर करती रहती हैं। इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस के 52 लाख फॉलोअर्स हैं। नए फोटोशूट में श्वेता ने गुलाबी रंग का अनारकली सेट पहना हुआ है, जिसमें वह बेहद सूबसूरत लग रही हैं। भारी सुनहरे कढ़ाई वाले सूट पर मैचिंग दुपट्टा और भी खिल रहा है। मेकअप में वह पूरी तरह से आकर्षक लग रही हैं। ज्वैलरी के लिए उन्होंने भारी झुमके ही चुने। एक प्रशंसक ने पोस्ट पर कहा, आपकी सुंदरता की कोई हद नहीं है। दूसरे ने कहा, दिन-ब-दिन जवान होती जा रही हैं। श्वेता को पंजाबी फिल्म मित्रां दा ना चलदा में देखा गया था। रोहित शेट्टी और सुशांत प्रकाश द्वारा निर्देशित एक्शन थ्रिलर सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स में वह विक्रम (विवेक ओबेरॉय) की पत्नी श्रुति बख्शी की भूमिका में हैं। इस सीरीज में सिद्धार्थ मल्होत्रा, शिल्पा शेट्टी कुंद्रा और विवेक ओबेरॉय मुख्य भूमिका में हैं। हाल ही में वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स में नजर आने वाली एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपने प्रशंसकों के लिए फोटोशूट करवाया है।

# बायोपिक शैक : द डाउट में जीनत करेगी भूमिका



**मुंबई (ईएमएस)।** बायोपिक शैक : द डाउट में गुजरे जमाने की सुपरस्टार जीनत अमान की भूमिका निभाएंगी। यह एक्ट्रेस पायल घोष अपकमिंग बायोपिक है। इस प्लेटफॉर्म पर उन्होंने फरवरी 2023 में डेब्यू किया था। वह अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपनी विभिन्न थ्रोबैक तस्वीरें और प्रोफेशनल अपडेट शेयर करती रहती हैं। जीनत अमान के किरदार के बारे में बात करते हुए पायल घोष ने कहा, यह मेरे लिए एक बड़ा अवसर है। मैं वास्तव में खुश और भाग्यशाली हूं कि मुझ पर इतना विश्वास किया गया। मैं स्क्रीन पर ऐसे प्रतिष्ठित व्यक्तित्व का किरदार निभा सकती हूं। एक्ट्रेस पायल घोष ने आगे कहा, जीनत अमान एक लीजेंड हैं। स्क्रीन पर उनका किरदार निभाना आज के समय के किसी भी एक्ट्रेस के लिए सबसे बड़े अवसरों में से एक है। मैं बहुत उत्साहित हूं। इस प्रोजेक्ट में अच्छा काम करने के लिए उत्सुक हूं। मैं रोमांचित हूं।

मैं अपने प्रशंसकों से बस इतना वादा करना चाहती हूं कि मैं इसके लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करूंगी। शैक : द डाउट का निर्देशन राजीव चौधरी ने किया है। बता दें कि मशहूर एक्ट्रेस जीनत अमान ने अपने एक्टिंग करियर की शुरूआत 1970 में फिल्म द एविल विदइन से की थी। जीनत अमान को हरे रामा हरे कृष्णा, यादों की बारात, कुबार्नी, दोस्ताना और डॉन जैसी कई अन्य फिल्मों में अपने काम से पहचान मिली। 72 साल की जीनत अमान, इंस्टाग्राम पर भी एक ट्रेंडिंग पर्सनालिटी बन गई हैं।

# माता-पिता बनने की खुशखबरी देने के बाद जामनगर में रणवीर सिंह और दीपिका का जोरदार स्वागत



बॉलीवुड के लोकप्रिय जोड़े रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण ने 29 फरवरी को एक इंस्टाग्राम पोस्ट शेयर करके घोषणा की कि वे जल्द ही माता-पिता बनने वाले हैं। शादी के 6 साल बाद रणवीर-दीपिका सितंबर महीने में घर में बच्चे का स्वागत करेंगे। यह खुशखबरी देने के बाद रणवीर-दीपिका एक जोड़े के तौर पर मुंबई से अनंत-राधिका के प्री-वेडिंग इवेंट के लिए जामनगर रवाना हो गए। अनंत अंबानी के प्री-वेडिंग फंक्शन में शामिल होने के लिए जामनगर हवाई अड्डे पहुंचने पर प्रशंसकों और पापराजी ने इस जोड़े का गर्मजोशी से स्वागत किया। दीपिका को देखते ही एयरपोर्ट पर उनके फैंस की भीड़ उमड़ पड़ी। इस भीड़ में रणवीर अपनी पत्नी का ख्याल रखते नजर आए। चूंकि दीपिका प्रेग्नेंट थीं, इसलिए रणवीर ने सारी भीड़ को किनारे किया और अपनी पत्नी को कार में बिठाया। इस जोड़ी को एक साथ देखकर पूरे एयरपोर्ट पर शुभकामनाओं का तांता लग गया। प्रशंसकों ने हवाई अड्डे पर उन पर फूलों और केक की वर्षा की। फिलहाल ये वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। दीपिका और रणवीर के इस वायरल वीडियो पर नेटिजेंस ने कमेंट करते हुए एक्ट्रेस को सावधान रहने और दोबारा ऐसी भीड़ में न जाने की सलाह दी है।

# हॉलीवुड में बनेगी सुपरहिट फिल्म 'दृश्यम' का रिमेक




साउथ सुपरस्टार मोहनलाल और जीतू जोसेफ वर्ष 2013 में बेहतरीन क्राइम थ्रिलर फिल्म 'दृश्यम' बनाई थी। इस फिल्म को अच्छा रिस्पॉन्स मिला और इसमें अभिनेता अजय देवगन मुख्य भूमिका में थे। इस फिल्म के दोनों पार्ट काफी हिट हुए थे। इन फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर खूब धमाल मचाया। कुछ दिनों पहले इसके तीसरे पार्ट बनाने की भी घोषणा की गई थी। फिल्म 'दृश्यम' को हिंदी, तमिल, मलयालम, कन्नड़ भाषाओं में बनाया गया है। साथ ही इसी बीच खबर आई थी कि अजय देवगन की इस फिल्म का कोरियन भाषा में भी रीमेक बनाया जाएगा। ऐसे में 'दृश्यम' के हॉलीवुड रीमेक को लेकर नई जानकारी सामने आई है। हॉलीवुड में फिल्म का रीमेक बनाने के लिए पैनोरमा स्टूडियोज ने गल्फस्ट्रीम पिक्चर्स और जोट फिल्म्स के साथ समझौता किया है। बॉलीवुड फिल्म का हॉलीवुड में रीमेक बनने की खबर से फैंस हैं। इस फिल्म की लोकप्रियता सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि चीन में भी थी और फिल्म को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था। इतना ही नहीं, उम्मीद है कि हॉलीवुड रीमेक के साथ-साथ इस फिल्म को स्पेनिश भाषा में भी डब किया जाएगा। पैनोरमा स्टूडियो के चेयरमैन और डायरेक्टर कुमार मंगत पाठक ने इसकी जानकारी दी है। 'दृश्यम' सीक्वल की पहली फिल्म वर्ष 2013 में आयी था, जिसे जीतू जोसेफ ने लिखा और निर्देशित किया था। बाद में फिल्म को चार अलग-अलग भाषाओं में बनाया गया। हिंदी रीमेक में अजय देवगन, तब्बू, श्रिया सरन, अक्षय खन्ना ने काम किया है। मूल मलयालम भाषा के अलावा अन्य भाषाओं में भी रीमेक को दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिला। अब दर्शकों इस फिल्म के तीसरे सीक्वल और हॉलीवुड रीमेक का बेसब्री से इंतजार कर है।

# दुखों का लंबा सफर तय किया है राइटर शुगफ्ता ने

## -प्रचंड गरीबी के बाद भी नहीं मानी हार



**मुंबई (ईएमएस)।** कई बॉलीवुड फिल्मों की सुपरहिट कहानियों लिखने वाली राइटर शुगफ्ता रफीक की असल जिंदगी भी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। शुगफ्ता रफीक बॉलीवुड की ऐसी राइटर हैं जिन्होंने अपने पैशन को फॉलो करने से पहले जिंदगी में दुखों का एक लंबा सफर तय किया है। बचपन में परिवार का पेट पालने के लिए बार में काम किया। इसके बाद पैसों की तंगी और नौकरी के लिए दुबई में भी काम किया। लेकिन आखिरकार शुगफ्ता का जुनून और काम से मोहब्बत उन्हें मुंबई खींच लाई। आज शुगफ्ता बॉलीवुड की सबसे हिट फीमेल राइटर्स में टॉप पर गिनी जाती हैं। बॉलीवुड को दर्जन भर से ज्यादा सुपरहिट फिल्में देने वाली शुगफ्ता रफीक का जन्म 20 सितंबर 1986 को मुंबई में हुआ था। शुगफ्ता रफीक ने एक इंटरव्यू में अपनी निजी जिंदगी का पूरा खुलासा किया था। जिसमें शुगफ्ता ने बताया था कि शुगफ्ता बॉलीवुड अभिनेत्री सईदा खान की मां द्वारा गोद लीं गईं थीं। उन्हें असली मां-बाप के बारे में कोई जानकारी नहीं है। सईदा खान 60 और 70 के दशक की मशहूर हीरोइन रहीं हैं और कई फिल्मों में काम किया। सईदा खान का जीवन किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। सईदा खान को उनके पति बृज सदाना ने गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया था। शुगफ्ता बताती हैं कि मुझे घर में मेरी मां के अलावा मेरी बहन सईदा खान प्यार करती थीं। सईदा खान एक्टिंग कर घर का खर्चा चलातीं थीं। मैं काफी छोटी थी। लेकिन सईदा की शादी के बाद घर में खाने के लाले पड़ गए। मेरी मां घर चलाने के लिए कभी साड़ी तो कभी अन्य सामान बेचकर हमारा पेट भरती थी। कपड़े भी उतरन पहना करते थे। उस दौरान हमारी किसी ने भी मदद नहीं की। शुगफ्ता बतातीं हैं कि आर्थिक तंगी की वजह से मैंने 7वीं में ही पढ़ाई छोड़ दी थी। साथ ही मुझे गणित समझ नहीं आती थी। लेकिन मेरे आस-पास अंग्रेजी बोलने वाले लोग थे। जिसका मुझपर असर हुआ। शुगफ्ता ने बताया कि उन्होंने अपनी अंग्रेजी ठीक करने का फैसला लिया और घर के पास की लाइब्रेरी में जाकर किताबें पढ़ने लगीं। यहीं से शुगफ्ता को पढ़ने का शौक लगा और उन्होंने अंग्रेजी सुधार ली। मैं एक राइटर बनना चाहती थी। लेकिन कोई मुझे लेखनी के लिए मौका नहीं देता था। हालांकि मुझे डांस के लिए ऑफर आने लगे थे। इसके बाद शुगफ्ता के दोस्त ने उन्हें दुबई में नौकरी करने की सलाह दी। शुगफ्ता दुबई चलीं गईं और उन्होंने यहां बीयर बार में डांसर के तौर पर काम किया। इसके बाद गाने की दुनिया में आ गईं। हालांकि यहां से शुगफ्ता रफीक ने बॉलीवुड में अपना करियर बनाने का फैसला लिया और मुंबई लौट आईं। यहां आकर शुगफ्ता ने फिल्मों की कहानियां और डायलॉग लिखने का काम शुरू कर दिया। शुगफ्ता ने साल 2006 में वो लम्हे से अपने करियर की शुरूआत की। लेकिन साल 2007 में शुगफ्ता ने फिल्म आवारापन की कहानी और डायलॉग लिखे। इमरान हाशमी स्टारर ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने में सफल रही। इसके बाद शुगफ्ता का करियर भी चल निकला। आज शुगफ्ता बॉलीवुड की सबसे सुपरहिट राइटर्स में गिनी जाती हैं और अब तक 21 से ज्यादा फिल्मों की कहानियां-डायलॉग लिख चुकी हैं। बता दें कि शुगफता ने आशिकी-2, आवारापन, धोखा, राज-3, मर्डर-2 और जिस्म 2 समेत 21 से ज्यादा हिट फिल्मों के लिए कहानियां लिखी है।

# साडी में रवीना ने शादी समारोह की तस्वीरें की साझा



बालीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन ने एक शादी समारोह की अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरों में रवीना सफेद साड़ी में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। एक्ट्रेस ने अपने 85 लाख प्रशंसकों के साथ एक शादी की अपनी मनमोहक तस्वीरें साझा की। उनमें रवीना बॉर्डर पर मोती की सजावट वाली सफेद साड़ी पहने हुए एक बगीचे में पोज दे रही हैं। उन्होंने भारी मोती डिजाइन वाला मैचिंग ब्लाउज पहना है। मेकअप में रवीना ने चमकदार गुलाबी लिपस्टिक, काली आईलाइनर, आँखों में काजल लगा रखा है और गालों को हाइलाइट किया है। उन्होंने बीच में माँग निकाल रखी है और बालों का एक लो बन बना रखा है, जिस पर सफेद फूल लगे हुए थे। हाल ही में वेब सीरीज कर्मा कॉलिंग में नजर आईं एक्ट्रेस ने हरे और सफेद रंग का चोकर नेकलेस, मैचिंग अंगूठी, झुमके और मांग टीका पहना हुआ है। उन्होंने शाहिद कपूर और कृति सेनन अभिनीत फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया के गाने तुम से की धुन दी। पोस्ट को शीर्षक दिया है: वेडिंग व्हाइट्स...।

# फिल्म क्रू का जबरदस्त टीजर रिलीज, हो रही तारीफ

बालीवुड फिल्म क्रू का जबरदस्त टीजर हाल में रिलीज हुआ है, जिसकी हर तरफ प्रशंसा हो रही है। टीजर ने हर जगह ऑडियंस के उत्साह को सातवे आसमान पर पंहुचा दिया है। इस टीजर ने इस कमर्शियल फॅमिली फिल्म के रंगीन और मनोरंजन से भरपूर दुनिया की झलक दी है। इसमें तब्बू, करीना कपूर खान और कृति सेनन के बिलकुल नए और दमदार रोल्स नजर आ रहे हैं। इसके अलावा टीजर का दम यूट्यूब पर भी देखने मिल रहा है, जी हां! इसने अपने रिलीज के सिर्फ 24 घंटे के अंदर नंबर वन पर ट्रेंड किया है, साथ ही सोशल मीडिया पर इसे लेकर उत्साह भी जबरदस्त है। क्रू के टीजर को नेटिजन्स से खूब सारा प्यार मिला है, और यह इस बात का सबूत है कि यह सभी फिल्म के ट्रेलर की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ट्रेलर की रिलीज को लेकर नेटिजन्स का उत्साग साफ नजर आ रहा है, जो फिल्म को लेकर चर्चा और उत्सुकता को दर्शा रहा है। मीम्स के जरिए अपने उत्साह का इजहार करने के साथ-साथ, नेटिजन्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपने रिएक्शंस को भी एक्टिव रूप से शेयर किया है।

# मिसमैच्ड 3 की टीम ने हैदराबाद शेड्यूल किया पूरा

हाल ही में एक्टर रोहित सराफ ने साझा किया कि मिसमैच्ड 3 की टीम ने प्रोजेक्ट का हैदराबाद शेड्यूल पूरा कर लिया है। एक्टर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कुछ बिहाइंड-द-सीन पिक्चर्स पोस्ट कीं, जिसने उनके फैंस को उत्साहित कर दिया है। तस्वीरें रोहित और उनकी को-स्टार प्राजक्ता कोली की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री की एक बेहतरीन झलक देती हैं। एक्टर ने नेटफ्लिक्स ओरिजिनल में ऋषि सिंह शेखावत के किरदार से प्रसिद्धि हासिल की और खुद को नेशनल क्रश के रूप में स्थापित किया। फैंस उत्साह से भरे हुए हैं और वेब सीरीज में ऋषि के आर्क के विस्तार को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। रोहित की मुख्य भूमिका वाली यह सीरीज, अपने प्रतिभाशाली एक्टर्स के साथ, अपनी रिफ्रेशिंग स्टोरी और कभी न देखें किरदारों से मनोरंजन का एक अलग पहलू परोसने के लिए तैयार है।

# लाजवाब प्रस्तुति से वर्षा और श्रीरंग ने कर दिया हैरान

## - दोनों ने ओ हसीना जुल्फों वाली पर दी प्रस्तुति



**मुंबई (ईएमएस)।** रियलिटी शो डांस दीवाने के कंटेस्टेंट वर्षा और श्रीरंग ने 1966 की फिल्म तीसरी मंजिल के प्रतिष्ठित मोहम्मद रफी-आशा भोसले के ट्रैक ओ हसीना जुल्फों वाली पर प्रस्तुति दी। यह गाना शम्मी कपूर और हेलेन पर फिल्माया गया था। गुजरे जमाने के सितारों की तरह सजी वर्षा और श्रीरंग ने गेस्ट भाग्यश्री के साथ-साथ जजों माधुरी दीक्षित नेने और सुनील शेट्टी को भी हैरान कर दिया। डांसिंग के अलावा, वर्षा अपने साथी श्रीरंग को टिप्स देते हुए वायरल रील बनाने की आर्ट को मंच लाईं। उन्होंने कंटेंट क्रिएशन के बारे में ज्ञान दिया, अपने डांस पार्टनर को एक्टिंग की बारीकियों, रिंग लाइट के उपयोग और समय के महत्व के बारे में बताया। उनकी एक्टिंग क्लास से प्रभावित होकर सुनील ने मजाक में अनुरोध किया, मैंने सुना है आप रील की क्लास सिखाती हैं, कृपया मुझे भी सिखाएं। मैं खुद रील बनाऊंगा, मेरी टीम इतना पैसा लेती है। वर्षा ने सुनील शेट्टी और भाग्यश्री को रील बनाना सिखाया। शूटिंग के लिए शेट्टी पूरी तरह से ब्लैक आउटफिट में थे और उन्होंने साइकिल चलाई। जबकि मैंने प्यार किया की अभिनेत्री मैजेंटा साड़ी पहने साइकिल के सेंट्रल बार पर बैठी नजर आईं। सुनील शेट्टी ने कंटेस्टेंट्स के परफॉर्मेंस के बार में बात करते हुए कहा कि गाना ने भी ऐसा नॉस्टेल्जिया दे दिया, जो इस गाने के भाव के अनुरूप है। वाह, क्या फिल्मी रात थी! वर्षा, आपने क्या झूम के डांस किया, गाना खत्म होने के बाद भी चालू था। श्रीरंग, आप एक बैकग्राउंड डांसर थे, लेकिन आज डांस दीवाने की वजह से आप एक हीरो नजर आते हो। सब कुछ आउटस्टैंडिंग था। बधाई हो। रियलिटी शो डांस दीवाने के जज सुनील शेट्टी ने कंटेस्टेंट वर्षा कावले और श्रीरंग सखाराम से रील बनाना सीखा।

# आमिर खान के बेटे जुनैद की डेब्यू फिल्म 'महाराज' का फर्स्ट लुक टीजर रिलीज



बॉलीवुड में एक और स्टार किड सिल्वर स्क्रीन पर नजर आने वाला है। 'मिस्टर परफेक्शनिस्ट' के नाम से मशहूर आमिर खान के बेटे जुनैद खान फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करने जा रहे हैं। जुनैद की डेब्यू फिल्म 'महाराजा' का फर्स्ट लुक टीजर लॉन्च हो गया है। बताया जा रहा है कि फिल्म में जुनैद एक पत्रकार की भूमिका निभा रहे हैं। फिलहाल जुनैद के लुक और रोल को गुप्त रखा गया है। आमिर खान के बेटे जुनैद खान की फिल्मों में डेब्यू की चर्चा काफी समय से हो रही थी। वह फिल्म 'महाराज' से बतौर एक्टर डेब्यू करेंगे। फिल्म का फर्स्ट लुक हाल ही में रिलीज किया गया। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। नेटफ्लिक्स ने यशराज फिल्म्स के साथ तीन फिल्मों के लिए समझौता किया है। जुनैद खान की 'महाराज' के अलावा अनुपम खेर की 'विक्ट्री 69' और वाणी कपूर की 'मंडला मर्डर्स' भी रिलीज होगी। नेटफ्लिक्स ने इन तीनों फिल्मों का फर्स्ट लुक टीजर लॉन्च कर दिया है।

'महाराज' के फर्स्ट लुक टीजर में एक भव्य महल और नृत्य का दृश्य दिखाया गया है। बताया जा रहा है कि इस फिल्म में जुनैद एक पत्रकार की भूमिका निभा रहे हैं। हालांकि, फिलहाल जुनैद खान के रोल और लुक को गुप्त रखा गया है। जुनैद इस फिल्म के लिए काफी समय से तैयारी कर रहे हैं और काफी उत्साहित हैं। कुछ हफ्ते पहले उन्हें पिता आमिर खान और एक्ट्रेस साई पल्लवी के साथ जापान में शूटिंग करते हुए देखा गया था।

## सूडोकु नवताल- 6721

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| 3 | | | | 2 | | | 5 | |
| | | | 1 | | | | 8 | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | 7 | | | | 9 | | | |
| | 6 | | | 3 | | | | 2 |
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | | 8 | | | 7 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6720 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 8 | 5 | 2 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 5 | 7 | 9 | 8 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 6 | 2 | 4 | 8 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 7468

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | चि | न्ना | स्वा | मी | शि | ज | ब | न | र | ट |
| दा | रा | यू | न | आ | वा | ग्री | द | इ | ह | फि |
| वा | व | ना | पू | ने | जी | थ | न | ग | क | रो |
| न | ची | न | ते | श | ज | का | म | पा | त | ज |
| खे | त | ई | ड | न | गा | र्ड | न | ग | र्क | शा |
| ड़े | अ | म | सु | ल | अ | पू | न | मो | र | ह |
| ती | जं | सी | मे | ता | प | नु | श | हा | ज | को |
| क | ल | ग | रि | वि | ल | नी | प | ली | न | ट |
| ब्रे | बो | र्न | य | या | चि | क | री | म | प | ला |
| ज | ग | त | न | ज | ज | त्र | टो | जी | र्य | त |
| बे | बी | लो | नि | या | ल | ज | र | रा | त | थ |

शब्दजाल में 10 'खेल स्टेडियम' के नाम ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं

ईडन गार्डन, शिवाजी, वानखेड़े, ग्रीनपार्क, फिरोजशाह कोटला, चिन्नास्वामी, मोहाली, नेशनल, ब्रेबोर्न, तालकटोरा

### शब्दजाल - 7467 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | म | मा | गौ | त | म | बु | द्ध | गु | क | वि |
| हा | हा | सू | ह | का | ल | जी | स | ल | को | ज |
| त्मा | वी | रा | द | अं | त | त | र | मो | ल | अ |
| गां | र | दा | णा | ल | क | वा | दा | ह | व | र |
| धी | स्वा | न | ष | प्र | म | डे | र | म्म | सी | विं |
| दि | मी | य | स | जि | ता | क | प | द | गु | दो |
| ने | ह | बु | मां | या | म | प | टे | र | रु | घो |
| टी | पू | सु | ल्ता | न | पं. | सौ | ल | ट | ना | ष |
| मों | रे | त | सू | ह | रे | ने | ने | जे. | न | र |
| गि | ल | च | त्त | र | ट | क | ह | न | क | थ |
| या | अ | क | ब | र | बा | इ | र | रू | ह | धी |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग- 6421

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 7 | | | 3 | 4 |
| | 27 | 1 | 29 | 6 | 38 | |
| | 2 | | 4 | 5 | | 7 |
| 4 | 30 | | 27 | 1 | 31 | 6 |
| 7 | | 5 | 4 | | 2 | |
| 6 | 42 | | 39 | | 23 | 3 |
| | 5 | 4 | | 7 | 1 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### अष्टयोग 6420 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 7 |
| 6 | 31 | 2 | 28 | 3 | 30 | 1 |
| 1 | 6 | 7 | 3 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 33 | 4 | 29 | 1 | 31 | 6 |
| 3 | 7 | 1 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 7 | 34 | 6 | 35 | 7 | 40 | 3 |
| 2 | 3 | 5 | 1 | 6 | 7 | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# आठ साल बाद ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को घर में घुसकर हराया

## 172 रनों से जीता पहला टेस्ट

**वेलिंग्टन।** ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच 2 मैच की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला 29 फरवरी से वेलिंग्टन में खेला जा रहा था। इस मुकाबले में मेहमान टीम ऑस्ट्रेलिया ने कीवी टीम को 172 रन के बड़े मार्जिन से हरा दिया। बता दें कि 8 साल के लंबे समय के बाद ऑस्ट्रेलिया ने कीवी टीम को उन्हीं के घर में टेस्ट मैच हराया है। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड से कोई टेस्ट मैच उनके घर में 2016 में जीती थी। आइये जानते हैं आखिर पहले टेस्ट में क्या-क्या घटा। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया ने बल्लेबाजी करते हुए पहली इनिंग में 383 रन बना डाले। इसका श्रेय सिर्फ और सिर्फ कैमरन ग्रीन को जाता है, जिन्होंने 275 गेंदों में नाबाद 174 रन की लाजवाब पारी खेली है। इस पारी में ग्रीन के बल्ले से 23 चौके और 5 छक्के भी देखने को मिले। ग्रीन के अलावा मिचेल मार्श ने भी 40 रन बनाए। कीवी टीम की तरफ से पहली पारी में सर्वाधिक 5 विकेट मैट हेनरी ने लिए। इसके जवाब में न्यूजीलैंड पहली पारी में सिर्फ 179 रन बनाकर ही ढेर हो गई। महज ग्लेन फिलिप्स ने 71 रन की शानदार पारी खेली। इसके अलावा मैट हेनरी ने 42 तो टॉम ब्लंडल ने 33 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से सबसे ज्यादा 4 विकेट नेथन लायन ने लिए। दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी इतनी खास नहीं रही। वह 164 रन पर ही ऑल आउट हो गए। न्यूजीलैंड की ओर से ग्लेन फिलिप्स ने पंजा खोला। इसके चलते उन्होंने कुछ रिकॉर्ड भी अपने नाम किए। इस तरह ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड के सामने 369 रन का बड़ा टारगेट रखा।



## ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज विल पुकोवस्की के सिर में फिर लगी चोट

**होबार्ट।** ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज विल पुकोवस्की को रविवार को यहां तस्मानिया के खिलाफ शेफील्ड शील्ड मैच में विक्टोरिया की तरफ से खेलते हुए सिर में चोट लगने के कारण मैदान छोड़ना पड़ा। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे पुकोवस्की ने तब खाता भी नहीं खोला था जब रिले मेरडिथ का बाउंसर उनके हेलमेट पर लगा। यह केवल दूसरी गेंद थी जिसका वह सामना कर रहे थे। यह 26 वर्षीय खिलाड़ी इससे पहले भी कई बार सिर में चोट लगने के कारण कनकसन (हल्की बेहोशी की स्थिति) का शिकार बन चुका है। मेरडिथ की उठती हुई गेंद उनके हेलमेट के बाएं हिस्से में लगी। पुकोवस्की चोट लगने के बाद घुटनों के बल बैठ गए। उन्हें तुरंत ही चिकित्सा मदद मुहैया कराई गई। इसके बाद उन्होंने मैदान छोड़ दिया।

# टेस्ट सीरीज के अंतिम मुकाबले के लिए धर्मशाला के होटल पहुंचीं भारत-इंग्लैंड की टीमें



**धर्मशाला ( हि.स. )।** धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में 7 मार्च से खेले जाने वाले भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के अंतिम मुकाबले के लिए रविवार को दोनों टीमों के खिलाड़ी धर्मशाला पहुंच गए। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और कुछ खिलाड़ी अभी धर्मशाला नहीं पहुंचे हैं। खराब मौसम के बावजूद चंडीगढ़ से कांगड़ा एयरपोर्ट पर दोनों टीमों के खिलाड़ी एक ही विमान से पहुंचे। एयरपोर्ट से दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में अलग-अलग वाहनों से धर्मशाला में कंडी स्थित होटल ब्लू रेडिसन लाया गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों के ठहरने की व्यवस्था इसी होटल में की गई है। उल्लेखनीय है कि एचपीसीए के धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में 7 मार्च से 11 मार्च तक टेस्ट सीरीज का पांचवां व आखिरी टेस्ट मैच खेला जाना है। सीरीज भारत पहले ही तीन-एक से अपने नाम कर चुका है। वहीं धर्मशाला टेस्ट को जीतकर वह इस जीत को चार-एक करने के लिए उतरेगा। वहीं, इंगलैंड की टीम सीरीज के अंतिम मुकाबले को जीतकर इसे तीन-दो करने के लिए मशक्कत करेगी। रविवार सुबह जैसे ही दोनों टीमों के खिलाड़ी कांगड़ा एयरपोर्ट पहुंचे, तब मौसम खराब होने के चलते बूंदाबांदी हो रही थी। हल्की बूंदाबांदी ने दोनों टीमों का स्वागत किया। एचपीसीए के पदाधिकारी भी दोनों टीमों को रिसीव करने के लिए एयरपोर्ट पहुंचे हुए थे। उधर एचपीसीए के ज्वाइंट सेक्रेटरी विशाल शर्मा ने बताया कि इंग्लैंड टीम के सभी खिलाड़ियों का आगमन हो चुका लेकिन भारतीय टीम के कुछ खिलाड़ी टेस्ट मैच से पहले धर्मशाला पहुंचेंगे, जिनमें भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा भी हैं। उन्होंने बताया कि दोनों टीमों के खिलाड़ियों का स्वागत हिमाचली संस्कृति के मुताबिक होटल में किया गया। एचपीसीए टेस्ट मैच के लिए पूरी तरह तैयार है। पिछले तीन दिन से हो रही लगातार बारिश के चलते सोमवार को होने वाला प्रैक्टिस सेशन रद्द करना प ?ा है। एचपीसीए के प्रेस सचिव मोहित सूद ने बताया कि सोमवार को दोनों टीमों ने प्रेक्टिस के लिए क्रिकेट स्टेडियम पहुंचना था लेकिन लगातार हो रही बारिश के चलते मैदान की आउटफील्ड गीली है। जिसके चलते कल का प्रैक्टिस सेशन रद्द कर दिया गया है।

## उप्र रोइंग एसोसिएशन की अध्यक्ष बनीं विधायक रानी पक्षालिका

**लखनऊ ( हि.स. )।** उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन की रविवार को आमसभा की बैठक में हुए चुनावों में भाजपा की विधायक रानी पक्षालिका सिंह को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुन लिया गया है। रविवार को होटल गोल्डन ट्यूलिप में हुए चुनावों में राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा पुनः मुख्य संरक्षक के पद पर चुने गए, जबकि सचिव के पद पर सुधीर शर्मा पुनः निर्वाचित हुए हैं। कोषाध्यक्ष के पद पर कविता अग्रवाल को चुना गया। चयन समिति के चेयरमैन आदित्य मिश्रा (आईपीएस) बने। उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के पर्यवेक्षक एसके तिवारी (ओएसडी), उत्तर प्रदेश खेल विभाग के पर्यवेक्षक अजय कुमार सेठी (क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी लखनऊ) व रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के पर्यवेक्षक केके. सिंह की निगरानी में हुए इन चुनावों में सभी पदों पर सर्वसम्मति से निर्वाचन हुआ। चुनाव के बाद रिटर्निंग आफिसर रविन कपूर व सहायक रिटर्निंग आफिसर अखिलेश तिवारी (एडवोकेट हाईकोर्ट) ने परिणामों की घोषणा की। इसके साथ श्रीमती रेणुका मिश्रा (आईपीएस) चेयरमैन के पद पर बनीं। **उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन की कार्यकारिणी- मुख्य संरक्षक** : डॉ. दिनेश शर्मा (राज्यसभा सांसद) **अध्यक्ष** : रानी पक्षालिका सिंह (एमएलए) **उपाध्यक्ष** : हीरालाल यादव, राना राहुल सिंह **सचिव** : सुधीर शर्मा **कोषाध्यक्ष** : कविता अग्रवाल **संयुक्त सचिव** : राजन निषाद, संदीप अरोरा **कार्यकारिणी सदस्य** : जागृति गुप्ता, अजय भदौरिया, सुमन चौधरी, अखिलेश सिंह, निशांत जायसवाल **चेयरमैन** : रेणुका मिश्रा (आईपीएस), **चेयरमैन चयन समिति** : आदित्य मिश्रा (आईपीएस), **तकनीकी सचिव** : एसएम भट्ट, राज शर्मा-सहायक **आईटी सलाहकार** : डॉ. आलोक सोती, अक्षत **विधिक सलाहकार** : पारितोष शर्मा- एडवोकेट

# आकाश चोपड़ा को उम्मीद, आईपीएल 2024 में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे ईशान किशन



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा का मानना है कि ईशान किशन खेल में अपने कठिन समय के बीच भी आईपीएल 2024 में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए हर संभव कोशिश करेंगे। युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज को हाल ही में घरेलू क्रिकेट में खेलने से इनकार करने के बाद बीसीसीआई केंद्रीय अनुबंध से हाथ धोना पड़ा। व्यक्तिगत कारणों का हवाला देकर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की टेस्ट श्रृंखला से बाहर होने के बाद किशन दिसंबर से लंबे समय से क्रिकेट से दूर हैं। किशन ने कथित तौर पर भारतीय टीम प्रबंधन से छुट्टी मांगी थी क्योंकि वह मानसिक थकान से उबरने के लिए घर लौटना चाहते थे जिसे टीम प्रबंधन और चयनकर्ताओं दोनों से समर्थन मिला। भाग्य स्पष्ट रूप से उनके पक्ष में नहीं था। बीसीसीआई द्वारा 28 फरवरी को जारी 2023-2024 के लिए अपनी वार्षिक प्रतिधारण अनुबंध सूची से किशन को बाहर करने के बाद बल्लेबाज के लिए स्थिति और खराब हो गई। दिसंबर 2023 के बाद से कोई अन्य क्रिकेट भागीदारी नहीं होने के कारण आकाश चोपड़ा का मानना है कि इशान किशन आगामी आईपीएल में फॉर्म में वापसी की कोशिश करेंगे। चोपड़ा ने कहा कि इशान किशन भूखे होंगे क्योंकि उन्हें केंद्रीय अनुबंध नहीं मिला है। यही एकमात्र चीज है जो वह खेल रहे हैं। वह और क ?या खेल रहे हैं ? इंग्लैंड श्रृंखला से उनकी अनुपस्थिति और फिर घरेलू क्रिकेट खेलने के लिए उनकी कथित अनिच्छा के बारे में बात करते हुए चोपड़ा का मानना है कि किशन को आईपीएल 2024 में पुनरुद्धार के अपने मौके का पूरा फायदा उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि या तो उन्होंने खुद नहीं खेलने का विकल्प चुना है, या अब उनका चयन नहीं किया जाएगा। तो यह उनका मौका है। यदि आप आईपीएल को अपना बनाते हैं तो आपके पास आगे बढ़ने की संभावना है। फिर निश्चित रूप से वानखेड़े की सपाट पिच है, गेंद बल्ले पर अच्छे से आएगी और दूर तक जाएगी।

# पेपरी अवेंजर्स ने जीता पीएसपीएल का खिताब



**प्रयागराज ( हि.स. )।** पेपरी अवेंजर्स ने बजरंग फिनिक्स को 11 रन से हराकर प्रयागराज सिंधी प्रीमियर लीग के खिताब पर कब्जा जमा लिया। मुख्य अतिथि सिंधी समाज के वरिष्ठ सदस्य हरगुन दास ने विजेता टीम को ट्रॉफी एवं 51,000 रुपये और उपविजेता को 21,000 रुपये नगद पुरस्कार प्रदान किया। लूकरगंज मैदान पर रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में पेपरी अवेंजर्स ने 5 ओवर में पांच विकेट पर 53 रन (विपिन खत्री 23 नाबाद, करण कुकरेजा 2-13) बनाकर बजरंग फिनिक्स को 5 ओवर में चार विकेट पर 42 रन (जय वाधवानी 17, शैलेंद्र वाधवानी 12 नाबाद, विवेक मध्यान 2-15, विपिन खत्री 1-02, अनिमेष लखवानी 1-09) पर समेट दिया। विपिन खत्री को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इससे पूर्व पहले सेमीफाइनल में बजरंग फिनिक्स ने एसपीवीआरएन को 11 रन से हराया। बजरंग फिनिक्स ने 5 ओवर में एक विकेट पर 48 रन (जय वाधवानी 26 नाबाद) बनाकर एसपीवीआरएन को 5 ओवर में 37 रन (रिशु चांदनी 13, करण कुकरेजा 3-16, शैलेंद्र वाधवानी 1-05) पर सीमित किया। दूसरे सेमीफाइनल में पिपरी अवेंजर्स ने भेलारी ग्लाइडर्स को 10 विकेट से हराया। भेलारी ग्लाइडर्स ने 5 ओवर में 43 रन (तन्मय आहूजा 09, मोहनीश मदनानी 2-11, विपिन खत्री 1-09) बनाए। जवाब में पेपरी अवेंजर्स ने 2.5 ओवर में बिना विकेट खोए 48 रन (मोहनीश मदनानी 33 नाबाद, अनिमेष लखवानी 11 नाबाद) बना लिए। तीनों मैच में खुर्शीद अहमद व मोहम्मद नबी ने अम्पायरिंग और सूरज भारतीय ने स्कोरिंग की। केतन धनवानी को बेस्ट बैटर, विवेक मध्यान को बेस्ट बॉलर और जय वाधवानी को मैन ऑफ दि टूर्नामेंट चुना गया। ऋषि केशवानी, मनोज बसंतानी, तुषार आहूजा ने अतिथियों का स्वागत, प्रतीक ऐलानी ने धन्यवाद ज्ञापन और निखिल मलंग ने समारोह का संचालन किया।

## सांसद खेल महाकुम्भ : पांच को रोहित शर्मा व राहुल द्रविड़ करेंगे शुभारंभ

**ऊना ( हि. स. )।** सांसद खेल महाकुंभ के तीसरे संस्करण का शुभारंभ बिलासपुर के लुहणू क्रिकेट स्टेडियम में पांच मार्च को होने जा रहा है। इसके तहत ल ?कों व ल ?कियों के वर्ग में वॉलीबॉल, कबड्डी, क्रिकेट, बास्केटबॉल व एथलेटिक्स स्पर्धाएं होंगी। अहम बात यह है कि खेल महाकुंभ के तीसरे संस्करण का शुभारंभ करने के लिए हिटमैन के नाम से प्रसिद्ध भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और द वॉल के नाम से पहचाने जाने वाले पूर्व कप्तान एवं मौजूदा कोच राहुल द्रवि ? केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के साथ बिलासपुर आ रहे हैं। भाजपा प्रदेश सचिव सुमीत शर्मा ने बताया कि खेल महाकुंभ के शुरुआती दो संस्करणों में गांव व पंचायत स्तर पर हजारों युवा अपनी भागीदारी जता चुके हैं। इस आयोजन के तीसरे संस्करण की शुरुआत 5 मार्च को बिलासपुर से होने जा रही है। इन केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के साथ दोनों दिग्गजों की प्रेरणा युवाओं को खेलों से जोड़ने में अहम भूमिका निभाएगी। सुमीत ने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं। ऐसे में युवाओं का नशे की गिरफ्त में फंसना बेहद चिंताजनक है। इसी को ध्यान में रखकर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने दूरगामी सोच का परिचय देते हुए युवाओं को नशा मुक्त-खेल युक्त बनाने के लिए सांसद खेल महाकुंभ की शुरुआत की थी। इसके प्रथम संस्करण का शुभारंभ भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मास्टर-ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने धर्मशाला स्टेडियम में अनुराग ठाकुर की मौजूदगी में किया था। इस आयोजन के दो संस्करणों में पंचायत व गांव स्तर की 3700 से अधिक टीमों के माध्यम से 87,400 से ज्यादा खिलाड़ी विभिन्न स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित कर चुके हैं। पहले दो संस्करणों में प्रतिभागियों को लगभग 70 लाख रुपये की ईनामी राशि दी गई है। इस आयोजन से कई प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को एक मजबूत प्लेटफॉर्म भी मिला है, जो खेलों में आगे बढ़ने की दृष्टि से उनके लिए मददगार साबित हुआ है।

## टॉपसेम-एएसजेए मीडिया स्पोर्ट्स फेस्टिवल का शुभारंभ




**गुवाहाटी।** असम स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन (एएसजेए) ने आज गुवाहाटी में टॉपसेम-एएसजेए मीडिया स्पोर्ट्स फेस्टिवल का आयोजन किया। बैडमिंटन टूर्नामेंट का पहला दिन राखा गोविंद बरुवा खेल परियोजना के कनकलता इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया गया। टूर्नामेंट पुरुष टीम और एकल वर्ग में आयोजित किया गया था और महिला एकल बैडमिंटन टूर्नामेंट पुरुष टीम और एकल वर्ग में आयोजित किया गया था एकल फाइनल में, बोरा ने उसी समाचार एजेंसी के जे अची चेतिया को हराया, जबकि प्राग न्यूज के बोरा और चेतिया ने टीम फाइनल में असम ट्रिब्यून के ऋतुराज बरठाकुर और शिवाशीष ठाकुर को हराया। इससे पहले टीम वर्ग के सेमीफाइनल में प्राग न्यूज ने अकासवानी, गुवाहाटी केंद्र और असम ट्रिब्यून ने एएसजेए को हराया था। पुरुष एकल सेमीफाइनल में ज्ञान रंजन बोरा ने ऋतुराज बरठाकुर को और जे अची चेतिया ने शिवाशीष ठाकुर को हराया। महिला एकल फाइनल में नॉर्थ ईस्ट लाइफ की सियोदा रेस्मा हैदर ने प्राग न्यूज की रित्जू कलिता को हराकर खिताब जीता। इस साल के मीडिया स्पोर्ट्स फेस्टिवल में बैडमिंटन, टेबल टेनिस, शतरंज, सेवन-ए-साइड फुटबॉल और टी-20 क्रिकेट शामिल होंगे 2013 बदरुद्दीन अहमद टेबल टेनिस टूर्नामेंट कल सुबह 10 बजे से आरजी बरुआ स्पोर्ट्स प्रोजेक्ट के एबिट इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। टेबल टेनिस में पुरुष टीम और एकल वर्ग के साथ-साथ महिला एकल वर्ग के भी मुकाबले होंगे। पुरुष और महिला शतरंज टूर्नामेंट 6 मार्च को, हरेंद्र नाथ बरुआ मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट 18 मार्च को और ट्वेंटी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट 19 और 20 मार्च को नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।

# क्राइस्टचर्च टेस्ट के लिए वैगनर की हो सकती है संन्यास से वापसी

**वेलिंगटन।** तेज गेंदबाज विल ओ रूर्के के चोटिल होने के बाद न्यूजीलैंड की टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे और अंतिम टेस्ट के लिए संन्यास ले चुके तेज गेंदबाज नील वैगनर को टीम में वापसी करा सकती है। मेजबान टीम को रविवार को यहां दो मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट में 172 रन की करारी हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बाद कप्तान टिम साउथी ने कहा कि वैगनर के लिए दरवाजे बंद नहीं हुए हैं। 64 टेस्ट मैचों में 260 विकेट लेने वाले वैगनर ने पिछले सप्ताह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा था। दक्षिण अफ्रीका में जन्मे इस तेज गेंदबाज को जब पता चला कि वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में उन्हें टीम में जगह नहीं मिलेगी तो उन्होंने संन्यास की घोषणा कर दी। श्रृंखला का दूसरा टेस्ट आठ मार्च से खेला जायेगा। साउथी ने कहा कि हमने अगले मैच के लिए टीम को लेकर अभी तक बहुत अधिक चर्चा नहीं की है। हम देखेंगे कि विल की चोट कैसी है। फिजियो ने अभी उनके उबरने के बारे में नहीं बताया है। मुझे यकीन है कि अगले 24 घंटों में स्थिति साफ हो जायेगी। उन्होंने कहा कि अगर विल चोटिल रहता है तो हमें स्पष्ट रूप से आगे बढ़ना होगा और निर्णय लेना होगा कि टीम में कौन आयेगा। (वैगनर का) को पिछले सप्ताह यहां शानदार स्वागत मिला था। उन्हें मैदान पर कुछ पल देखने का मौका मिला और जाहिर तौर पर वह लंबे समय से प्रशंसकों के पसंदीदा रहे हैं। इस बीच ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने वैगनर को संन्यास से वापस आने का समर्थन किया।



# पॉप सिंगर रिहाना के साथ जाह्नवी कपूर ने लगाए झिंगाट गाने पर ठुमके

जामनगर में इस समय कई बड़े सेलिब्रिटीज शामिल हुए हैं। ये मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी के लिए खास मौका है। अनंत अंबानी जल्द ही राधिका मर्चेंट के साथ शादी करेंगे। फिलहाल जामनगर में उनकी प्री-वेडिंग का फंक्शन चल रहा है जो कल तक यानी 3 मार्च तक चलेगा। 1 मार्च की रात कॉकटेल पार्टी हुई जिसमें सभी सितारे शामिल हुए। पॉप सिंगर रिहाना का भी एक परफॉर्मेंस हुई, बाद में सभी ने पार्टी एन्जॉय की।

कॉकटेल पार्टी में जाह्नवी कपूर का रिहाना के साथ मस्तीभरा डांस वीडियो सामने आया है। इस वायरल वीडियो में जाह्नवी ने अपनी फिल्म धड़क के सुपरहिट गाने झिंगाट पर रिहाना के साथ डांस किया। दोनों की बेहतरीन जुगलबंदी नजर आई और दोनों काफी मस्ती के साथ ये डांस करती नजर आईं।

जाह्नवी कपूर ने इंस्टाग्राम पर अपने और रिहाना का डांस वीडियो शेयर किया है। दोनों इस वीडियो में काफी मस्ती के मूड में नजर आईं। जाह्नवी ने इसमें लिखा, ये लेडी एक देवी है। इसे बांद करो, अलविदा इसके साथ ही आपको बैकग्राउंड में झिंगाट गाना सनाई दे रहा होगा जो जाह्नवी की ही फिल्म का गाना है। इस वीडियो में आप देख सकते हैं कि रिहाना और जाह्नवी दोनों झिंगाट गाने पर ठुमके लगा रही हैं। दोनों इस दौरान काफी मस्तीभरे मूड में नजर आईं। रिहाना ने इस कार्यक्रम में एक सोलो परफॉर्मेंस दी और मेहमानों को भरपूर एंटरटेन भी किया। इसके बाद रिहाना ने सभी सितारों के साथ मुलाकात की और डांस फ्लोर पर डांस भी किया। अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की प्री-वेडिंग में रिहाना के अलावा मार्क जकरबर्ग, बिल गेट्स समेत कई इंटरनेशनल सेलिब्रिटीज पहुंचे। वहीं बॉलीवुड के तो लगभग सभी बड़े सितारे अनंत फैमिली के खास मौके पर शामिल हुआ है। इसमें शाहरुख खान एंड फैमिली, वरुण धवन एंड फैमिली, सिद्धार्थ मल्होत्रा एंड फैमिली, सैफ अली खान एंड फैमिली सलमान खान, अक्षय कुमार, अजय देवगन, कैटरीना कैफ समेत लगभग सभी बॉलीवुड सेलेब्स जामनगर में हैं.

# वाइल्ड कार्ड प्रतियोगी मनीषा रानी ने जीता इस साल का झलक दिखला जा शो




पॉपुलर रियलिटी शो झलक दिखला जा-11 में वाइल्ड कार्ड प्रतियोगी मनीषा रानी को विजेता घोषित किया गया है। मनीषा ने शोएब इब्राहिम सहित चार अन्य प्रतियोगियों को पछाड़कर ट्रॉफी पर कब्जा किया है। मनीषा को ट्रॉफी के साथ 30 लाख रुपये नकद का भी पुरस्कार मिला है। मनीषा के कोरियोग्राफर आशुतोष पवार को भी 10 लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी गई। इतना ही नहीं, मनीषा और उनके कोरियोग्राफर को अबू धाबी के यस आइलैंड की मुफ्त यात्रा भी मिलेगी। मनीषा ने शो के ग्रैंड फिनाले में ट्रॉफी थामे हुए कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। मनीषा ने फोटो को कैप्शन के साथ लिखा कि सपने सच होते हैं। आज आपकी सराहना करना काफी नहीं है...बिहार के एक छोटे से गांव की एक लड़की ने एक बड़ा सपना देखा और पूरा भारत उस सपने को पूरा करने के लिए एकजुट हो गया। उन सभी को धन्यवाद, जिन्होंने मुझे झलक के सफर में इतना प्यार दिया और ट्रॉफी दी। मैं बस इतना ही कह सकती हूं कि आपकी तारीफ में क्या कहें, आप हमारी जान बन गईं। मैं बहुत खुश हूं। उन्होंने अनोखे अंदाज में अपने फैंस का शुक्रिया अदा किया है। झलक दिखला जा के शीर्ष पांच प्रतियोगियों में मनीषा के साथ शोएब इब्राहिम, श्रीराम चंद्र, अद्रिजा सिन्हा और धनश्री वर्मा शामिल थे। सिर्फ मनीषा ही नहीं बल्कि धनश्री वर्मा को भी वाइल्ड कार्ड एंट्री मिली थी और उन्होंने टॉप फाइव में जगह बनाई।

# अनंत अंबानी की प्री-वेडिंग सेरेमनी में शाहरुख खान ने लगाए जय श्री राम के नारे



मशहूर बिजनेसमैन मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी की प्री-वेडिंग सेरेमनी के कार्यक्रम गुजरात के जामनगर में हो रहे हैं। प्री-वेडिंग सेरेमनी में बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक के तमाम कलाकार शामिल हुए हैं। प्री-वेडिंग के पहले दिन के बाद दूसरे दिन भी इस सेरेमनी में एक्टर्स ने खूब मस्ती की। अनंत-राधिका ने अपने भाषण से लोगों का दिल जीत लिया, वहीं शाहरुख खान ने भी इस समारोह में जय श्री राम के नारे लगाये। प्री-वेडिंग सेरेमनी में सलमान खान, आमिर खान, रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण, कियारा आडवाणी समेत कई सितारे शामिल हुए। इस कार्यक्रम में पॉप गायिका रिहाना भी शामिल हुईं, जिन्होंने अपने गीतों से सभी मेहमानों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान बॉलीवुड सिंगर दिलजीत दोसांझ ने भी हिट सॉन्ग तेरा नई मैं लवर पर परफॉर्म किया। इस बीच शाहरुख खान ने अंबानी परिवार का खूबसूरत परिचय दिया। उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत जय श्री राम के नारे से की। इस दौरान किंग शाहरुख खान ने कहा कि आप सभी ने डांस परफॉर्मेंस देखी। सभी भाइयों ने नृत्य किया, बहनों ने नृत्य किया... लेकिन इस समारोह की बात करें तो प्रार्थना और आशीर्वाद के बिना यह समारोह आगे नहीं बढ़ सकता। तो आइए मैं आप सभी को अंबानी परिवार की पावरपफ गर्ल्स से मिलवाता हूं, जो परिवार की त्रिमूर्ति हैं- सरस्वती, लक्ष्मी और पार्वती।% इसके बाद शाहरुख खान ने कोकिलाबेन अंबानी, पूर्णिमा दलाल और देवयानी खिमजी का नाम लिया। रविवार को अनंत अंबानी-राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन का तीसरा और आखिरी दिन है। टस्कर ट्रेल्स और सिग्नेचर कार्यक्रम होंगे। टस्कर ट्रेल्स एक आउटडोर कार्यक्रम होगा, जहां मेहमानों को जामनगर की सुंदरता दिखाई जाएगी तो वहीं दूसरे इवेंट में सभी भारतीय परिधान में नजर आएंगे।




मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।
संपादक : राकेश शर्मा, मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 (संपादकीय) e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, (सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)